RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 61
नई दिल्ली, शनिवार, 6 जनवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दूसरे टेस्ट में रवैए में बदलाव से चीजें बदलीं: राहुल
स्पोर्ट्स-12

# टीएमसी के गुंडों ने ईडी अफसरों पर किया हमला

**सौगर सेनगुप्ता।** संदेशखाली



उत्तरी 24 परगना में टीएमसी समर्थकों के हमले में घायल ईडी अफसर।

**छापेमारी** के लिए जा रहे है प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों और उनको एस्कॉर्ट कर रहे केंद्रीय बलों के जवानों पर शुक्रवार को बांस, ईंट-पत्थर आदि से लैस तृणमूल कांग्रेस के दो हजार समर्थकों ने हमला बोल दिया और उनका पीछा किया। इस हमले में कई अफसर जख्मी हो गए। यह घटना कोलकाता से लगभग 40 किमी पूर्व उत्तर 24 परगना के संदेशखाली पुलिस स्टेशन के सरबेरिया गांव में हुई। जहां अधिकारी करोड़ों रुपये के राशन घोटाले के मामले में टीएमसी के ताकतवर नेता एसके शाहजहां की संपत्तियों की जांच के लिए उनके ठिकानों छापेमारी करने जा रहे थे। इस घोटाले में पहले ही खाद्य मंत्रालय के प्रभारी बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को पिछले अक्टूबर में जेल जा चुके हैं।

एक अधिकारी ने कहा, 'हम सुबह लगभग 8 बजे एसके शाहजहां के घर पर छापेमारी कर रहे थे। सीआरपीएफ के जवान ताले तोड़ रहे थे। अचानक महिलाओं सहित हजारों लोग लाठी-डंडों, बांसों से लैस होकर सभी दिशाओं से आए। उन्होंने हमें इधर-उधर धकेल दिया और फिर हम पर हमला किया... हमारे वाहनों को तोड़ दिया गया और अपनी जान बचाने के लिए हमें जहां जगह मिली उधर भाग लिए।' सूत्रों ने बताया कि घायलों में एक सहायक निदेशक स्तर का अधिकारी भी शामिल है। घायल अफसरों को कोलकाता में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जब सैकड़ों हथियार बंद लोगों ने हमला बोला तो सीआरपीएफ के जवानों को पीछे हटना पड़ा, जबकि ईडी के कुछ अधिकारी ऑटो रिक्शा और टोटो पर सवार होकर वहां से भागे निकले। सूत्रों ने बताया कि जहां कुछ लोगों ने स्थानीय पुलिस चौकी में शरण ली, वहीं अन्य लोग नदी के किनारे चले गए और उन्हें पुलिस नौकाओं से पार कराया गया। हमलावरों के अलावा क्षेत्र के कुछ लोगों ने भी हाथापाई की। अत्यधिक संयम दिखाने के लिए केंद्रीय बलों की लोगों ने प्रशंसा की। सुबह स्कूल जा रहे एक स्थानीय शिक्षक ने कहा, 'केंद्रीय बलों ने गोलीबारी न करके बहुत ही पेशेवर तरीके से काम किया... अगर उन्होंने ऐसा किया होता तो कई लोग हताहत होते और इससे क्षेत्र में तबाही मच सकती थी।'

हमला सोची समझी साजिश थी। इस बात को उन रिपोर्टों से भी बल मिला है कि भाग रहे अधिकारियों को कोलकाता के रास्ते में बसंती राजमार्ग पर रोक दिया गया था। एक स्थानीय दुकानदार ने कहा, उनके रास्ते को ट्रकों ने अवरुद्ध कर दिया था। उन्हें उनके वाहनों से बाहर खींच लिया गया और बांस के डंडों से मारा गया। मैंने देखा कि उनमें से दो को सिर पर चोट लगी थी। एक का बहुत खून बह रहा था। हम इतने डर गए थे कि हम मदद के लिए नहीं जा सके। घायल अधिकारी पास के स्वास्थ्य केंद्र में जाने के लिए भी तैयार नहीं थे... वे किसी तरह ऑटो रिक्शा लेने में कामयाब रहे।'

रुंधे गले से एक अधिकारी ने कहा, 'जब आप अनजान जगह पर चारों तरफ से एक हजार हथियारबंद लोगों से घिरे हों तो आप क्या करेंगे। यह गांव था और हममें से कई लोगों को सुरक्षा के लिए धान के खेतों में कूदना पड़ा। हम राष्ट्रीय कर्तव्य निभा रहे हैं...क्या हम लड़ाकू लोग हैं या हम डाकू हैं। छापेमारी 10 स्थानों पर ईडी की कार्रवाई का हिस्सा थी, जिसमें बोंगांव में टीएमसी नेता शंख आध्या और उत्तर 24 परगना में एसके शाहजहां के परिसर शामिल थे। राशन घोटाले में उनके कथित संबंधों को लेकर उनके परिसरों पर छापेमारी की जा रही थी। यह भी आरोप है कि आध्या मनी ट्रेडिंग में शामिल रहा है और एजेंसियां भर्ती में मनी लॉन्ड्रिंग और राशन घोटालों में उसकी संभावित भूमिका की जांच कर रही थीं। घटना पर अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने कहा, 'सुरक्षा प्रदान करना राज्य पुलिस का कर्तव्य है लेकिन बंगाल में चीजें अलग तरह से काम करती हैं जहां सुरक्षा बलों पर नियमित हमले होते रहते हैं। (शेष पेज 9)

# घटिया दवा मामले की सीबीआई जांच को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में घटिया दवाओं की आपूर्ति के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीबीआई यह भी जांच करेगी कि क्या मोहल्ला क्लीनिक के माध्यम से इन दवाओं का वितरण किया गया है नहीं। पिछले वर्ष दिसंबर में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना ने गृह मंत्रालय से मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सक्सेना ने कहा कि ये दवाएं कथित तौर पर गुणवत्ता मानक परीक्षण में विफल रहीं और दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे अस्पतालों में लोगों की जान के लिए संभावित खतरा बन सकती थीं। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने जांच का अनुरोध करते हुए गृह मंत्रालय को पत्र लिखा था। पत्र के मुताबिक, इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि क्या जो दवाएं केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) ने खरीदी हैं, वही दवाएं मोहल्ला क्लीनिक के जरिए मरीजों को बांटी भी जा रही हैं या नहीं।

पत्र में कहा गया कि घटिया दवाओं की आपूर्ति के लिए कोई भी कार्रवाई सीपीए तक सीमित नहीं होनी चाहिए और इन दवाओं की आपूर्ति करने वाली सभी कड़ियों की जांच की आवश्यकता है। पत्र में कहा गया है कि साथ ही उन आपूर्तिकर्ताओं की भूमिका की भी जांच की जानी चाहिए, जिन्होंने दवा बनाने वाली कंपनियों से दवाएं खरीदीं और अंतिम उपयोगकर्ता यानी अस्पताल (मरीज) को प्रदान की। सतर्कता निदेशालय ने पत्र में कहा, इसके अलावा घटिया दवाओं की आपूर्ति के मामले की गंभीरता और उद्देश्यों को समझने के लिए कॉर्पोरेट संबंधों से पर्दा उठाने की जरूरत है। जो दवाएं घटिया गुणवत्ता की पाई गईं, उनमें फेफड़े और मूत्र मार्ग के संक्रमण (यूटीआई) के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली महत्वपूर्ण जीवन रक्षक एंटीबायोटिक जैसे सेफैलेक्सिन शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस सूची में डेक्सामेथासोन (स्टेरॉयड) भी शामिल है, जिसका उपयोग फेफड़ों व जोड़ों में गंभीर सूजन और शरीर में सूजन को ठीक करने के लिए किया जाता है। (शेष पेज 9)

# भारतीय नौसेना के जांबाजों ने अपने नागरिकों को बचा लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारतीय** नौसेना के जांबाज कमांडों ने शुक्रवार को त्वरित कार्रवाई की और एक अपहृत पोत को रोककर 15 भारतीयों सहित चालक दल के कई सदस्यों को सकुशल मुक्त करा लिया। लाइबेरिया के ध्वज वाले जहाज एमवी लीला नोरफोक को सोमालिया के तट से अपहरण कर लिया गया था। सभी भारतीय सुरक्षित हैं और नौसेना के विशिष्ट समुद्री कमांडो (मार्कोस) अब उत्तरी अरब सागर में जहाज पर तलाशी अभियान में लगे हुए हैं। यहां बचाव अभियान की जानकारी देते हुए नौसेना के अधिकारियों ने कहा कि भारतीय युद्धपोत आईएनएस चेन्नई ने शुक्रवार दोपहर करीब सवा तीन बजे अपहृत जहाज को रोका और करीब पांच की संख्या में समुद्री डाकुओं से जहाज छोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि समुद्री गश्ती विमान, प्रीडेटर एमक्यूबी और इंटीग्रल हेलीकॉप्टरों का उपयोग करके इसे निरंतर निगरानी में रखा गया था। भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो अपहृत जहाज पर सवार हो गए और तलाशी शुरू कर दी है।

'एमवी लीला नॉरफ़ॉक' का बृहस्पतिवार देर शाम सोमालिया के तट के पास अपहरण कर लिया गया था। अपहरण की रिपोर्ट ब्रिटिश सैन्य संगठन यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) द्वारा की गई थी। यूकेएमटीओ रणनीतिक जलमार्गों में विभिन्न जहाजों की गतिविधियों पर नज़र रखता है। घटना के बाद भारतीय नौसेना ने अपने विध्वंसक आईएनएस चेन्नई को तैनात किया और नौसेना के एक विमान ने लगातार अपहृत जहाज पर नज़र रखी। इसका सोमालिया से 300 समुद्री मील पूर्व में समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था। यह पोर्ट डु एको (ब्राजील) से चल रहा था और बहरीन में खलीफा बिन सलमान के लिए जा रहा था।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय नौसेना के समुद्री गश्ती विमान ने शुक्रवार तड़के जहाज के ऊपर से उड़ान भरी और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जहाज से संपर्क स्थापित किया। 'भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्र देशों के साथ क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी की सुरक्षा निश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।' पिछले महीने नौसेना ने हालिया नौवहन हमलों के बाद 'एक निवारक उपस्थिति बनाए रखने' के लिए समुद्र में कई युद्धपोत तैनात किए थे, जिसमें भारत के तट के पास एक ड्रोन हमला भी शामिल था, जिसके लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान को दोषी ठहराया था। (शेष पेज 9)

# जमा देने वाली ठंड की गिरफ्त में दिल्ली

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**दिल्ली** शुक्रवार को अधिकतम तापमान गिरकर 14.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से पांच डिग्री कम है। आधा दर्जन मौसम केंद्रों ने अधिकतम तापमान 13 के आसपास दर्ज किया है। यह अब तक सीजन का सबसे कम और सीजन का दूसरा ' ठंडा दिन' है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में वायुमंडल के ऊपरी स्तर पर घना कोहरा पूरे दिन छाए रहने की संभावना है, जिससे सूर्य की रोशनी अवरुद्ध हो जाएगी। न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहेगा। जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। दिल्ली में चल रही कड़ाके की ठंड ने राष्ट्रीय राजधानी की शीतकालीन बिजली की मांग शुक्रवार को 5,559 मेगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा दी।

आईएमडी के अनुसार, 'ठंडा दिन' तब होता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम होता है और अधिकतम तापमान मौसम के सामान्य से 4.5-6.4 डिग्री नीचे चला जाता है। इसके विपरीत, यदि तापमान मौसम के औसत से 6.5 डिग्री कम हो जाता है तो 'गंभीर ठंडा' दिन घोषित किया जाता है।

आईएमडी के अनुसार, सफदरजंग वेधशाला ने सुबह 8.30 बजे न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। हालांकि, रिज वेधशाला में न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच बमुश्किल पांच डिग्री का अंतर रहा, सुबह पारा 9.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। जाफरपुर में अधिकतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस, रिज में 13.2 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 13.2 डिग्री सेल्सियस, एसपीएस मयूर विहार में 13.3 डिग्री सेल्सियस, पालम में 13.8 डिग्री सेल्सियस, नरेला में 14 डिग्री सेल्सियस, पीतमपुरा में 14 डिग्री सेल्सियस, आयानगर में 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूसा में 14.3 डिग्री सेल्सियस, नोएडा में 13.2 डिग्री सेल्सियस, गुरुग्राम में 14.1 डिग्री सेल्सियस, फरीदाबाद में 13.1 डिग्री सेल्सियस और गाजियाबाद में 13.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

दिल्ली में आखिरी बार 25 जनवरी, 2022 को सबसे ठंडा दिन हुआ था, जब पारा 12.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। राजधानी का अब तक का सबसे ठंडा दिन 30 दिसंबर, 2019 को दर्ज किया गया था, जब अधिकतम तापमान सिर्फ 9.4 डिग्री सेल्सियस था। डिस्कॉम अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली में चल रही ठंड के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शीतकालीन बिजली की मांग शुक्रवार को अब तक के उच्चतम स्तर 5,559 मेगावाट पर पहुंच गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के वास्तविक समय के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 11.05 बजे दिल्ली की अधिकतम शीतकालीन बिजली की मांग 5,559 मेगावाट थी। अधिकारियों ने कहा कि सर्दियों के दौरान दिल्ली में पिछली उच्चतम मांग 6 जनवरी, 2023 को 5,526 मेगावाट थी। (शेष पेज 9)


# राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से अयोध्या में कारोबार को मिलेगी रफ्तार

**संजय राय।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 22 जनवरी अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में आम लोगों के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। कई कंपनियां इस मौके को भुनाने में लग गई हैं। ऐसे में राम मंदिर के खुलने से पहले ही अयोध्या बिजनेस हब बनने को तैयार है। वहीं श्री राम मंदिर ने देश भर में व्यापार के बड़े द्वार भी खोले हैं जिसने खास तौर पर छोटे निर्माता और छोटा व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए व्यापार के अनेक बड़े अवसर मिले हैं। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के शुरुआती अनुमान के अनुसार देश भर में राम मंदिर से 50,000 करोड़ से अधिक के व्यापार होने की उम्मीद है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि श्री राम मंदिर के उद्घाटन ने देश में पूजा पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं। देशभर में पूजा से संबंधीत विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की माँग में तेजी आई है। जैसे जैसे 22 जनवरी की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे वैसे श्री राम एवं पूजा पाठ से जुड़ी वस्तुओं की माँग देश भर में तेजी से बढ़ती जा रही है। इस माँग को देखते हुए बहुत से लोगों ने अपने पारंपरिक व्यवसाय के साथ ऐसी अनेक वस्तुओं का उत्पादन या व्यापार शुरू कर दिया है जो श्री राम मंदिर के देश भर में होने वाले महा उत्सव के लिए उपयोगी हैं।

खंडेलवाल ने कहा कि श्री राम मंदिर के प्रति लोगों के जबरदस्त उत्साह व आकर्षण का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि श्री राम मंदिर के प्रतीक के रूप में मंदिर का मॉडल हर कोई अपने घर में रखना चाहता है। इसी कारण से श्री राम मंदिर के मॉडल की बड़ी माँग है । यह मॉडल बाजार में 4 इंच, 6 8 और 12 इंच में उपलब्ध हैं। इससे बड़े आकार के मॉडल भी बाजार में मिल रहे हैं। मुख्य रूप से यह मॉडल पाइनवुड, लकड़ी, हार्डबोर्ड आदि में बनाये जा रहे हैं। इसके अलावा, धार्मिक साहित्य, हनुमान चालीसा, आरती संकलन और संबंधित वस्तुओं की माँग भी बढ़ रही है।



वहीं दूसरी ओर श्री राम के चित्र, श्री राम मंदिर एवं श्री राम दरबार के चित्र, अन्य देवी-देवताओं के चित्र एवं मूर्तियों की बड़ी माँग है। यह मूर्तियाँ मिट्टी, पाइनवुड, लकड़ी, पीतल, ताँबा एवं अन्य अनेक प्रकार के रॉ मटेरियल से बनाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पूजा के लिए बड़ी मात्रा में मिट्टी, पीतल एवं अन्य धातुओं के एकल दीपक एवं एक ही दीपक में अनेक दीपक आरती के लिए, अगरबत्ती, धूपबत्ती स्टैंड सहित अन्य अनेक वस्तुएँ भी बड़ी मात्रा में बाजार में है जो ग्राहकों की पसंद बनी हैं। इसके अलावा अगरबत्ती, धूपबत्ती, गाय के गोबर के उपले, सुगंधित कप, लोबान, कपूर, कुमकुम, चंदन, रोली, अक्षता, रूई की बनी बत्ती, गंगा जल आदि की भी खूब बिक्री हो रही है।

पूजा के लिए उपयोग में आने वाले आसन जूट, चटाई, दरी,कपड़े की भी बाजार में जबरदस्त माँग है। साथ ही लोगों की जबरदस्त पसंद के रूप में छोटे से लेकर बड़े श्री राम झंडे, पटके, बंटिंग, श्री राम बैज की बाजार में धूम है। वहीं श्री राम मंदिर की फोटो के छपे हुए कुर्ते अथवा हाथ की कड़ई के कुर्ते, टी शर्ट, कमीज, टोपियाँ, श्री राम दुपट्टे आदि भी हाथों हाथ बिक रहे हैं। झंडेवालान मंदिर के ट्रस्टी रविंदर गोयल ने कहा कि मंदिर उस दिन दिवाली मनाएगा और सभी अनुष्ठान किए जाएंगे।

गोयल ने कहा, झंडेवालान मंदिर 15 जनवरी को मकर संक्रांति से शुरू होकर डेढ़ महीने की अवधि के लिए अयोध्या में सामुदायिक रसोई का आयोजन करेगा। साथ ही सजावट, दीये, भक्ति गीत और पूजा का दिन भर का कार्यक्रम होगा। दाती महाराज ने कहा कि असोला स्थित श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम मंदिर के अंदर मंदिर का निर्माण चल रहा है। अयोध्या के मूर्ति स्थापना समारोह के साथ उसी दिन प्रभु श्री राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 17 जनवरी से यहां विभिन्न कार्यक्रम शुरू होने वाले हैं और 22 जनवरी को अयोध्या में अभिषेक समारोह के साथ समाप्त होंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 6 जनवरी, 2024



# शासन को भेजी जाएगी अधूरे प्रोजेक्ट की रिपोर्ट

## 34 पाइंट पर मांगी गई जानकारी, अधिकांश का काम अधूरा, अदालत में चल रहे कई मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद नोएडा प्राधिकरण 88 बिल्डर प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट शासन को भेज रहा है। बिल्डर वो है जिनका काम अभी अधूरा है यानी बायर्स से पूरा पैसा लिया निर्माण नहीं किया, आधा काम ही किया, अधिकांश जमीन खाली है, इनके मामले में कोर्ट में है। इन बिल्डर को प्राधिकरण ने 2007, 2008, 2009 तक के है।

कुछ ऐसे भी है जिनको भूखंड का आवंटन 2009 के बाद भी किया गया। 34 पाइंट पर इनकी डिटेल तैयार की जा रही है। जिसे आगामी 24 घंटे में शासन को भेजना है।

दरअसल शासन की मंशा है कि सालों से आशियाना का सपना देखने वाले बायर्स को उनका घर दिया जाए और जिनको मालिकाना हक नहीं मिला उनकी रजिस्ट्री कराई जाए।



एनसीआर में ऐसे 2.4 लाख लोग है। बता दे दोनों शहरों में करीब 1 लाख से अधिक घर खरीदार हैं जिन्हें अपने फ्लैट की रजिस्ट्री और उनकी संपत्तियों के कब्जे के रूप में लाभ होगा। 1 लाख में से 68000 ग्रेटर नोएडा में 96 डिफॉल्ट परियोजनाओं में हैं, और 32000 से अधिक नोएडा में 57 परियोजनाओं में हैं। इसके अलावा नोएडा में करीब 69 हजार फ्लैट बायर्स है जिनको अपने आशियाना का इंतजार है। इसी तरह ग्रेटरनोएडा में एक लाख ये ज्यादा फ्लैट बायर्स है। इसी को लेकर 5 जनवरी को प्राधिकरण में एक बैठक हुई। इसके बाद चेयरमैन नोएडा और ग्रेटरनोएडा के बिल्डरों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में को डेवलपर्स की बातचीत भी की जा सकती है। जिन 88 बिल्डर प्रोजेक्ट की रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है उसमें सबसे ज्यादा सेक्टर-77,76,78,75 के है। इन बिल्डरों की फाइलों से दस्तावेज निकाले जा रहे है।

### इन बिंदू पर शासन को भेजी जा रही रिपोर्ट

1. बिल्डर का नाम, प्रोजेक्ट और लोकेशन
2. बिल्डर को भूखंड कब आवंटित किया गया वर्गमीटर
3. बिल्डर को किस दर से भूखंड आवंटित किया गया
4. बिल्डर ने नक्शा कब पास कराया कितने टावर
5. कब तक उसे ओसी और सीसी लेनी थी।
6. बिल्डर प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति क्या है।
7. बिल्डर प्रोजेक्ट का कितना निर्माण हो चुका है कितना बचा है।
8. कितनी जमीन वर्गमीटर में खाली है क्या वो अतिक्रमित है या खाली है
9. क्या बिल्डर ने किसी अन्य प्राधिकरण की पॉलिसी में लाभ लिया
10. बिल्डर का कोर्ट में मामला कब से चल रहा है
11. कितने बायर्स इस प्रोजेक्ट से परेशान है

# रवि काना के खिलाफ जारी होगा लुकआउट नोटिस, पुलिस ने 4 बैंक खाते को किए सील

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- यू फ्रेंड्स कॉलोनी में 80 करोड़ की कोठी पर लगाया ताला



गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर सबसे बड़े सरिया व स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ रवि काना के खिलफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस अब रवि काना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही है।

अब तक रवि काना और उसके गैंग के सदस्यों की लगभग 200 करोड़ रुपये की संपत्ति सील करने के बाद कमिश्नरेट पुलिस ने अब उसके चार बैंक खातों को सीज किया है। इन खातों में करोड़ों रुपये की धनराशि जमा बताई जाती है। इसके अलावा पुलिस स्क्रैप माफिया रवि काना गिरोह के सदस्यों को मिले लाइसेंसी हथियारों के लाइसेंस भी निरस्त करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। सरिया सरगना रवि काना की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। रवि काना के खिलाफ गैंग रेप व गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज होने के बाद कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस उसके खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है।

बीते दिनों पुलिस ने थाना इकोटेक-1 और बिसरख क्षेत्र में उसकी फैक्ट्री को सील किया था। इसके अलावा पुलिस ने बड़ी संख्या में ट्रक और स्क्रैप को भी सील किया था। सील संपत्ति की कीमत 100 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई थी। आपको बता दे कि बीती देर रात पुलिस ने रवि काना गिरोह की सदस्य गैंगस्टर काजल झा की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी दिल्ली स्थित कोठी को सील किया है। इस कोठी की कीमत करीब 80 करोड़ रुपये के आसपास है। काजल झा स्क्रैप माफिया की कंपनी में निदेशक है और उसकी राइट हैंड बताई जाती है। वहीं रवि काना के विदेश भागने की आशंका के चलते कमिश्नरेट पुलिस उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी करने की भी तैयारी कर रही है। कमिश्नरेट पुलिस ने रवि काना के चार बैंक खातों को भी सील किया है।

इन खातों में करोड़ों रुपये जमा बताए जाते हैं। स्क्रैप के व्यवसाय से आने वाली धनराशि को इन खातों में जमा कराया जाता था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रवि काना और उसके साथियों को मिले लाइसेंसी हथियारों के लाइसेंस को निरस्त करने की प्रक्रिया भी चल रही है। साथ ही पुलिस रवि काना गिरोह पर लगातार कार्रवाई कर रही है। कमिश्नरेट पुलिस के एक्शन मोड़ से रवि काना गिरोह में हड़कंप मचा हुआ है।

# ग्रेटर नोएडा की झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग, युवक जिंदा जला - मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में ठंड से बचने के लिए जलाई गई आग एक युवक के लिए काल बन गई। ग्रेटर नोएडा में एक खुले मैदान में झोपड़ी बनाकर रहे लोगों ने सर्दी से बचाव के लिए झोपड़ी में आग जला कर सो रहे थे।

किसी तरह से आग ने झोपड़ी को चपेट में ले लिया। जिससे एक युवक गंभीर रुप से झुलस गया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला ग्रेटर नोएडा के कासना क्षेत्र का है। जहां एक खुले मैदान में कुछ लोग झोपड़ी डाल कर रह रहे है। ग्रेटर नोएडा में पड़ रही काड़के की सर्दी से बचाव के लिए उन लोगों ने झोपड़ी के अंदर ही आग जला रखी थी। आग की ताप के कारण उसे झोपड़ी में एक युवक भी सो रहा था।

झोपड़ी के अंदर जली आग ने किसी कारण के चलते पूरी झोपड़ी को अपनी जद में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसके कारण पास में बनी अन्य झोपड़ी भी आग की चपेट में आ गई। वहीं झोपड़ी में सो रही युवक गंभीर रुप से झुलस गया। जिसे किसी तरह निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। झोपड़ियों में लगी भीषण आग को देखकर लोगों ने दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कड़ी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग से तीन झोपड़ी जलकर राख हो चुकी थी।

झोपड़ी में लगी आग में एक 20 वर्षीय युवक की गंभीर रुप से झुलसकर मौत हो गई। मृतक का नाम मुंशर अली बताया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा में लगी आग की इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि सूचना मिली थी कि कासना क्षेत्र के एक मौदान में झोपड़ी में आग लग गई है।

# 105 गांव के किसान सड़क पर उतरे, बैरिकेड पर चढ़ीं महिलाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा।

- नोएडा में एनटीपीसी पर ताला लगाने जाते किसानों ने पुलिस से की धक्का-मुक्की



नोएडा में शुक्रवार को एनटीपीसी के खिलाफ किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने ताला-जंजीर लेकर एनटीपीसी की परिक्रमा शुरू कर दी। लेकिन किसानों को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इसके बाद किसानों और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई।

धक्का-मुक्की करके किसानों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, मगर पुलिस की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। प्रदर्शन में शामिल महिलाएं बैरिकेडिंग पर चढ़ गईं, जिन्हें महिला पुलिसकर्मियों ने नीचे उतारा। किसानों ने ऐलान किया था कि परिक्रमा पूरी होने के बाद एनटीपीसी पर तालाबंदी कर देंगे। प्रोडक्शन नहीं होने देंगे। हालांकि बाद में एनटीपीसी के सीएमडी से एक सप्ताह में बैठक करने के आश्वासन के बाद किसानों ने तालाबंदी का फैसला टाल दिया।

इस प्रदर्शन में 105 गांव के किसान शामिल हुए। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा दी थी। शुक्रवार दोपहर किसान भारतीय किसान परिषद की अगुवाई में एनटीपीसी की परिक्रमा शुरू की। महिलाएं भी प्रदर्शन में शामिल हुईं। बैरिकेडिंग पर पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। यहां धक्का-मुक्की हुई। इसी बीच महिलाएं बैरिकेडिंग पर चढ़ गईं। जमकर नारेबाजी की। दरअसल, करीब 24 गांव के किसान सीधे तौर पर प्रभावित हैं। जिनका समर्थन नोएडा के 81 गांव के किसान भी कर रहे है। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि कड़ाके की ठंड में महिलाएं और बुजुर्ग दिन-रात धरने पर हैं। 18 दिन तक समान मुआवजा, रोजगार, 10 प्रतिशत प्लाट अन्य मांगों पर हमने घर छोड़ा हुआ है। लेकिन एनटीपीसी की तरफ से कोई आश्वासन नहीं है। इससे किसानों में आक्रोश है। आज एनटीपीसी का कोई भी काम नहीं चलने दिया जाएगा। किसान इस बार आर.पार के मूड में है।

खलीफा ने बताया कि चार साल से किसान धरने पर बैठे हैं। अब अगर काम नहीं होता है तो किसान जल्दी ही दिल्ली में एनटीपीसी के सीएमडी का घेराव करेंगे।

वहीं नोएडा प्राधिकरण पर भी धरना जारी है। यहां प्राधिकरण अधिकारियों को 10 जनवरी तक का समय दिया गया है। तालाबंदी में भारी संख्या में किसानों को लाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा लिया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा के पुलिसकर्मी और अधिकारी स्वास्थ्य जांच करते हुए।

### पुलिस कर्मियों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**नोएडा।** फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा ने गौतमबुद्ध नगर पुलिस के सहयोग से, गौतमबुद्ध नगर पुलिस मुख्यालय (ट्रैफिक पार्क) के ऑडिटोरियम में एक हेल्थ टॉक और मल्टी-स्पेशलिटी कैंप का आयोजन किया। इस आयोजन में काफी संख्या में अधिकारियों सहित पुलिसकर्मी शामिल हुए। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह थीं। कार्यक्रम में 250 से अधिक लोग शामिल हुए। इससे पहले कार्यक्रम में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए डॉ. दिनेश के. त्यागी, एडिशनल डायरेक्टर - इंटरनल मेडिसिन ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट के महत्व को समझाते हुए व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि स्ट्रेस मैनेजमेंट से हम अपने लिए स्वस्थ्य जीवन चुन सकते हैं। इस अवसर पर पीरियड्स और प्रेगनेंसी के दौरान महिला स्वच्छता और स्वास्थ्य पर आयोजित सत्र में डॉ. सोनाली गुप्ता, एडिशनल डायरेक्टर ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने महिला स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को इससे संबंधित जानकारी प्रदान की।

### दोस्त ने ही की थी दिनेश की हत्या

**गाजियाबाद।** तीन दिन पूर्व खोड़ा थाना क्षेत्र के नेहरू गार्डन में हुए दिनेश कुमार मिश्रा नामक व्यक्ति के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल की टीम ने खोड़ा थाने के एसएचओ जितेंद्र सिंह की टीम के सहयोग से कर दिया। इस खुलासे के दौरान जहां पुलिस ने दिनेश मिश्रा के साथी भूरे उर्फ भूरा को आला कत्ल के साथ दबोच लिया वहीं हत्या का कारण वो दो हजार की रकम निकली जो कातिल ने मृतक से उधार के रूप में ली थी। सूत्रों के अनुसार जिस व्यक्ति भूरे उर्फभूरा ने दिनेश मिश्रा का कत्ल किया वह उसका ऐसा दोस्त था जो हमप्याला व हमनिवाला था। अपने दोस्त दिनेश मिश्रा का कत्ल क्यों किया जब इस बावत पुलिस ने कातिल भूरे उर्फभूरा से पूछा तो उसने बताया कि वो दोनों मजदूरी करते थे। वो दोनों रोजाना नशा भी किया करते थे। कुछ समय पूर्व उसने दिनेश मिश्रा से दो हजार रुपये उधार के रूप में लिये थे। वारदात के समय भी उन दोनों का विवाद उन रुपयों को लेकर हो गया। बात बढने पर उसने चाकू से वार करके अपने दोस्त को मौत के घाट उतार दिया।

### भाजपा ने मंडल अध्यक्षों के नाम किए घोषित

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने लम्बे इंतजार के बाद गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के दादरी व जेवर विधानसभा क्षेत्र में नए मंडल अध्यक्षों के नाम का ऐलान कर दिया है। भाजपा नेतृत्व ने शुक्रवार सुबह ही नोएडा में 4 मंडल अध्यक्षों के नाम घोषित किए थे। भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के नोएडा, जेवर व दादरी में मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। मंडल अध्यक्षों के नामों को फाइनल करने के लिए भाजपा नेतृत्व ने लम्बा समय लिया है। भाजपा ने कासना मंडल का अध्यक्ष दिनेश भाटी को बनाया है। जेवर में संजय रावत, दनकौर में हरिदत्त शर्मा तथा रबूपुरा मंडल का अध्यक्ष सुनील कुमार को बनाया है। इसी प्रकार ग्रेटर नोएडा में मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी महेश शर्मा को पार्टी नेतृत्व ने सौंपी है। सूरजपुर में मनोज भाटी, जारचा में विचित्र तोमर, दादरी देहात में संजय भाटी, दादरी नगर में राजीव सिंघल, बादलपुर में महेन्द्र नागर व बिसरख मंडल का अध्यक्ष मुकेश चौहान को बनाया गया है। नोएडा में 4 मंडल अध्यक्ष बने, भाजपा नेतृत्व ने शुक्रवार को ही नोएडा विधानसभा क्षेत्र के कृष्णानगर मंडल का अध्यक्ष निर्मल सिंह, शहीद भगत सिंह मंडल का रवि प्रधान, सरस्वती शिशु मंदिर का सत्य नारायण महावर तथा सैनिक विहार मंडल का अध्यक्ष प्रदीप चौहान को बनाया है। नोएडा में 8 मंडल हैं। भाजपा ने 4 मंडल अध्यक्षों के नाम पहले ही घोषित कर दिए थे।

# सरकारी योजनाओं से जीवनस्तर बेहतर हुआ: वीके

- जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



माता कॉलोनी विजयनगर स्थित भीमाबाई पार्क में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री व स्थानीय सांसद जनरल वी के सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे। उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को गैस कनेक्शन और चूल्हे का वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लाभार्थियों को आवास की चाबी दी गई। वीके सिंह ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई लाभार्थियों से बात भी की।

इस मौके पर जनरल वी के सिंह ने लोगों को शपथ दिलाई। जनरल वीके सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इस मौके पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, मंयक गोयल, पप्पू पहलवान, हातम सिंह नागर आदि उपस्थित थे। वहीं जिला प्रशासन द्वारा संस्कृति उत्सव का आयोजन लोहिया नगर के हिन्दी भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह, डीएम आरके सिंहए सीडीओ अभिनव गोपाल ने किया। वीके सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह सिर्फ एक मंच नहीं है बल्कि यह प्रतिभागियों के लिए एक मजबूत प्लेटफार्म है जो उन्हें आगे बढने की प्रेरणा देगा। अंत में विजेता प्रतिभागियों को केन्द्रीय राज्यमंत्री ने पुरस्कृत किया। समूह गान में हाईटेक कॉलेज पहले स्थान, ज्योति न्यास दूसरे स्थान पर, सीएस गदाना तीसरे स्थान पर रहा। एकल गायन में लुभानी पहले, ईहा दूसरे और कुमकुम तीसरे, एकल वादन में नेहा पहले, विधि दूसरे और कनिका तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मंडल के सदस्यों सुधीर कुमार, मुक्ता शर्मा, अशुं यादव, उपासना, अनामिका, तेज को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन पूनम शर्मा ने किया।

# इंदिरापुरम के कम्युनिटी सेंटर को भी कब्जे में लेगा निगम: महापौर

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

इंदिरापुरम कॉलोनी के टेकओवर को लेकर नई पॉलिसी बदली जाएगी। इसके लिए मेयर सुनीता दयाल ने बड़ा बयान जारी किया है।

मेयर का कहना है कि जब भी इंदिरापुरम कॉलोनी नगर निगम को ट्रांसफर की जाएगी साथ ही कम्युनिटी सेंटर भी कब्जे में ली जाएगी। ताकी कॉलोनी के लोगों को फायदा होगा। मेयर सुनीता दयाल का कहना है कि जीडीए की ओर पूर्व में कई कॉलोनियों नगर निगम को दी गई थी। मगर जीडीए ने आमपब्लिक की सुविधा के लिए बनी कम्युनिटी सेंटर निगम को नहीं दिया गया था। मेयर का कहना है कि जब भी इंदिरापुरम कॉलोनी जीडीए कॉलोनी की ग्रीन बेल्ट हो या कम्युनिटी सेंटर भी नगर निगम लेगा।

मेयर का कहना है कि इससे पहले जीडीए की ओर से कई कॉलोनी नगर निगम को दी गई थी। मगर जीडीए ने जिन कम्युनिटी सेंटर को बनाया गया वह नगर निगम को नहीं दी गई है। इसका फायदा नगर निगम को नहीं मिल रहा था।

# खनन माफियाओं ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दनकौर में कनारसी गांव के जंगल में खेत के पास से मिट्टी उठाने का विरोध करने पर एक युवक को पड़ोस के तीन लोगों ने ट्रैक्टर से टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल का दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

इस संबंध में पीड़ित ने आरोपियों को नामजद करते हुए शुक्रवार को कोतवाली में पहुंचकर मामले की शिकायत की है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के कनारसी गांव निवासी पीड़ित अनुज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनके पड़ोस के कुछ लोग गुरुवार रात मिट्टी का खनन कर रहे थे। उनका आरोप है कि आरोपी उनके खेत के पास से मिट्टी का खनन कर रहे थे। जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने कहा कि खनन करने से उनकी जमीन खराब हो जाएगी।

इसके बाद भी आरोपियों ने उसकी कोई बात नहीं सुनी। इसके बाद पीड़ित ने उनके पास पहुंचकर उनका विरोध किया। इसी बात से गुस्साए आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए ट्रैक्टर स्टार्ट करके उसको कुचलने का प्रयास किया। इस दौरान ट्रैक्टर की टक्कर लगने से पीड़ित घायल होकर दूर गिर गए। जैसे तैसे पीड़ित ने अपनी जान आरोपियों से बचाई।

# अवैध निर्माण गिराने के दौरान हादसा, दीवार गिरने से दो घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- नाराज लोगों ने दस्ते पर किया पथराव

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा खेड़ी गांव में अतिक्रमण हटाने के दौरान एक हादसा हो गया, जिसमें दो लोग घायल हो गए। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अतिक्रमण हटाओ दस्ते की टीम पर पथराव कर दिया।

ग्रेटर नोएडा में उस समय बवाल हो गया जब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अतिक्रमण हटाओ दस्ते की टीम खेड़ी गांव में अवैध निर्माण को गिराने के लिए पूरे लाव.लश्कर के साथ पहुंची। अतिक्रमण हटाने के दौरान एक दीवार गिर गई। जिसमें दो लोग दबकर घायल हो गए। इस हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग भडक उठे और उन्होंने प्राधिकरण के दस्ते पर पथराव कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आक्रोशित लोगों को नियंत्रित किया।

पथराव के बाद प्राधिकरण की टीम मौके से वापस लौट गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की इस कार्रवाई के खिलाफस्थानीय लोगों में आक्रोश है। वहीं दीवार गिरने से घायल हुए दो लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



सेक्टर-105 के सेन्ट्रल पार्क और सैक्टर-91 बायोडाईवर्सिटी पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उपस्थित अधिकारियों के साथ सीईओ लोकेश एम।

# लालकुंआ के लिए एक्सप्रेसवे पर बनेगा एंट्री-एग्जिट

- केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह और डीएम राकेश कुमार सिंह ने निर्माण कार्य को शुरू कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




गाजियाबाद में लालकुआं के पास एक्सप्रेस-वे पर एंट्री और एग्जिट पॉइंट बनेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की स्वीकृति मिलने के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह और डीएम राकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

मेरठ से दिल्ली जाते वक्त गाजियाबाद में एक्सप्रेसवे पर सिर्फ तीन एग्जिट पॉइंट हैं। इसमें डासना, लालकुआं और गाजीपुर बॉर्डर हैं। यदि किसी को मेरठ से नोएडा की तरफजाना हो तो उसे लालकुआं से ही सेक्टर.62, 63 तक नेशनल हाईवे-9 पर चलना पड़ता है। वो एक्सप्रेस.वे पर चढ़ ही नहीं पाता। ऐसे में लालकुआं से नोएडा सेक्टर-62 तक एनएच-9 पर जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा दिक्कत नौकरीपेशा लोगों को होती है। इसी तरह दिल्ली से गाजियाबाद लालकुआं पर आने वाले वाहन चालकों को पहले डासना पहुंचना पड़ता था और वहां से यूटर्न लेकर आना पड़ता था। सबसे ज्यादा मुश्किलें क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की हाइराइज सोसाइटीज में रहने वाले लाखों लोगों को होती थी। वे क्रॉसिंग रिपब्लिक के ठीक सामने एक्सप्रेस.वे का एंट्री.एग्जिट पॉइंट बनाने की मांग कर रहे थे।

आखिरकार गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंह ने उनकी ये समस्या सुनी और प्रस्ताव बनाकर एनएचएआई को दिया। शुक्रवार को गाजियाबाद में लालकुआं के पास एंट्री.एग्जिट गेट बनाने के लिए निर्माण कार्य की शुरुआत केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने नारियल फोड़कर की।

# सुसराल व मायके वालों के बीच मारपीट, जमकर चले लाठी-डंडे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- पारिवारिक झगड़े ने पकड़ा तूल

ग्राम नंगली नगला में बेटियों के ससुरालियों व मायके वालों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में थाना एक्सप्रेसवे में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा के ग्राम नंगली नगला निवासी सुनील के बेटे संदीप और प्रदीप की शादी 6 दिसंबर 2020 को ग्राम गुलिस्तानपुर निवासी ब्रजपाल सिंह की दो बेटियों के साथ हुई थी। बीते 1 जनवरी को संदीप व प्रदीप का अपनी पत्नियों से किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया। दोनों बहनों ने अपने मायके वालों को फोन कर अपने साथ हुई मारपीट की जानकारी दी। इसके बाद बृजपाल अपने बेटे सागर, रोहित, मोहित व चेतन के साथ अपनी बेटियों के ससुराल पहुंचे। बातचीत के दौरान ससुराल पक्ष के लोगों से वाद-विवाद हो गया। वाद विवाद इतना बड़ा की दोनों पक्षों में मारपीट हुई और जमकर लाठी डंडे चले। लड़कियों के पिता बृजपाल सिंह ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी के ससुराल वाले दहेज की मांग के लिए उनकी बेटियों को प्रताड़ित कर रहे हैं। जब वह उन्हें समझाने पहुंचे तो उन पर घात लगाकर जानलेवा हमला किया गया।

# आप ने मालीवाल को बनाया रास उम्मीदवार

## पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी ने 19 जनवरी को होने वाले चुनाव के लिए नामों का किया ऐलान

● पार्टी ने राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दूसरे कार्यकाल के लिए चुना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राज्यसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने तीन उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। आप दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को प्रमोट करने का फैसला किया है। पार्टी ने मालीवाल को पहली बार राज्यसभा भेजने के लिए नामित किया है।

स्वाति के अलावा संजय सिंह और एनडी गुप्ता को लगातार दूसरी बार राज्यसभा भेजने के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति ने शुक्रवार को तीनों नामों पर अपनी मुहर लगा दी है। राजधानी दिल्ली में राज्यसभा की तीन सीटों पर 19 जनवरी को चुनाव होना है। नामांकन की प्रक्रिया 3 जनवरी को शुरू हो चुकी है। राज्यसभा के मौजूदा तीनों सांसदों का कार्यकाल 27 जनवरी को खत्म हो रहा है। ये तीनों उम्मीदवार जल्द ही राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

वर्ष 2018 में आम आदमी पार्टी ने संजय सिंह के अलावा सुशील गुप्ता और नारायण दास गुप्ता को राज्यसभा भेजा था। सुशील गुप्ता के पास अब हरियाणा की जिम्मेदारी है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में वह अगले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं।

सुशील गुप्ता को दोबारा राज्यसभा नहीं भेजा जाएगा और उन्हें हरियाणा में फोकस करने को कहा गया है। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए तीसरा नाम स्वाति मालीवाल का प्रस्तावित किया है। स्वाति मालीवाल भारत की चर्चित एक्टिविस्ट हैं और दिल्ली महिला आयोग की वर्तमान अध्यक्ष भी हैं। स्वाति मालीवाल बहुत कम उम्र में अपने करियर की शुरूआत करते हुए महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक मुद्दों को मजबूती से उठाती रही हैं। वो महिलाओं के खिलाफ हिंसा का डटकर मुकाबला करने, कड़े कानूनों की वकालत करने के साथ-साथ लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए कई मुहिम और आंदोलनों से भी जुड़ी रही हैं। मालीवाल को साल 2015 में दिल्ली महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

बतौर आयोग की अध्यक्ष उन्होंने एसिड अटैक, यौन उत्पीड़न और महिला सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान निकालने के लिए पहल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाओं के कल्याण और उनके अधिकारों के लिए किए गए उनके प्रयासों के चलते आज वो भारत में सामाजिक एक्टिविज्म के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख चेहरा हैं।


अपने 8 साल के कार्यकाल की रिपोर्ट पेश करतीं स्वाति मालीवाल

### डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। स्वाति मालीवाल ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। मालीवाल त्यागपत्र पर हस्ताक्षर करते वक्त भावुक हो गई। वह आईटीओ पर विकास भवन स्थित कार्यालय से जाने से पहले अपने सहकर्मियों से गले मिलीं।

### स्वाति अपने 8 साल के कार्यकाल का दिया ब्योरा

**नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने अपने 8 साल के कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की। उन्होंने का कि तमाम चुनौतियों और मुश्किलों के बाद भी उनकी टीम ने ऐतिहासिक काम किया। पिछले 8 साल में खून-पसीना बहाकर दिल्ली वालों की सेवा की। स्वाति ने बताया कि 1 लाख से ज्यादा शिकायतों पर आयोग ने कार्रवाई की है। साथ ही 500 से ज्यादा सुझाव दिए है। यह पिछले आयोग से 700 फीसदी ज्यादा है। साफ नीयत और ईमानदारी के साथ काम करते हुए दिल्ली की हर महिला को अपना परिवार का सदस्य मानते हुए सेवा की।**

संसद की सुरक्षा में चूक का मामला

# पांच आरोपियों ने पॉलीग्राफी जांच की दी मंजूरी

● मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम आजाद, ललित झा और महेश कुमावत की हिरासत आठ दिन बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में गिरफ्तार छह में से पांच आरोपियों ने अदालत में पेशी के दौरान पॉलीग्राफी परीक्षण की सहमति दे दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सभी आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम आजाद, ललित झा और महेश कुमावत की पुलिस हिरासत भी आठ दिन के लिए बढ़ा दी।

दिल्ली पुलिस ने आरोपियों को उनकी हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर एक अर्जी दायर की, जिसके बाद न्यायाधीश ने उनकी हिरासत बढ़ा दी। आजाद को छोड़कर सभी आरोपियों ने परीक्षण के लिए अपनी सहमति अदालत के समक्ष दे दी है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने सभी आरोपियों के पॉलीग्राफी परीक्षण का अनुरोध करते हुए अदालत में एक अर्जी दायर की थी। उल्लेखनीय है कि 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर 13 दिसंबर को दो व्यक्ति सागर शर्मा और मनोरंजन डी. शून्य काल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा सदन में कूद गए थे, फिर उन्होंने कैन से पीली गैस छोड़ी थी और नारे लगाए थे, जिसके बाद सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया था। उसी समय दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और आजाद ने संसद के बाहर कैन से रंगीन गैस छोड़ते हुए तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए थे।


फाइल फोटो

# राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को यादगार बनाने में जुटे मंदिर

● पीएम मोदी ने लोगों से इस दिन को दिवाली की तरह मनाने के अपील की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर न केवल वहां, बल्कि दिल्ली में भी हर्षोल्लास चरम पर है। राष्ट्रीय राजधानी के मंदिर भी इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने की तैयारी में जुटे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से इस दिन को दीपावली की भांति मनाने के लिए अपने घरों में विशेष दीए श्री राम ज्योति जलाने की अपील की है। दिल्ली में मंदिरों को इस विशेष अवसर पर प्रकाश, सजावट, दीयों और फूलों से सजाया जाएगा। झंडेवालान मंदिर के न्यासी रवींद्र गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा कि यह मंदिर इस दिन दिवाली मनाएगा और सभी अनुष्ठान किए जाएंगे। गोयल ने कहा, झंडेवालान मंदिर 15 जनवरी के मकर संक्राति के दिन से अगले डेढ़ महीने तक अयोध्या में सामुदायिक रसोई घर का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि उस दिन सजावट, दीपमाला, दिनभर भक्ति संगीत और पूजा-अर्चना की जाएगी। दाती महाराज ने कहा कि असोला में श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम मंदिर परिसर के अंदर मंदिर का निर्माण चल रहा है। उन्होंने कहा, जिस दिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा, उसी दिन इस मंदिर में भी प्रभु श्री राम की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि 17 जनवरी से असोला के नए मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम शुरू होंगे जिनका समापन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को होगा।

उच्चतम न्यायालय ने 2019 में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के पक्ष में फैसला सुनाया था। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए इस धर्मनगरी को विशेष तरीके से सजाया-संवारा जा रहा है। यहां लोधी रोड पर स्थित श्री राममंदिर के मंदिर प्रबंधन के प्रवक्ता अजीत झा ने कहा कि उनके मंदिर में प्रतिमाओं को फूलों से सजाया जाएगा तथा सुबह और शाम को प्रार्थना की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर के द्वारों को दक्षिण की परंपरा के अनुसार केले के पेड़ से सजाया जाएगा। पंडित लोकेश ने बताया कि कालका मंदिर में दिवाली मनाई जाएगी तथा पूजनोत्सव की रीतियों और मंदिर की सजावट पर विशेष बल दिया जाएगा। कालकाजी मंदिर समिति इस समारोह के सिलसिले में 12 जनवरी को एक बैठक करेगा तथा 22 जनवरी के कार्यक्रम के लिए सजावट का काम तीव्र गति से जारी है।




## 22 जनवरी को शराब-मांस की दुकानें बंद हो: बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन राजधानी में मांस और शराब की दुकानें बंद रखने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल से अनुरोध किया है कि इस पावन दिवस पर मांस और शराब की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी करें। बिधूड़ी ने कहा है कि अयोध्या में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की प्रतीक्षा पूरा भारतवर्ष सदियों से कर रहा है।



यह एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिन राजधानी सहित पूरा देश राममय होगा। इस दिन की पवित्रता और गरिमा की तुलना ही नहीं की जा सकती। दिल्ली में भी तमाम मंदिरों में सजावट की जाएगी, दीप जलाए जाएंगे और लोग भक्ति रस में डूबे होंगे। ऐसे में अगर मांस और शराब की दुकानें खुलेंगी तो यह करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत करेंगी।

बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल से मांग की है कि वह तुरंत आदेश जारी करें कि उस दिन कहीं भी शराब की बिक्री नहीं होगी और पूरी तरह से ड्राई डे रहेगा। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि उस दिन मांस की दुकानें भी न खोली जाएं।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सिसोदिया को दी जन्मदिन की बधाई

● उनके साहस को बताया प्रेरणादायक, साझा की फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जन्मदिन पर शुक्रवार को उन्हें बधाई दी और कहा कि तानाशाही के युग में उनके साहस की वह सराहना करते हैं। कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में सिसोदिया फिलहाल जेल में हैं। उन्हें पिछले साल फरवरी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था और बाद में उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार में उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि सिसोदिया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने फर्जी मामले में जेल में रखा है।

उन्होंने एक्स पर कहा कि ये दोस्ती बहुत पुरानी है। हमारा स्नेह और भरोसा बहुत मजबूत है। जनता के लिए काम करने का जुनून भी बहुत पुराना है। साजिश रचने वाले लाख कोशिश कर लें ये भरोसा, स्नेह और दोस्ती कभी नहीं टूटेगी। उन्होंने कहा, भाजपा ने झूठे मामले लगाकर मनीष को पिछले 11 महीने से जेल में रखा हुआ है। लेकिन मनीष इनके जुल्म के आगे डटकर खड़े हैं, इनकी तानाशाही के सामने ना अब तक झुके हैं और ना भविष्य में कभी झुकेंगे। तानाशाही के इस दौर में मनीष का साहस हम सबको प्रेरणा देता है। जन्मदिन मुबारक हो मनीष।

सिसोदिया के इस्तीफे के बाद उनके अधिकांश विभागों का प्रभार संभाल रहीं दिल्ली की मंत्री आतिशी ने भी आप नेता को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री बताया। उन्होंने कहा, आज मनीष सर का जन्मदिन है। हर साल इस दिन को धूम-धाम से मनाते थे, खूब हंसी मजाक करते थे, पर दुख है कि जिस व्यक्ति ने गरीबों के बच्चों को भी विश्व स्तरीय शिक्षा देने के सपने को पूरा किया उन्हें एक झूठे मामले में 11 महीनों से जेल रखा गया है।



# राजन बाबू और महर्षि वाल्मीकि अस्पताल का अलग हुआ संचालन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के उद्देश्य से निगम के राजन बाबू टीबी और महर्षि वाल्मीकि अस्पताल को अलग संचालन करने को निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में तत्कालीन उत्तरी दिल्ली नगर निगम की मंजूरी के साथ इन दोनों अस्पतालों का विलय कर दिया गया था। विलय के बाद दोनों अस्पतालों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। नई व्यवस्था के अनुसार दोनों अस्पतालों के अलग-अलग प्रशासनिक और वित्तीय मामले अलग और स्वतंत्र होंगे। चेस्ट, टीबी, सर्जिकल और नेत्र ओपीडी राजन बाबू हॉस्पिटल से संचालित होंगी। ब्रोंकोस्कोपी और पीएफटी का संचालन भी जारी रहेगा। भविष्य में बाल चिकित्सा ओपीडी भी काम करना शुरू कर देगी। वहीं महर्षि वाल्मीकि संक्रामक रोग अस्पताल में मेडिसिन, बाल चिकित्सा, ईएनटी (सप्ताह में 4 दिन) और त्वचा ओपीडी (सप्ताह में दो बार) और एंटी-रेबीज क्लिनिक चलाना जारी रखेगा। बाकी सेवाएं पहले की तरह संचालित होती रहेंगी।

राजन बाबू अस्पताल में संबंधित विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों की व्यवस्था के साथ बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी और पैथोलॉजी विभाग होगा वहीं महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में संबंधित विशेषज्ञता के डॉक्टरों के साथ माइक्रोबायोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और पैथोलॉजी विभाग होगा। हालाँकि यह अस्पताल लैब सेवाओं की स्थापना तक राजन बाबू अस्पताल की लैब सेवाओं का उपयोग करना जारी रखेगा।

साथ ही ओटी की उचित स्थापना होने तक राजन बाबू अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर का उपयोग करेगा। इसके अलावा महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में शवगृह कक्ष का प्रावधान होने तक राजन बाबू अस्पताल की शवगृह सेवाओं का उपयोग किया जाएगा।



# 'जांच रिपोर्ट में कहीं नहीं लिखा दवाएं है नकली'



● स्वास्थ्य मंत्री बोले: केंद्र सरकार, सभी राज्यों के अस्पतालों में इन्हीं कंपनियों की दवाएं सप्लाई की जाती है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सप्लाई की जाने वाली जो 43 अलग-अलग दवाईयों के नमूने जांच के लिए भेजे गए थे, उनमें से पांच दवाइयां के नमूने अपने तय मानकों के अनुसार नहीं पाए गए हैं। उन्होंने दावा किया इस पूरी जांच रिपोर्ट में कहीं भी ऐसा नहीं लिखा है कि यह दवाइयां नकली हैं या जहरीली हैं, स्प्यूरियस दवा है।

भारद्वाज ने भाजपा और उपराज्यपाल कार्यालय का नाम लिए बिना कहा कि जो अधिकारी खबर प्लांट करते हैं, उनके द्वारा लगातार इस बात को कहा गया कि जांच में दवाइयां नकली पाई गई है जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं था। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के सरकारी अस्पतालों में घटिया दवाओं की कथित आपूर्ति के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने के फैसले का शुक्रवार को स्वागत किया और स्वास्थ्य विभाग के सचिव को तुरंत निलंबित करने की मांग की।

सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गत दिनों उपराज्यपाल कार्यालय से एक रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसमें लिखा था कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दी जा रही दवाइयों में से कुछ दवाइयां अपने तय मानको के अनुसार ठीक नहीं पाई गई।

उन्होंने कहा, हालांकि इस खबर की जानकारी उन्हें विभाग द्वारा आधिकारिक तौर पर नहीं दी गई, लेकिन उन्हें यह खबर मीडिया के माध्यम से पता चली थी। भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल कार्यालय से जारी गई की गई इस सूचना के अनुसार दिल्ली सरकार के तीन अलग-अलग अस्पतालों जिनमें इहबास अस्पताल, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल एवं लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों से लगभग 43 अलग-अलग दवाइयां के नमूने जांच के लिए लिए गए थे और इन 43 दवाइयों में से पांच दवाइयां के नमूने तय मानक के अनुसार नहीं पाए गए थे।

## संक्षिप्त समाचार


अभियान की शुरुआत करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली।

### कांग्रेस ने शुरू किया 'अपने बूथ से जुड़े' अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली में संगठन को मजबूत बनाने की कड़ी में 'अपने बूथ से जुड़े' अभियान को कांग्रेस महासचिव, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया की मौजूदगी में गूगल फार्म भरकर लॉच किया। लवली ने कहा कि राजनीतिक दल के लिए काम करने में अगर ईमानदारी और कड़ी मेहनत से काम करके अगर बूथ को जिताते है तो कोई भी चुनाव जीता जा सकता है। संगठन मजबूत बनाने की इस महत्वपूर्ण शुरुआत में बूथ स्तर पर गूगल फार्म भरवाकर दिल्ली वालों को जोड़ने की जिम्मेदारी सभी बीएलए-1 (बूथ लेवल एजेंट) सहित जिला एवं ब्लाक अध्यक्षों की लगाई गई है। गूगल फार्म सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित वेबसाईट और कार्यकर्ताओं के सभी ग्रुपों पर उपलब्ध करा दिया गया है। गूगल फार्म में नाम, वर्ग, पता, विधानसभा, जिला, संसदीय क्षेत्र सहित एपिक संख्या और पोलिंग बूथ तक की जानकारी उपलब्ध करानी है। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग द्वारा किया गया। गांधी नगर के बीएलए-1 इशरत खान मामू व सोशल मीडिया के चेयरमैन हिदायतुल्लाह द्वारा प्रदेश अध्यक्ष लवली का गूगल फार्म भरवाया।

### इहबास में दिल्ली स्टेट हेल्थ वारियर टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** इहबास अस्पताल में दिल्ली स्टेट हेल्थ वारियर टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों का काफी उत्साह वर्धन हुआ। प्रारभ में मेराथन दौड़ कराई गई और इसके बाद महिला कर्मचारियों की 100 मीटर की दौड़ हुई। इस दौरान राम निवास गोयल ने स्वाथ्य कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्मचारी मरीजों की देखभाल के साथ साथ अपने स्वाथ्य को भी ठीक रखना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के प्रबंधन मे मुख रूप से जय प्रकाश जी फेडरेशन के चेयरमैन के अतिरिक्त सुरेन्द्र वत्स, एच पी सिंह, उदय कुमार, विकास पांचाल, अंकित, प्रवीण कुमार, अवनीश कुमार, रेखा शर्मा और मीनाक्षी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# टेंट वाले स्कूल का कायापलट कर बना आधुनिक विद्यालय

● 101 क्लासरूम, लैब-लाइब्रेरी सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से होगा लैस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी विनोद नगर का नया स्कूल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां बच्चों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, शानदार लैब, लाइब्रेरी, लिफ्ट सहित अन्य वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं मौजूद होंगी। इस स्कूल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द बचे हुए निर्माण कार्य को पूरा किया जाए ताकि नए सत्र में बच्चे अपने स्कूल की चमचमाती नई बिल्डिंग में पढ़ सकें।

केजरीवाल सरकार पूर्वी विनोद नगर पटपड़गंज में शानदार स्कूल बिल्डिंग बनवा रही है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने पीडब्ल्यूडी व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ इसका निरीक्षण किया। पूर्वी विनोद नगर स्कूल की नई स्कूल स्कूल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, जहाँ बच्चों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, शानदार लैब, लाइब्रेरी, लिफ्ट सहित अन्य वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं मौजूद होंगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया के विधानसभा में बनकर तैयार हो रही ये शानदार स्कूल हर बच्चे तक वर्ल्ड-क्लास शिक्षा पहुंचाने के विजन का हिस्सा है। अपने हर नए शानदार स्कूल के साथ हम इस विजन को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे है। इस स्कूल की शानदार बिल्डिंग जो शिक्षा को लेकर केजरीवाल सरकार की गंभीरता और प्राथमिकता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब मैंने इस स्कूल की ड्राइंग को देखा था तो ऐसा लग रहा था मानो ये अमेरिका के किसी टॉप यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग हो। हमारे बच्चे सर्वश्रेष्ठ शिक्षा के हकदार हैं और उन्हें विश्व स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए हम इस शानदार स्कूल का निर्माण कर रहे हैं। इस क्षेत्र के लगभग 5000 बच्चों को एक शानदार सरकारी स्कूल बिल्डिंग मिलने जा रही है। कभी इस स्कूल को लोग टेंट वाला स्कूल कहते थे लेकिन नई बिल्डिंग बनने के बाद लोग इसे अमेरिका के यूनिवर्सिटी जैसी बिल्डिंग वाले स्कूल के नाम से जानेंगे। और यहां पढ़ने वाला या इसमें पहले पढ़ चुका हर छात्र इसपर गर्व करेगा। उन्होंने कहा कि, मनीष सिसोदिया ने इस बिल्डिंग के डिजाइन को अपने मार्गदर्शन में तैयार करवाया था। बेशक आज उन्हें झूठे केस में जेल में रखा गया है लेकिन शिक्षा के उनके सपने को जेल में नहीं डाला जा सकता।


पूर्वी विनोद नगर के नए स्कूल के निर्माण कार्यों की जानकारी लेती शिक्षा मंत्री आतिशी।

## एआईसीटीई मिलेट रेसिपी अनलीशिंग टैलेंट प्रतियोगिता शुरू

**नई दिल्ली।** मिलेट को बढ़ावा देने के मकसद से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने एआईसीटीई मिलेट रेसिपी अनलीशिंग टैलेंट प्रतियोगिता शुरू की है। प्रतियोगिता में एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों के छात्र, शिक्षक और सहायक कर्मचारी मिलेट से तैयार अपने नवीन और पारंपरिक व्यंजनों के साथ भाग ले सकते हैं।

प्रोफेसर टीजी सीताराम ने बताया कि भारत में इंटरनेशनल मिलेट ईयर 2023 के दौरान स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक विकास पर मिलेट के लाभ के बारे में जागरूक किया गया। इसे देखते हुये इस प्रतियोगिता का मकसद मिलेट की खपत को प्रोत्साहित करना और इससे बने उत्पाद के लिए एक बड़ा बाजार तैयार करना है।

# पुलिस कमरा नंबर 111 में कर लेती तलाश तो शायद मिल जाती दिव्या की लाश

## दिव्या की हत्या के बाद कमरा नंबर-111 देखा नहीं, 114 से ही लौट गई पुलिस

## अभिजीत ने 2 जनवरी की सुबह की थी दिव्या की हत्या


गैंगस्टर संदीप गाड़ौली, गैंगस्टर बिंदर गुर्जर, दिव्या पाहुजा, हत्यारोपी अभिजीत।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गैंगस्टर** संदीप गाड़ौली की महिला दोस्त रही दिव्या पाहुजा की हत्या को लेकर रोज नई बातें, नए खुलासे हो रहे हैं, अगर कुछ नहीं हो रहा तो वह है दिव्या की डेड बॉडी का ना मिलना। बीएमडब्ल्यू में लाश ले जाने की जानकारी पुलिस जांच में सामने आई, लेकिन बीएमडब्ल्यू कार तो पटियाला में मिल गई पर दिव्या की डेड बॉडी उसमें भी नहीं मिली।

बता दें कि 2 जनवरी की सुबह गैंगस्टर संदीप गाड़ौली की महिला दोस्त रही और उसकी हत्या के केस में सात साल बाद जमानत पर बाहर आई दिव्या पाहुजा की हत्या कर दी गई। गुरुग्राम के जिस होटल सिटी प्वायंट में यह हत्या की गई, उस होटल के मालिक ने ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया। गिरफ्तार के बाद पूछताछ में हत्यारोपी अभिजीत ने खुलासा किया कि वे उसे ब्लैकमेल कर रही थी।

दो जनवरी की रात को हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस होटल में पहुंची। पुलिस ने वहां पर ना केवल सीसीटीवी फुटेज खंगाले, बल्कि होटल के कमरा नंबर-114 की भी तलाशी ली। होटल के मालिक के नाते कमरा नंबर-114 अभिजीत के नाम से बुक रहता है। उस दिन अभिजीत और दिव्या कमरा नंबर-111 में ठहरे थे। पुलिस ने कमरा नंबर-111 की तलाशी नहीं ली। सीधे अभिजीत के नाम से बुक रहने वाले कमरे को ही खंगाला। होटल के सीसीटीवी फुटेज में दिव्या की लाश को एक कम्बल में लपेटकर दो व्यक्ति ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। इसके लिए अन्य सीसीटीवी फुटेज में दिव्या, अभिजीत व एक अन्य व्यक्ति रिसेप्शन पर बातचीत करते नजर आ रहे हैं। पुलिस फिर से होटल में छानबीन के लिए पहुंची। इस दौरान पुलिस ने कई जानकारियां एकत्रित की। दूसरे कमरे भी खंगाले, लेकिन तब तक आरोपी दिव्या पाहुजा की लाश को वहां से निकाल चुके थे। इस तरह से पुलिस के हाथ खाली रह गये। अगर पहली ही बार में पुलिस पूरी गंभीरता दिखाते हुए दूसरे कमरे भी तलाश करती तो दिव्या की लाश भी बरामद हो जाती। हालांकि डीसीपी क्राइम ने इस चूक की जांच कराने की बात कही है। पुलिस की अभी तक की जांच में पता चला है कि जिस बीएमडब्ल्यू कार में दिव्या की लाश को ले जाया गया, वह कार भी किसी व्यक्ति द्वारा अभिजीत के पास 20 लाख रुपये के बदले गिरवी रखी हुई है। वेस्ट दिल्ली निवासी अजय मेहता के नाम से कार का पंजीकरण है।

**गैंगस्टर बिंदर गुर्जर से अभिजीत के संबंध** : पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि होटल सिटी प्वायंट के मालिक अभिजीत के गैंगस्टर बिंदर गुर्जर से भी संबंध हैं। वह करीब 15 साल से उसके संपर्क में है। बिंदर गुर्जर के परिवार की वह आर्थिक मदद तक करता है। बतौर डीसीपी क्राइम विजय प्रताप, जब दिव्या पाहुजा संदीप गाड़ौली केस में जमानत पर बाहर आई तो उसने ही अभिजीत की बात जेल में बंद बिंदर गुर्जर से करवाई थी। उसी के कहने पर ही अभिजीत ने दिव्या को रुपये दिए। अब तक अभिजीत दिव्या को छह लाख रुपये दे चुका था। वह और अधिक रुपये लेने के लिए उसे ब्लैकमेल कर रही थी। पुलिस के अनुसार अभिजीत एनआईटी कुरुक्षेत्र से इंजीनियरिंग के 1989 बैच से पास आउट है। वह होटल का व्यवसाय करता है। गुरुग्राम व दिल्ली के पुलिस थानों में उस पर केस भी दर्ज हैं।

**दिव्या की हत्या में संदीप गाड़ौली के परिवार पर भी आरोप** : दिव्या पाहुजा की बहन नैना पाहुजा ने आरोप लगाया है कि दिव्या की हत्या में गैंगस्टर संदीप गाड़ौली के परिजनों का भी हाथ हो सकता है। संदीप गाड़ौली की बहन ज्योत्सना का कहना है कि दिव्या से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह एक ब्लैकमेलर लड़की थी। इस हत्या में गैंगस्टर संदीप गाड़ौली के विरोधी बिंदर गुर्जर की भी भूमिका होने की चर्चाएं हो रही हैं। संदीप की हत्या के आरोप में मुंबई जेल में बंद गैंगस्टर बिंदर गुर्जर की दिव्या की हत्या में भूमिका हो सकती है। संदीप कि बहन ने आरोप लगाया है कि इससे पहले भी बिंदर गुर्जर ने ऐसी घटना को अंजाम दिया है। अब दिव्या की जिस अभिजीत ने हत्या की है, वह भी बिंदर गुर्जर का साथी है।

# निगमायुक्त डॉ. नरहरि सिंह ने ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक


नगर निगम में ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर बैठक लेते निगमायुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। बंधवाड़ी में लीगेसी कचरा निष्पादन करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियां लीगेसी कचरा निष्पादन की प्रक्रिया में और अधिक तेजी लाएं, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने नई आने वाली एजेंसियों से भी कहा कि वे वर्क अलॉट होने के साथ ही कार्य शुरू करना सुनिश्चित करेंगी। बैठक में लीचेट ट्रीटमेंट के बारे में निगमायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए कि एजेंसियां यह सुनिश्चित करेंगी कि पैदा होने वाला लीचेट साईट पर ही ट्रीट किया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में साईट के बाहर लीचेट का रिसाव किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए। एजेंसियों की यह जिम्मेदारी है कि वे लीचेट का ट्रीटमेंट साईट पर ही करें। बैठक में बताया गया कि बंधवाड़ी साईट पर अब तक लगभग 16 लाख 50 हजार टन लीगेसी कचरे का निष्पादन किया जा चुका है। इसके तहत विभिन्न एजेंसियां कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही तीन अन्य एजेंसियों को कार्य अलॉट करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

अधिकारियों ने बताया कि कचरे का निष्पादन करने के बाद उसमें से आरडीएफ, कंपोस्ट तथा इनर्ट निकलता है। आरडीएफ को संबंधित एजेंसियां सीमेंट प्लांटों में भिजवाती हैं तथा कंपोस्ट को किसान ले जाते हैं। इसी प्रकार इनर्ट का डिस्पोजल भी एजेंसियों द्वारा किया जाता है। बंधवाड़ी साइट पर 400 केएलडी लीचेट ट्रीटमेंट की व्यवस्था है। इसके लिए दो डीटीआरओ लगाए हुए हैं। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त अमरदीप सिंह, संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार, एसई राधेश्याम शर्मा, एक्सपर्ट अनिल मेहता, ओपी गोयल व शरद भटनागर सहित विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाइटेंशन लाइन के करंट से गाय ने तोड़ा दम



**सोहना।** शहर के देवीलाल मार्ग के सामने जा रही हाई टेंशन लाइन की तार टूटने से लगा करंट से गाय की मौत हो गई। बिजली की लाइन से शुक्रवार की सुबह तार टूटकर गिरा था। जमीन पर पड़ा तार का एक हिस्सा से गाय आकर टकरा गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गाय का पिछले कई माह से उसी स्थान पर आकर रुकती थी, जहां पर बिजली की हाईटेंशन का तार टूट कर गिरा हुआ था। तार का एक हिस्सा एच पोल के साथ लटका हुआ था। दूसरे की लंबाई अधिक होने पर जमीन पर पड़ा था। जैसे ही गाय वहा आकर रुकी और वह बैठने लगी। तभी तार में आ रहा करंट से गाय अपने आपको बचा नहीं सकी। टूटा व करंट भरा तार गाय के पेट से टच होने पर चिपक गया और चंद मिनट में गाय ने दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना बिजली निगम को देकर लाइन को कट कराया गया। घटना स्थल से कुछ कदमों की दूरी पर झुग्गिया बनी हुई है। जिनमें रहने वाले बच्चें इसी स्थान पर खेलते कूदते रहते है। लेकिन सर्दी होने के कारण आज बच्चें अपन झोपड़ियों में से खेलने के लिए नहीं निकले थे। वरना बिजली का जमीन पर पड़ा टूटे तार से और भी बड़ी घटना घट सकती थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे बिजली निगम कर्मचारियों ने लाइन से टूटा तार को जोड़ दिया और बंद बिजली सप्लाई को चालू कर दिया।

### डॉ. अंबेडकर मंच ने एससी सीटें घटाने पर जताया विरोध


गुरुग्राम नगर निगम चुनाव में एससी सीटें कम करने के विरोध में बैठक करते डा. बीआर आम्बेडकर अधिकार मंच के सदस्य।

**गुरुग्राम।** डॉ. बीआर अंबेडकर अधिकार मंच गुरुग्राम ने नगर निगम गुरुग्राम के आगामी प्रस्तावित चुनावों में नई वार्ड बंदी में 36 वार्डों में अनुसूचित जाति वर्ग की मात्र 3 सीटें आरक्षित करने का विरोध जताया है। डा. बीआर अंबेडकर भवन सेक्टर-4 में इस विषय पर बैठक बुलाई गई। इस बैठक में प्रताप सिंह कदम ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम में पिछले वर्षों में 2011/2016 दो बार के चुनावों में 35 वार्डों में से 6 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी। 15 जुलाई 2022 को नई वार्ड बंदी की जारी अधिसूचना में प्रपोज्ड नए 40 वॉर्ड में से अनुसूचित जाति की 7 सीटें आरक्षित दर्शाई गई थी। सात जुलाई 2023 को हरियाणा सरकार द्वारा नई वार्ड बंदी में नए 36 वार्डों में से अनुसूचित जाति की केवल 3 सीटें आरक्षित की अधिसूचना जारी की गई थी, जबकि हरियाणा प्रदेश में संवैधानिक रूप से अनुसूचित जाति का कोटा 20 प्रतिशत मिला हुआ है, जिसके अनुपात से 36 वार्डों में से 7 सीटें आरक्षित होनी चाहिए। पूर्व में भी यह मांगें की गई थी, लेकिन सरकार ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। नगर निगम गुरुग्राम की एहडॉक कमेटी के सदस्य रंजीत सरपंच ने बताया कि अनुसूचित जाति की तीन सीटों को लेकर विरोध भी जाया गया था, लेकिन कुछ नहीं किया।

### दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

**गुरुग्राम।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन के अवसर पर स्थानीय रॉयल गार्डन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 700 यूनिट रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए भिवानी से एनएसयूआई के छात्र नेता मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में अनेक छात्रों ने शिविर में रक्तदान किया।



छात्र नेता मनजीत लांग्यान ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा ने हमेशा युवाओं के हितों की आवाज उठाने का कार्य किया है। जिसके चलते वे हमेशा युवाओं मनपसंद नेता रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा एवं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र के नेतृत्व में प्रदेश भर में अनेक विकास कार्य हुए, लेकिन जनता पिछले करीबन साढ़े 9 वर्षो से विकास कार्यो को तरस चुकी है। छात्र नेता मनजीत लांग्यान ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में उमड़ी युवाओं की भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि युवा वर्ग में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की विशेष छाप है। इस मौके पर भिवानी से मोहित सरपंच, रमेश ठेकेदार बावल कांग्रेस प्रत्याशी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इसके अलावा लकी प्रेमनगर, सागर प्रेमनगर, नरेंद्र सरोहा, देवदर्शन, विकास सिवाच, गोलू ठेकेदार इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही मोदी की गारंटी वैन

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद शुक्रवार को जिला के गांव सिवाड़ी की ढाणी व राजूपुर, शहरी क्षेत्र में नगर परिषद सोहना के वार्ड-20 स्थित कम्युनिटी सेंटर व गुरुग्राम खंड के गांव गैरतपुर बास में पहुंचकर पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया।

प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत से यात्रा के प्रबंधन व उपलब्धियों की समीक्षा कर रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार 7 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यात्रा को संबोधित करेंगे। साथ ही कुछ चिन्हित स्थानों पर वे स्वयं पात्र लाभार्थियों से सीधा संवाद भी करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चार बार (30 नवंबर, 9 दिसंबर, 16 दिसंबर व 27 दिसंबर) को यात्रा को संबोधित कर चुके हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में गांव सिवाड़ी की ढाणी व राजूपुर में पटौदी वे विधायक सत्यप्रकाश जरावता व गुरुग्राम खंड के गांव गैरतपुर बास में यात्रा के प्रदेश संयोजक मनीष यादव ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों


विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद शुक्रवार को लोगों को जानकारी देती रेडक्रॉस सोसायटी की टीम।

को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम में दिव्यांगजन को रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम में फर्स्ट एड ट्रेनिंग की जानकारी व दिव्यांगजन सम्बंधित कृत्रिम उपकरण प्राप्त करने की जानकारी भी दी गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में सभी मुख्य अतिथि ने विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, मेरा भारत स्वयं सेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैय्यद शहजादी ने पटौदी में की जनसुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राष्ट्रीय** अल्पसंख्यक आयोग की सदस्या सैय्यद शहजादी ने कहा कि आयोग अल्पसंख्यक समाज की शैक्षिक व आर्थिक उन्नति के लिए निरंतर धरातल पर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र के साथ केंद्र व हरियाणा सरकार अल्पसंख्यक समाज के वंचितों को निरन्तर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रही है। सैय्यद शहजादी शुक्रवार को गुरुग्राम के पटौदी ब्लॉक में अल्पसंख्यक समाज के लोगों की समस्याओं की जनसुनवाई करने उपरांत मीडियाकर्मियों से बात कर रही थी।


गुरुग्राम के पटौदी ब्लॉक में अल्पसंख्यक समाज के लोगों की समस्याओं की जनसुनवाई करतीं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्या सैय्यद शहजादी।

सैय्यद शहजादी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ सालों में अल्पसंख्यक समाज की शैक्षिक व आर्थिक उन्नति में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की बेहतर कार्यशैली का ही प्रभाव है कि अल्पसंख्यक समाज की छात्राओं का स्कूल ड्राप आउट रेश्यो आज 72 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत रह गया है।

उन्होंने कहा कि आयोग का प्रयास कि समाज के लोगों में जागरूकता लाकर इस आकंड़े को शून्य तक ले जाया जाए। किसी भी समाज के उत्थान में शिक्षा का बड़ा महत्व हैं। ऐसे में जब हम शिक्षा के प्रति जागरूकता लाएंगे तो निश्चित रूप से समाज मे बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे व आर्थिक तरक्की के नए रास्ते भी खुलेंगे। सैय्यद शहजादी ने इस दौरान अल्पसंख्यक समाज के लोगों की समस्याओं की जनसुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बिजली की दुकान में लगी आग से लाखों रुपये का सामान हुआ राख

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के बीचों बीच बिजली की दुकान में लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग को काबू करने के लिए मौके पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां पहुंची। आग पर काबू पाने में करीब डेढ़ घंटा का समय लगा है।

गुरुवार की रात सवा आठ बजे शहर के पुराना लेबर चौक पर बनी बिजली की दुकान में बना बेस्मेंट में आग लगी। जिस समय आग लगी थी। उससे पहले दुकानदार सोनू रोहिल्ला शटर बंद अपने घर पहुंच गया था। दुकान में आग लगने का पता राहगिरों को उजाला नजर आया और धुंआ को देख दुकानदार को फोन करके आग


सोहना में गुरुवार की रात लगी बिजली की दुकान में आग।

लगने की सूचना दी गई। दुकान में आग लगने की सूचना दमकल विभाग के कार्यालय में जाकर दी। पांच मिनट में दमकल की एक के एक तीन गाड़िया पहुंची। आग से बेस्मेंट और ग्राउंड फ्लोर पर भरा बिजली का सामान लगभग पूरा जल गया। जब तक पहली मंजिल पर लगी आग को काबू किया जाता। तब तक वहा रखा कबाड़ा समेत बिजली का सामान जल चूका था। आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट से होना माना जा रहा है।

## भाजपा का दलित विरोधी चेहरा आया सामने: धनराज बंसल

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के नेता धनराज बंसल ने नगर निगम की वार्ड बंदी में अनुसुचित जाति की सीटों को घटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। शहर की जनसंख्या भी बढ़ी है, वार्ड भी बढ़े हैं। इसके बाद भी अनुसूचित जाति के आरक्षण को 20 प्रतिशत से घटकर 8-9 प्रतिशत कर दिया है। भाजपा का यह चेहरा दलित विरोधी है।

धनराज बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार नौकरियों में भी अनुसूचित जाति का आरक्षण घटाने की सोच रही है। आम आदमी पार्टी ने पहले भी इस बारे में मुख्यमंत्री और चुनाव आयुक्त को लिखा था। अब ये लड़ाई अदालत और जनता की अदालत में लड़नी पड़ेगी।

# बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने 8.85 प्रतिशत तक के डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट अनुभव के साथ नए साल का उत्साह बढ़ाया

## बजाज फिनसर्व की एप और वेबसाइट के माध्यम से बुक की गई डिपॉजिट पर तुलनात्मक रूप से 8.85 प्रतिशत की उच्च दर की पेशकश

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**देश** के सबसे बड़े वित्तीय सेवा समूहों में से एक, बजाज फिनसर्व का हिस्सा, बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने आज डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) लॉन्च करने की घोषणा की, जो इसके ऐप और वेबसाइट के माध्यम से बुक की गई डिपॉजिट पर 8.85 प्रतिशत तक की विशेष दरें उपलब्ध कराता है।

साल के अंत के साथ, डिजिटल एफडी ग्राहकों को डिपॉजिट बुक करने के लिए डिजिटल एवं असिस्टेड डिजिटल मोड का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करके बचत के अनुभव को रूपांतरित करता है। बजाज फिनसर्व ऐप और वेबसाइट का सफर सरल, सुरक्षित और निर्बाध है जिसमें लगभग तुरंत एफडी बुकिंग की जा सकती है।

2 जनवरी, 2024 से प्रभावी, बजाज फाइनेंस वरिष्ठ नागरिकों को बजाज फिनसर्व ऐप और वेब पर बुक की गई एफडी में 42 महीने की अवधि के लिए 8.85 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज दर प्रदान कर रहा है। 60 वर्ष से कम उम्र के जमाकर्ता प्रति वर्ष 8.60 प्रतिशत तक कमा सकते हैं। संशोधित दरें 42 महीने की अवधि के लिए 5 करोड़ रुपये तक की नई जमा और परिपक्व होने वाली जमाराशियों के नवीनीकरण पर लागू होंगी। बजाज फाइनेंस के फिक्स्ड डिपॉजिट और निवेश प्रमुख सचिन सिक्का ने कहा, ''हमारी बाधारहित प्रक्रियाएं, आकर्षक ब्याज दरें और ग्राहक अनुकूल नीतियां बजाज फाइनेंस एफडी के साथ उपभोक्ता के अनुभवों को और बेहतर बनाती हैं। 2 वर्षों में हमारी डिपॉजिट बुकिंग में 2 गुना वृद्धि भी बजाज ब्रांड पर ग्राहकों के भरोसे का प्रमाण है। हमारे एफडी अब जमाकर्ताओं को डिजिटल-फर्स्ट सोचने में सक्षम बनाते हैं। इसे एक सरल एंड-टू-एंड डिजिटल सफ़र के रूप में बनाया गया है, जिसमें विशेष रूप से बजाज फिनसर्व ऐप और वेब पर उच्च ब्याज दरें उपलब्ध हैं।

यह एफडी खोलने के अनुभव को डिजिटल युग में लाता है।'' 30 सितंबर, 2023 तक बजाज फाइनेंस के ऐप प्लेटफॉर्म पर 44.68 मिलियन नेट उपयोगकर्ताओं के साथ 76.56 मिलियन ग्राहक जुड़े हैं। data.io की रिपोर्ट के अनुसार बजाज फिनसर्व एप भारत में प्लेस्टोर पर वित्तीय क्षेत्र में 4था सबसे अधिक डाउनलोड किया जाने वाला एप है। 30 सितम्बर, 2023 तक यह कंपनी 54,821 करोड़ रुपये और 1.4 मिलियन से अधिक डिपॉजिट की समेकित डिपॉजिट बुकिंग के साथ देश की सबसे बड़ी जमा लेने वाली एनबीएफसी बनकर उभरी है।

# सोहना की नई आबादी क्षेत्र में भी बनेंगे स्वागत द्वार, शहर में स्वागत द्वारों की संख्या हुई 8


सोहना के राजीव गांधी पार्क पर बनाया जाने वाला स्वागत द्वार।

**सोहना।** नगर परिषद ने शहर के सौंदर्यीकरण में बनाएं जाने वाले स्वागत् द्वारों की संख्यया दो गुणा कर दी है। शहर के दमदमा, बालूदा और अग्रसैन चौक पर भी स्वागत् द्वार बनाएगी।

नगर परिषद ने जिला, प्रदेश और देश के अलग-अलग कौने से आने वाले लोगों के स्वागत् में पुराने शहर के तीन मुख्य मार्गों पर स्वागत् द्वार बनाने की योजना बनाई थी। जिसमें चूंगी नंबर एक, नागरिक अस्पताल मार्ग और बस स्टैंड मार्ग शामिल थे। लेकिन अब नगर परिषद ने नई आबादी वाले क्षेत्र में भी स्वागत् द्वार बनाने का फैसला लिया है। जिससे शहर में बनाएं जाने वाले स्वागत् द्वारों की संख्या तीन से बढ़कर छह हो गई है। एक स्वागत् द्वार पर 20 से 22 लाख रुपये खर्च होंगे। पुराने शहर को जाने वाले मार्गों पर बनने वाले स्वागत् द्वारों का बजट शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण पर खर्च होने वाली 2 करोड़ रुपये की राशि से लिया जाएगा।

शहर के सौंदर्यीकरण पर अभी तक मुख्य रुपये कुल 8 स्वागत् द्वार बनाएं जाएंगे। शहर के देवीलाल मार्ग और राजीव गांधी पार्क पर स्वागत् द्वार बनाया जाएगा। देवीलाल मार्ग और राजीव गांधी पार्क पर बनने वाले स्वागत् द्वार आकर्षण के केन्द्र होंगे।

# परिषद कर्मचारियों ने बेघर मजदूरों को रैन बसेरे लाकर दिया आश्रय

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गुरुवार** की रात 11 बजे हाड़ कपा देने वाली सर्दी में बेघर पांच मजदूरों को दी गई रैन बसेरा में शरण। मजदूरों को रैन बसेरा में ही देर रात खाना बनाकर खिलाया। मजदूरों को नगर परिषद के कर्मचारी तलाश करने के दौरान सामान्य बस स्टैंड से बुलाकर लाए थे। हाड़ कपा देने वाली सर्दी का प्रकोप दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रही है। वहीं रात के समय में बेघर लोगों की तलाश करने के लिए तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। यें तीनों कर्मचारी शहर की अलग.अलग दिशाओं में रात के अंधेरे में बेघर लोगों को तलाश करेंगे। जिन्हें रैन बसेरे में लाकर सर्दी से बचने के लिए रात बिताने के लिए बिस्तर से लेकर खाना और जरुरत पडने पर दवाइयां दिलाने का काम करेंगे।

**पांच मजदूरों को दी शरण** : सामान्य बस स्टैंड भवन के एक कौने में उत्तर प्रदेश मूल के पांच मजदूर रात व्यतीत करने के लिए फर्श पर कपड़ा बिछाकर एक साथ रात व्यतीत करने


गुरुवार की रात 11 बजे सोहना के सामान्य बस स्टैंड से बेघर मजदूरों को परिषद कर्मचारी रैन बसेरे में विश्राम करने के लिए जेकर जाते हुए।

के लिए बैठें हुए थे। बेघर लोगों की तलाश में घूम रहे परिषद के कर्मचारी मजदूरों को रैन बसेरे में लेकर आए और उन्हे बिना किसी परेशानी के सुविधाओं के साथ सुलाने का काम किया।

**देर रात में मिलेगा ताजा खाना** : नगर परिषद प्रशासन ने देर रात में रैन बसेरे में आने वाले बेघर लोगों को भुखा नहीं सुलाया जाएगा। वहा पर मौजूद तीन कर्मचारी अपने हाथों से ताजा खाना बनाकर खिलाएंगे। रैन बसेरे में परिषद की तरफ से सूखा राशन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

> "रैन बसेरे में शरण लेने वाले प्रत्येक बेघर को जरुरत पड़ने पर खाना फ्री उपलब्ध किया जा रहा है। महिलाओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध की गई है। सर्दी से बीमार होने पर बेघर को तुरंत चिकित्सा सुविधा दिलाई जाएगी। तीन कर्मचारी बेघर लोगों की तलाश में हर दो घंटा में शहर की सड़कों से लेकर सार्वजनिक स्थानों पर पैदल चलकर तलाश करेंगे।
>
> **सतेन्द्र सिंह. सफाई इंस्पेक्टर**

## पश्चिम एशिया

### अशांत क्षेत्र

**पश्चिम एशिया** में रक्तपात और अशांति विश्व शांति के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया में युद्ध के विस्तार के बारे में सबसे खराब आशंकायें सही सिद्ध हो रही हैं। वैसे इस क्षेत्र में अस्थिरता हमेशा रही है जिसके प्रमाण टकराव, क्षेत्रीय सत्ता संघर्ष व क्षेत्रीयता संबंधी संवेदनशील मुद्दे हैं। राजनीतिक रूप से अस्थिर यह क्षेत्र अब पूरी तरह युद्ध क्षेत्र में बदल गया है। गाजा में इज़राइल और हमास तथा लेबेनान में हिजबुल्ला शांति भंग कर रहे हैं। आशंका है कि गाजा में इज़राइल का युद्ध और विस्तार ले सकता है। ईरान में हुए दो भयानक विस्फोट इसका संकेत देते हैं जिनमें 100 से अधिक लोगों की जानें गईं। इसके बाद लेबेनान में हुए हमले में हमास का उप-नेता मारा गया। ईरान में 15 मिनट के अंतराल पर हुए उपरोक्त हमले में 200 लोग घायल भी हुए जो मृत 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' जनरल कासिम सुलेमानी का शोक मनाने के लिए एकत्र हुए थे। इज़राइल और ईरान में लंबे समय से दुश्मनी चल रही है। गाजा युद्ध के दौरान लेबेनान, ईराक, सीरिया व यमन में ईरान-समर्थित समूहों की ओर से हिंसा बढ़ गई है। लेबेनान-इज़राइल सीमा पर बार-बार घातक संघर्ष हो रहे हैं, विश्व व्यापार के लिए महत्वपूर्ण लाल सागर क्षेत्र में जहाजों पर हमले हुए हैं तथा ईराक और सीरिया में अमेरिका-नीत गठबंधन बलों पर हमले हुए हैं। संक्षेप में, पश्चिम एशिया जल रहा है। लेबेनान में ईरान-समर्थित सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने बेरूत के दक्षिण में शिया मुसलमानों के मजबूत ठिकाने पर हुए हमले के लिए इज़राइल को जिम्मेदार ठहराया है। इससे युद्ध भड़क सकता है क्योंकि हिजबुल्ला ने प्रतिज्ञा की है कि अरूरी के हत्यारों को दंड दिया जाएगा।



पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थिति वाला लेबेनान भू-राजनीति में उठापटक का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है।

राजनीतिक और सैनिक रूप से प्रभावशाली शिया चरमपंथी समूह हिजबुल्ला इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। ईरान के समर्थन से वह सीरिया के गृहयुद्ध तथा इज़राइल के साथ तनाव में लिप्त है। इससे क्षेत्र में स्थिति और जटिल होती है। यह समूह लेबेनान की सीमाओं के पार भी प्रभाव डालने में सक्षम है जिससे क्षेत्र में शक्ति संतुलन प्रभावित हो सकता है। पश्चिम एशिया की बड़ी शक्ति ईरान में अनेक रहस्यमय धमाके हुए हैं जिनसे क्षेत्रीय अशांति में नए आयाम जुड़े हैं। ईरान के भीतर आर्थिक परेशानियों, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों तथा आंतरिक अशांति के कारण जटिल राजनीतिक परिस्थिति पैदा हुई है। इन घटनाओं का प्रभाव केवल देशों की सीमाओं तक सीमित नहीं है। इज़राइल-गाजा टकराव से तनाव बढ़ा है, हिजबुल्ला का प्रभाव नस्लवाद का एक तत्व जोड़ता है तथा ईरान में होने वाले रहस्यमय धमाके उसके आंतरिक स्थायित्व पर सवाल खड़े करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा अन्य विश्व शक्तियों को टकरावों को रोकने तथा राजनयिक समाधान तलाशने के प्रयास तेज करने चाहिए। संवाद और विचार-विमर्श पर पुन: ध्यान देने से क्षेत्रीय स्थिरता आ सकती है। इज़राइल-गाजा टकराव, हिजबुल्ला के प्रभाव तथा ईरान में हो रही दुर्घटनाओं से पश्चिम एशिया में उभरती राजनीति एक जटिल व विस्फोटक परिदृश्य उपस्थित करती है। वर्तमान समय में सारी दुनिया का ध्यान इस क्षेत्र पर केन्द्रित है, ऐसे में विभिन्न देशों को राजनयिक प्रयास और संवाद को प्रोत्साहित कर टकराव के मूल कारणों को संबोधित करना चाहिए। केवल समग्र व सहयोगी दृष्टिकोण से ये देश इस क्षेत्र में दीर्घकालीन स्थिरता लाने के साथ दुनिया का शांतिपूर्ण भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

# केरल में कम्युनिस्ट शासन की त्रासदी

केरल में कम्युनिस्ट शासन एक त्रासदी की तरह है। राज्य की कल्याणकारी योजनायें पीछे धकेल दी गई हैं तथा नेताओं के परिवारी जनों को महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं।



**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, द पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



केरल में कम्युनिस्ट शासन एक त्रासदी की तरह है। राज्य की कल्याणकारी योजनायें पीछे धकेल दी गई हैं तथा नेताओं के परिवारी जनों को महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं। दुनिया में कम्युनिस्ट शासन और कम्युनिस्ट देशों की सरकारें पहले भी त्रासदी और मजाक का विषय बने हैं। उस समय सबसे बड़े कम्युनिस्ट देश सोवियत संघ के बारे में अनेक मजाक प्रचलित थे। अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन वैश्विक मामलों पर अपने मजाकों तथा बेलाग टिप्पणियों के लिए जाने जाते थे। उन्होंने तत्कालीन सोवियत संघ और साम्यवाद के बारे में अनेक मजेदार कहानियां प्रचारित की थीं।

रोनाल्ड रीगन द्वारा बनाई गई एक कहानी एक अमेरिकी नागरिक तथा सोवियत संघ में उसके समकक्ष के बीच बातचीत के बारे में थी। चर्चा के दौरान अमेरिकी नागरिक ने अपने सोवियत मित्र से कहा, 'क्या तुम जानते हो कि हमारे देश में लोकतंत्र और स्वतंत्रता है। कोई भी अमेरिकी नागरिक अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय व्हाइट हाउस के ओवल आफिस में जाकर उनकी मेज थपथपा कर राष्ट्रपति से कह सकता है कि, मिस्टर रीगन मुझे आपके द्वारा देश चलाने का तरीका पसंद नहीं है। हमें अमेरिका में इतनी अधिक स्वतंत्रता मिली है।' इस पर रूसी का फौरन जवाब आया, 'यह कौन सी बड़ी बात है।

हम भी सोवियत संघ में सत्ता के केन्द्र रहे क्रेमलिन में जा कर अपने राष्ट्रपति की मेज थपथपा कर कह सकते हैं कि कामरेड गोर्बाचेव, मैं उस तरीके को नापसंद करता हूं जिस तरह राष्ट्रपति रीगन अमेरिका को चला रहे हैं।' लोकतंत्र के लिए कम्युनिस्टों की अपनी अलग किस्म की व्याख्यायें रही हैं। इसके सर्वोत्तम उदाहरण पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना- चीन लोक गणराज्य तथा डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक आफ कोरिया या उत्तर कोरिया हैं। हालांकि, ये देश अपने यहां लोकतंत्र होने की कसमें खाते हैं, पर मजेदार बात है कि इन देशों में रहने वाले नागरिक लोकतंत्र का अर्थ ही नहीं जानते हैं।

केरल में सत्तारूढ़ गठबंधन की प्रमुख शक्ति भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-माकपा का मुखपत्र 'पीपुल्स डेमोक्रेसी' है। केरल में माकपा पार्टी के कार्यकर्ता और एक्टिविस्ट केवल माकपा के स्वामित्व वाले 'देशाभिमानी' अखबार को पढ़ते हैं। उत्तर मलाबार क्षेत्र के 'पार्टी गांवों' में केवल माकपा-स्वीकृत अखबार और पत्रिकाओं की ही अनुमति है। इस क्षेत्र में कन्नूर, कासरगोड़ व कुछ सीमा तक कोजीकोड जिले आते हैं। 'पार्टी गांव' उन गांवों को कहते हैं जहां केवल पार्टी का आदेश माना जाता है। इन गांवों में पिता-माता-बेटा-बेटी के कोई संबंध नहीं हैं। इन गांवों में पार्टी का आदेश न मानने वालों को गांव छोड़ कर जाना पड़ता है अथवा उनकी लाशें मिलती हैं। यह इन गांवों के बारे में कोई अतिरंजित कथन न होकर कटु यथार्थ है।

2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत से मुसलमानों ने कांग्रेस की बड़ी विजय का अनुमान लगा कर यूडीएफ-कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को वोट दिए थे, पर उनको भाजपा की भारी विजय से धक्का लगा। इसकी प्रतिक्रिया में उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनाव में मार्क्सवादियों यानी माकपा को वोट दिए। लेकिन 2021 में दूसरा कार्यकाल प्राप्त करने के पहले ही दिन से माकपा के लिए कुछ ठीक नहीं हो रहा है। राज्य में पहले भी इस बात के उदाहरण रहे हैं कि जब भी मार्क्सवादी थिरुअनंतपुरम की सत्ता में आए, उन्होंने सारे सरकारी, अर्ध-सरकारी व स्वायत्तशासी संस्थाओं के पदों पर अपने पार्टी कार्यकर्ताओं या अपने रिश्तेदारों को भर दिया। यह भी एक तथ्य है कि माकपा सरकारें राज्यपालों पर अपनी मर्जी थोपती रही हैं। जहां पूर्व राज्यपाल पी. सदाशिवम माकपा की धुन पर नाचते थे, वहीं वर्तमान राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान राजभवन से लगातार माकपा सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रहे हैं। माकपा सरकार राज्यपाल को अपनी राह पर चलने को मजबूर करने में सफल नहीं हुई है।

राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान ने माकपा द्वारा पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं व अपने रिश्तेदारों को विश्वविद्यालयों के उप-कुलपति बनाने या उनकी फैकल्टी में भरने के प्रयासों को तगड़ा धक्का दिया है। इस कारण मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन राज्यपाल से बहुत नाराज हैं और उनके हमले लगातार तीखे होते जा रहे हैं। हालांकि, राज्यपाल को राज्य की जनता में बहुत सम्मान प्राप्त है क्योंकि वे उसके लिए सच्चे विपक्षी नेता की तरह काम कर रहे हैं। लेकिन माकपा सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा कर राज्यपाल को यह निर्देश देने को कहा है कि वे विधायिका और मंत्रि परिषद द्वारा पास विधेयकों पर हस्ताक्षर कर दें। इस बीच सर्वोच्च न्यायालय ने कन्नूर विश्वविद्यालय के उप-कुलपति गोपीनाथ रवीन्द्रन के कार्यकाल विस्तार को शून्य व निष्प्रभावी घोषित कर दिया है। रवीन्द्रन माकपा-समर्थक और मुख्यमंत्री के गांव में रहने वाले हैं। उनकी नियुक्ति मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन तथा उच्च शिक्षा मंत्री बिंदू की पैरोकारी पर हुई थी। संयोग से उच्च शिक्षा मंत्री बिंदू माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य ए. विजयराघवन की पत्नी हैं।

केरल में पूरे शिक्षा क्षेत्र पर माकपा का प्रत्यक्ष या परोक्ष कब्जा है। यह कोई छिपी बात नहीं है कि उप-कुलपतियों तथा विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के नामों को नियुक्ति के पहले माकपा की राज्य समिति की स्वीकृति जरूरी होती है। केरल के विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानों में पीएचडी डिग्री उन छात्रों को ही मिलती है जिनकी संस्तुति माकपा के मुख्यालय 'एकेजी' द्वारा की जाती है। कला और मानविकी विषयों में अधिकांश पीएचडी धारक केरल की अकादमिक दुनिया में मजाक का विषय बन गए हैं। अनेक पीएचडी उपाधि प्राप्त छात्र स्वयं नहीं जानते हैं कि उनको किस विषय पर डाक्टरेट मिली है।

एक समय था जब केरल से नौकरियों के इच्छुक लोग कोलकाता, चेन्नै और मुंबई में आजीविका के लिए लाइनें लगाते थे। अब बंगाल से अपनी किस्मत बनाने के लिए लोग बड़ी संख्या में केरल के रोजगार-बाजार में आ रहे हैं क्योंकि कोलकाता की 'राइटर्स बिल्डिंग' में वाम मोर्चे का सूर्य डूब चुका है। केरल के पेरुंमबवूर जैसे छोटे से कस्बे में लगभग दो लाख बंगाली प्रवासी श्रमिक आ गए हैं। वे प्लाईवुड निर्माण इकाइयों, टिंबर मिलों, रेस्टोरेंटों व हेयर ड्रेसिंग सैलूनों में काम करते हैं। राज्य सरकार के पास दूसरे राज्यों से केरल में आने वाले प्रवासी श्रमिकों का कोई रिकार्ड नहीं है। यह बात गारंटी के साथ कही जा सकती है कि केरल में ऐसे कोई वाणिज्यिक या बिजनेस उद्यम नहीं होंगे जहां बंगाल और त्रिपुरा के प्रवासी श्रमिक काम न करते हों। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि केरल में आने वाले प्रवासी श्रमिकों में अनेक लोग अवैध रूप से देश में प्रवेश कर चुके बांग्लादेशी हैं जो स्वयं को बंगाली या त्रिपुरा वासी बताते हैं। प्रवासी अपने साथ अनेक समस्यायें भी लाते हैं। उनका बहुत बड़ा हिस्सा अवैध कार्यों व अपराधों में लिप्त पाया गया है जिससे केरल की स्थानीय जनता तथा पुलिस अधिकारियों के लिए समस्यायें पैदा हो रही हैं।

दूसरी ओर केरल में शिक्षा तथा रोजगार की बुरी स्थितियों के कारण प्रदेश से हजारों नौजवान पढ़ाई और रोजगार की तलाश में प्रदेश ही नहीं देश छोड़ कर जा रहे हैं। इंस्टीट्यूट आफ हार्ट साइंसेज़ के निदेशक डा. के.एम. चेरियन की केरल के मामलों पर गहरी नजर है। उनके अनुसार, पहले रोज लगभग 1,000 से अधिक लोग केरल छोड़ कर यूरोप, अमेरिका, आस्ट्रेलिया व अफ्रीका पढ़ने या रोजगार की तलाश में जाते रहे हैं। सम्मानित आध्यात्मिक नेता ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केरल से दूसरे देशों में जा चुके ऐसे छात्र और नौजवान वापस केरल नहीं आएंगे क्योंकि वे अपनी भलाई के लिए यहां से गए हैं। इस प्रकार केरल में माकपा का शासन एक त्रासदी की तरह है जो राज्य को लगातार बरबादी की ओर धकेल रहा है।

# भारत-रूस निकटता से नाराज़ अमेरिका

> भारत को पश्चिम और उसके करीबी सहयोगी अमेरिका से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उसने रूस से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार किया है।


**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, पविदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



आगामी वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन में सुदूर पूर्व सहित रूस से सबसे अधिक प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी कि विदेश मंत्री ने 2023 का आखिरी सप्ताह रूस में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात में बिताया। दो वर्षों में जब से रूसी सैनिकों ने यूक्रेन में धावा बोलकर कई हिस्सों पर अपना दावा किया है, भू-राजनीति में और पश्चिमी शक्तियों द्वारा भारत को देखने के तरीके में भारी बदलाव आया है। भारत को पश्चिम और उसके करीबी सहयोगी अमेरिका से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उसने रूस से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार किया है, जो प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। यूक्रेन में युद्ध छिड़ने के बाद लगभग दो साल पहले विदेश मंत्री की पहली यात्रा वाशिंगटन की थी। भारत धैर्यपूर्वक रूसी तेल खरीदने पर अड़ा रहा और खुले तौर पर युद्ध की निंदा नहीं की। इससे भारत को घरेलू स्तर पर तेल की कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर बनाए रखने में मदद मिली, जब पश्चिम तेल-जनित मुद्रास्फीति से गुजर रहा था।

चतुर कूटनीतिक रास्ता रंग लाया और, धीरे-धीरे आलोचना खत्म हो गई, क्योंकि पश्चिम ने भारत में अपने से अलग पूल से तेल खरीदने में योग्यता देखी, जिससे उनके लिए कीमतें कम हो गईं। 2022 में जी20 शिखर सम्मेलन की घोषणा के दौरान प्रधान मंत्री मोदी का एक चतुर वाक्यांश, कि यह युद्ध का युग नहीं है, सभी बोर्ड में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया था।

इस बीच, भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन से बहुपक्षीय मंचों पर कई बार मुलाकात की और 2023 में वाशिंगटन की राजकीय यात्रा के साथ इसे शीर्ष पर रखा। भारत जानता है कि प्रतिस्पर्धी आर्थिक हितों और राजनीति की



दुनिया में सफल होने के लिए, अमेरिका उसका सहायक है, बेहतर परिणाम की प्रतीक्षा करनी होगी।। भारत रक्षा से प्रौद्योगिकी साझेदारी तक संबंधों का विस्तार करते हुए अमेरिका के साथ कई महत्वपूर्ण लंबी दूरी के द्विपक्षीय सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करने में कामयाब रहा। भारत और अमेरिका के शीर्ष नेताओं के बीच नियमित बातचीत और अमेरिका में नीति निर्माताओं को दिए गए स्पष्ट स्पष्टीकरण ने यह सुनिश्चित किया कि छोटी-मोटी गड़बड़ियां, यदि कोई हों, सुलझा ली गईं। इसी संदर्भ में भारत-रूस संबंधों को देखा जाना चाहिए, जो शायद लगभग चार दशकों में सबसे स्थिर द्विपक्षीय संबंध है। रूस के एफएम सर्गेई लावरोव के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, हमने इस तथ्य की सराहना की कि हमारा व्यापार अब तक के उच्चतम स्तर पर है। हमने पिछले साल 50 अरब डॉलर का कारोबार पार कर लिया।

हमें इस वर्ष इससे अधिक होने की उम्मीद है। और जो महत्वपूर्ण है वह यह है कि यह व्यापार अधिक संतुलित है। यह टिकाऊ है, और यह निष्पक्ष बाजार पहुंच प्रदान करता है... आज हम अपने व्यापार में ऊर्जा, उर्वरक और कोकिंग कोयला उसके बहुत बड़े घटक हैं। हमने आपसी निवेश और द्विपक्षीय निवेश संधि पर प्रगति की आवश्यकता पर चर्चा की। हमने कल रेलवे के बारे में, औद्योगिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के बारे में बात की।

हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत इस साल जनवरी की दूसरी छमाही में फिर से शुरू की जाएगी। ऊर्जा के क्षेत्र में, जैसा कि मैंने बताया, आज हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं, रूस में भारतीय निवेश और तेल एवं गैस दोनों के संदर्भ में, जिसका हम विस्तार करना चाहते हैं। परमाणु में भी; कल हमने दो महत्वपूर्ण संशोधनों पर हस्ताक्षर किए, जो कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना को आगे ले जाएंगे।

हमने कनेक्टिविटी के बारे में भी बात की; अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के माध्यम से पश्चिमी भारत से कनेक्टिविटी। साथ ही पूर्वी भारत से, चेन्नई से व्लादिवोस्तोक और ध्रुवीय मार्ग तक कनेक्टिविटी। यह बयान दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक रोडमैप निर्धारित करता है। हाल के दिनों में, रूस चीन के करीब आ गया है और भारत के अमेरिकी भू-राजनीतिक विश्व दृष्टिकोण के विपरीत पक्ष में है। भारत-चीन के बीच सैन्य तनाव बढ़ने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में काफी गिरावट आई है। 2024 में जब अमेरिका और भारत दो सबसे बड़े लोकतंत्रों को चुनाव का सामना करना पड़ रहा है, तो इन दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों पर अभियानों के दौरान व्यापक रूप से चर्चा की जाएगी। रूस यात्रा दीर्घकालिक मित्रता के महत्व को दोहराने की एक कवायद थी।

## आप की बात

### अयोध्या की महिमा

**श्रीराम की जन्मभूमि** अयोध्या भारतीय सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर का अद्वितीय प्रतीक है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में हो रही श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा एक ऐतिहासिक घड़ी है। यह केवल मंदिर नहीं बल्कि एक समृद्धिशाली राष्ट्र के पुनर्निर्माण का प्रारम्भ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस महत्वपूर्ण क्षण को विश्वभर के लोगों के साथ साझा करने का निर्णय किया है। आज की युवा पीढ़ी को समर्पण के साथ समृद्ध भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। अयोध्या को नया आधार बनाते हुए हमें सांस्कृतिक व आर्थिक समृद्धि तथा नैतिक समृद्धि की दिशा में अग्रणी बनने का संकल्प करना चाहिए। युवा पीढ़ी को भारतीय सभ्यता व संस्कृति के वारिसत तथा वाहक के रूप में सामाजिक सबलता, धरोहर संरक्षण, और सबके लाभ के लिए काम करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। जिस प्रकार भगवान श्रीराम देश के कण-कण में और हर व्यक्ति के मन में बसे हैं, उसी प्रकार हमें अयोध्या के विकास से सबक लेकर अपने हर नगर, गांव, मुहल्ले को अयोध्या की तरह ही पवित्र, भव्य व स्वच्छ बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह विकसित भारत के संकल्प की दिशा में सारी जनता के एकजुट होकर बढ़ने का भी मार्ग है।

– **अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### शीत लहर का प्रकोप

**मौसम वैज्ञानिकों** ने अनुमान लगाया था कि इस साल ज्यादा सर्दी नहीं पड़ेगी पर अब पूरा उत्तर भारत शीत लहर के प्रकोप में है। स्कूलों में जाड़ों की छुट्टियां चल रही हैं और डॉक्टर लगातार सावधान रहने की चेतावनी दे रहे हैं। मैदानी इलाकों में पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं का प्रकोप भी बढ़ गया है। बहुत से इलाकों में बहुत देर में धूप के नजारे हो रहे हैं। लेकिन विडंबना है कि उत्तराखंड से लेकर हिमाचल और कश्मीर तक इस बार भीषण सर्दी के बावजूद ज्यादा बर्फबारी नहीं हुई है। पर्वतीय इलाकों में इसको लोग सूखी ठंड कहते हैं। यह वहां के लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के साथ सेब जैसी फसलों को बुरी तरह प्रभावित करती है। मौसम की खराबी के साथ ही कठिनाई यह है कि हम पर्यावरण और समाज की त्रासदियों व चुनौतियों को लेकर बेपरवाह होते जाते हैं। हालांकि, मैदानी क्षेत्रों में राज्य सरकारें व स्थानीय संस्थायें लोगों को सर्दी से बचाने के प्रयास कर रही हैं, पर इन प्रयासों में तेजी लाने तथा जन-सहभागिता बढ़ाने की जरूरत है। जाड़े में अधिक पौष्टिक भोजन तथा स्वच्छ जल की आवश्यकता होती है। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

–**सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

### ब्रिटेन की राजनीति

**2019** के ब्रिटिश आम चुनाव में 650 सदस्यों वाले हाउस ऑफ़ कॉमन्स में कर्न्सवेटिव पार्टी ने 365 सीट जीत कर परचम लहराया था। उसने अंग्रेजों से ब्रेक्सिट से अच्छे दिन लाने का वादा किया था। मगर धीरे-धीरे यह पार्टी आंतरिक व बाहरी मुसीबतों में फंस गई। यह ब्रेक्सिट से हुई आर्थिक बदहाली एवं आपसी खींचतान में ऐसी फंसी कि पिछले चार साल में इनको तीन प्रधानमंत्री बनाने पड़े। बोरिस जॉनसन व लीज़ ट्रस के बाद आए ऋषि सुनक की बॉडी लैंग्वेज से लगता है कि इनसे भी अब सत्ता संभल नहीं रही है। उन्होंने 2024 की दूसरी छमाही में आम चुनाव का इरादा जता दिया है। पिछले चार वर्ष से ब्रिटिश समाज में विभिन्न वर्गों की अनेक हड़तालें हुई हैं। वर्तमान समय में भी वहां जूनियर डॉक्टर एक सप्ताह की हड़ताल पर हैं। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के इतिहास में यह सबसे लंबी हड़ताल है। भारत में बहुत से लोग भारतीय मूल के ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बनने से बहुत प्रसन्न थे और इसे भारतवंशियों की प्रगति की तरह पेश किया जा रहा था। विडंबना है कि कहीं ऋषि अत्यधिक निष्प्रभावी ब्रिटिश प्रधानमंत्री न बन जाएं।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### पवन खेड़ा पर शिकंजा

**नरेंद्र मोदी** व उनके पिताजी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर एफआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ कार्रवाई रद्द करने से इंकार करते हुए कहा है कि उन्हें इसका सामना करना होगा। इससे पूर्व हाई कोर्ट से भी उन्हें राहत नहीं मिली थी। इससे वरिष्ठ कांग्रेसी तथा बड़बोले पवन खेड़ा पर शिकंजा कस गया है। यह दूसरे राजनेताओं के लिए सबक है। पिछले कई साल से नेताओं की एक-दूसरे पर अनर्गल टिप्पणियां होती रही हैं। कभी-कभी जानबूझ कर ऊलजुलूल बयानबाजी करने के बाद ऐसे नेता सफाई देते हैं या मीडिया पर बयान को तोड़मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाकर छूट जाते हैं। आधुनिक तकनीकी युग में अगर सुई भी गिरती है तो पूरे संसार को मीडिया द्वारा पता चल जाता है और नेताओं के विवादास्पद बयान रिकार्ड का हिस्सा बन जाते हैं। पवन खेड़ा के बयान से साफ-साफ अहंकार की बू आती थी जिससे वे गरीब परिवार की पृष्ठभूमि वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाना चाहते थे। उम्मीद करनी चाहिए कि अब पवन खेड़ा को कठोर सजा मिलेगी।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# यूपी की सार्वजनिक वितरण प्रणाली सर्वश्रेष्ठ

## योगी ने राज्य सूचना आयोग के नए ऑनलाइन पोर्टल व मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया

● 2017 के पहले प्रदेश में होता था खाद्यान्न घोटाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में खाद्यान्न घोटाला होता था। जनपदों में गरीबों का खाद्यान्न पर डाका डाला जाता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 80000 से अधिक राशन की उचित दर की दुकाने हैं। राज्य में हमारी सरकार बनते ही हमने राशन की सभी दुकानों पर एक साथ छापा मरवायाए जिसमें 30 लाख फर्जी राशन कार्ड मिले। जिनके नाम पर राशन तो निकलता थाए लेकिन किसी जरूरतमंद को नहीं मिलता था। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली आज देश में सबसे उत्कृष्ट है। आज प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग राशन की उचित दर की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें बिना किसी घटतौली और देरी के खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। इससे राज्य सरकार को प्रति वर्ष 1200 करोड़ रुपए की बचत हो रही है।

सीएम योगी शुक्रवार को आरटीआई भवन में राज्य सूचना आयोग की शिकायतों एवं द्वितीय अपीलों की ई-फ इलिंग एवं ऑनलाइन सुनवाई की सुविधा के लिए ऑनलाइन पोर्टल एवं मोबाइल ऐप (कंप्लेंट व अपील ट्रैकिंग सिस्टम-उत्तर प्रदेश स्टेट इन्फॉर्मेशन कमीशन) का शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि तकनीकि किसी व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम बन सकती है। सीएम योगी ने कहा कि इस ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल ऐप के शुरू हो जाने से किसी भी व्यक्ति को अपनी शिकायतों के लिए राज्य सूचना आयोग के दफ्तर फिजिकली नहीं आना पड़ेगा। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसके सूचना आयोग के पास शिकायतों के निस्तारण के लिए अपना साफ्टवेयर और ऐप है।

सीएम योगी ने कहा कि पिछले तीन वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग द्वारा 110000 से अधिक मामलों का निस्तारण हुआ है। 85000 नए मामले सामने आए हैं। अगर तकनीकि का सही इस्तेमाल करते हुए बेहतर टीम वर्क के साथ कार्य किया गया तो आने वाले समय में सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध ढंग से हो जाएगा। साथ ही हम इसे जीरो पेंडेंसी तक पहुंचाने में सफ ल रहेंगे। उन्होंने कहा कि यही इस कानून की उपयोगिता है और यही एक नागरिक का अधिकार भी है, जो लोकतंत्र में एक सामान्य नागरिक को प्राप्त होना ही चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि ई हियरिंग आज समय की मांग है लेकिन बाबू लोग इसे होने नहीं देंगे क्योंकि वह इन्हीं चीजों का दुरुपयोग करते हैं। हमें पूरी शक्ति के साथ इस दिशा में आगे बढ़ना पड़ेगा तभी एक सामान्य नागरिक का लोकतंत्र में विश्वास मजबूत होगा। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में जब हमारी सरकार बनी तो राजस्व विभाग में वरासत, नामांतरण और पैमाइश के 12 लाख मामले लंबित थे। हमने इस दिशा में मिशन मोड में कार्य करना शुरू किया और अगले दो महीने अंदर लाखों मामलों का निस्तारण हो गया। फि र इस दिशा में हमने आईजीआरएस पोर्टल विकसित किया, जिससे राजस्व विभाग से जुड़े मामलों के निस्तारण में तेजी आई।

# गोरखपुर का एक लाख का ईनामी शूटर एसटीएफ के साथ मुठभेढ़ में ढेर

● राजधानी सहित कई जिलों में हत्या की वारदातों को दे चुका था अंजाम

● चाइनीज पिस्टल, फैक्ट्री मेड स्टेनगन और स्विफ्ट डिजायर कार बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** सहित विभिन्न जिले में हुई हत्या की कई सनसनीखेज घटनाओं में शामिल रहे और गोरखपुर से एक लाख का ईनामी शार्प शूटर विनोद कुमार उपाध्याय सुल्तानपुर में एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। उसके खिलाफ प्रदेश के विभिन्न जिलों में जघन्य अपराधों के तीन दर्जन मुकदमे दर्ज थे। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। एसटीएफ को उसके पास से 30 बोर चाइनीज कंपनी मेड पिस्टल, स्टेनगन 9 एमएम फैक्ट्री मेड और एक स्विफ्ट डिजायर कार मिली है।

ईनामी अपराधियों के संबंध में छानबीन के दौरान एसटीएफ को जानकारी मिली कि विनोद कुमार उपाध्याय एक कुख्यात बदमाश है। इसका आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का अपना एक गिरोह है। जिनका जनपद गोरखपुर, बस्ती, संतकबीरनगर व आसपास के जनपदों में हत्या, लूट, अवैध कब्जा, व्यापारियों व अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों से रंगदारी मांगना तथा रंगदारी का पैसा न मिलने पर उनकी हत्या कर लोगों में भय व्याप्त करता है। इसने वर्ष 2001 में थाना गोरखनाथ में राजू निवासी जटेपुर, दक्षिणी धर्मशाला, थाना गोरखनाथ, जनपद गोरखपुर की हत्या, वर्ष 2005 में जनपद संतकबीर नगर थाना बखिरा में जीत नारायण मिश्रा पुत्र बद्री नारायण मिश्रा निवासी भैरहवां, नेपाल की हत्या, वर्ष 2007 में हजरतगंज लखनऊ में मो. अफजल उर्फ फैजी पुत्र मो. जमील निवासी नरसिंहपुर, थाना तिवारीपुरए जनपद गोरखपुर की हत्या, वर्ष 2014 मे थाना कैण्ट गोरखपुर में लाल बहादुर यादव पुत्र राम धनेश यादव निवासी चैरिया थाना बेलीपार, गोरखपुर की हत्या कर चुका है। इसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, रंगदारी व अवैध कब्जे के कई अभियोग पंजीकृत हैं। इसके गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन द्वारा एक लाख रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था।हाल में ही इसके द्वारा आपराधिक गतिविधियों से अर्जित की गयी कई संपत्तियों की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा की गई है। अभिसूचना संकलन के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि विनोद उपाध्याय जिन व्यवसायियों से रंगदारी मांग रहा था रंगदारी के पैसे न मिलने पर कभी भी उन पर जानलेवा हमला कर सकता है। साथ ही यह भी ज्ञात हुआ कि विनोद अपनी उपस्थिति छिपाने के लिए कार से उप्र के विभिन्न जनपदों एवं अन्य प्रान्तों में घूमता रहता है। उसकी तलाश में एसटीएफ की टीम सुल्तानपुर में मौजूद थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा बताया गया कि विनोद उपाध्याय थाना क्षेत्र कोतवाली देहात अन्तर्गत किसी से मिलने आने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ पहुंचकर घेराबंदी की गई। 3.20 बजे प्रातः लखनऊ की ओर से आती हुई स्विफ्ट डिजायर कार को एसटीएफ ने रोकने का प्रयास किया लेकिन कार सवार गाड़ी न रोकते हुए अर्द्धनिर्मित बाईपास पर भागने लगा। तत्पश्चात एसटीएफ टीम द्वारा उसका पिछा किया जाने लगा। लगभग 2-3 किमी आगे जाकर सर्विस लेन के अर्द्धनिर्मित सीमेण्ट के पत्थर से अनियंत्रित होकर टकरा गई। कार सवार तेजी से अपने कार का दरवाजा खोलकर भागकर पास में पड़े मिट्टी के टीले का सहारा लेकर एसटीएफ टीम पर हथियार निकाल कर फ ायर करने लगा। जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए फ ायरिंग की गई तो बदमाश एसटीएफ पार्टी को निशाना बनाते हुए जान से मारने की नियत से फ ायरिंग करता रहा, जिसके जबाब में एसटीएफ टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फ ायरिंग की गई, जिससे वह गोली लगने के कारण घायल हो गया। घायल बदमाश को तत्काल सरकारी अस्पताल सुलतानपुर ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। मृत बदमाश की पहचान विनोद उपाध्याय पुत्र स्व. राम कुमार उपाध्याय जनपद फैजाबाद के रूप में हुई।

इस अपराधी ने वर्ष 2001 में अपने साथियों के साथ मिल कर राजू पुत्र नबीउल्ला निवासी जटेपुर दक्षिणी धर्मशाला, थाना गोरखनाथ की हत्या कर दी थी। वर्ष-2005 में साथियों के साथ मिलकर जीतनरायण मिश्र पुत्र बद्रीनारायण मिश्र निवासी भैरहवा नेपाल की 7 अगस्त 2005 को गोली मारकर हत्या कर दी थी। वर्ष-2007 में साथियों के साथ मिलकर मोहम्मद अफ जल उर्फ फैजी पुत्र मोहम्मद जमील निवासी भरसिंहपुर थाना तिवारीपुर, जनपद गोरखपुर की हत्या कर दिया था। जिस सम्बन्ध में थाना हजरतगंज, लखनऊ में मुकदमा दर्ज हुआ था। वर्ष-2014 में साथियों के साथ मिलकर लाल बहादूर यादव पुत्र रामधनेष यादव निवासी चैरिया बेलीपार गोरखपुर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोरखपुर के कैंट थाने में इस संबंध में मुकदमा दर्ज है।

## आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती के लिए हो रही पुख्ता तैयारी

# 6.5 हजार परीक्षा केंद्रों में 31 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी दे सकेंगे परीक्षा

● 60 हजार से अधिक पदों के लिए 18 फरवरी को प्रस्तावित है परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** फरवरी में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 के लिए योगी सरकार पुख्ता तैयारियों में जुट गई है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों के साथ उनकी क्षमता के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्ताव के तहत सरकार करीब 6.5 हजार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन कर सकती है। इन परीक्षा केंद्रों की कुल क्षमता 31.75 लाख से भी ज्यादा होगी। परीक्षा केंद्रों का चयन आधारभूत मानकों पर किया जाएगा। साथ ही परीक्षा भवन संबंधी मानकों पर खरे उतरने वाले केंद्रों को ही अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने हाल ही में 60 हजार से अधिक पदों के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 का नोटिफिकेशन जारी किया है। 18 फरवरी को परीक्षा प्रस्तावित है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया में कुल 6484 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 31075 लाख से अधिक है। जोन में 4844 तो कमिश्नरेट में 1640 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। जोन की बात करें तो सर्वाधिक 832 परीक्षा केंद्र लखनऊ में होंगे, जिनकी कुल क्षमता 4 लाख से ज्यादा है। बरेली में 741 परीक्षा केंद्र (कुल क्षमता 3.43 लाख से अधिक), गोरखपुर में 699 (कुल क्षमता 3.49 लाख से अधिक), वाराणसी में 647 (कुल क्षमता 3.47 लाख से अधिक), आगरा में 540 (कुल क्षमता 2.61 लाख से अधिक), कानपुर नगर में 527 (कुल क्षमता 2.31 लाख से अधिक), मेरठ में 464 (कुल क्षमता 2.39 लाख से अधिक) और प्रयागराज में 394 (कुल क्षमता 1.94 लाख से अधिक) परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं। वहीं कमिश्नरेट में सर्वाधिक 488 परीक्षा केंद्र प्रयागराज में प्रस्तावित हैं जिनकी कुल क्षमता 2.25 लाख से अधिक है। इसी तरह कानपुर नगर में 271 (कुल क्षमता 1.05 लाख से अधिक) आगरा में 261 (कुल क्षमता 1.23 लाख से अधिक), वाराणसी में 237 (कुल क्षमता 1.29 लाख से अधिक), लखनऊ में 148 (कुल क्षमता 1.05 लाख से अधिक), गाजियाबाद में 127 (कुल क्षमता 58 हजार से अधिक) और गौतमबुद्धनगर में 108 (कुल क्षमता 53 हजार से अधिक) परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं।

सभी परीक्षा केंद्रों को आधारभूत मानकों पर खरा उतरने के बाद ही हरी झंडी दी जाएगी। इसमें परीक्षा केंद्र का प्रकार यानी केंद्र शासकीय है या शासकीय सहायता प्राप्त है या फिर निजी के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा। वहीं केंद्र का पिछला प्रदर्शन भी देखा जाएगा, जिसमें पूर्व में आयोजित परीक्षाओं में यदि कोई प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आया होगा या फि र विद्यालय संदेहास्पद होगा तो ऐसे संस्थानों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त इन केंद्रों में विगत 3 वर्षों में विभिन्न चयन आयोगों द्वारा आयोजित परीक्षाओं का विवरण भी देखा जाएगा। कोचिंग संस्थानों को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों का वर्गीकरण भी किया गया है। इसमें श्रेणी ए में निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले एवं शहर के अंदर, नजदीक स्थित सभी शासकीय विद्यालयों को रखा गया है। वहीं, श्रेणी बी में निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले एवं शहर के अंदर या नजदीक स्थित सभी शासकीय वित्तपोषित विद्यालयों को रखा गया है। श्रेणी सी में निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले एवं शहर के अंदर या नजदीक स्थित प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त निजी एवं मिशनरीज विद्यालय, सीबीएसई, आईसीएसई विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी विद्यालय एवं विश्वविद्यालय शामिल हैं। श्रेणी डी में संदिग्ध विद्यालयए संस्थान जो किसी भी आयोग, बोर्ड द्वारा प्रतिचारित हुए हों को रखा गया हैए जिन्हें परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा।

बोर्ड द्वारा परीक्षा भवन संबंधी मानक भी तय किए गए हैं। इनमें परीक्षार्थियों के बैठने की क्षमता एवं कक्षों की संख्या के साथ परीक्षा केंद्रों में बाउंड्रीवाल एवं गेट अनिवार्य है। परीक्षा हॉल, मेन गेट समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए। इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे से युक्त एक अलग कक्ष अनिवार्य है। साथ ही परीक्षा केंद्र के करीब वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी होनी चाहिए। पीने के पानी की व्यवस्था एवं महिला व पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था होगी।

# कण-कण में व्याप्त राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएगी प्रदेश सरकार

रामोत्सव 2024

● प्रसिद्ध स्थानों सहित रामनगरी के 25 पौराणिक स्थलों व चौराहों पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या



**योगी** सरकार कण-कण में व्याप्त राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएगी। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध परंपरा को और निखारकर पूरे प्रदेश को राममय करेगी। इसी क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनाए जाने वाले मंच भी रामायण से जुड़े प्रसंगों पर होंगे। योगी सरकार प्रतिदिन उत्तर प्रदेश समेत देश के नामचीन व नवोदित 500 प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराएगी। साथ ही रामनगरी के कई प्रमुख स्थानोंए 25 पौराणिक स्थलों-चौराहों पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे।

योगी सरकार की कल्पना है कि अयोध्या के प्रमुख स्थानों पर रामायणकालीन प्रसंगों पर आधारित मंच भी बने, जिससे नई पीढ़ी भी श्रीराम की सदाशयता से अवगत हो। योगी सरकार की तरफ से श्रीराम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर राम की पैड़ी पर पुरुषोत्तम मंच, भजन संध्या स्थल पर सरयू मंच, सांस्कृतिक संकुल प्रेक्षागृह में भरत मंच, रामकथा पार्क में कागभुशुन्डि मंच, तुलसी उद्यान में तुलसी मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुर सरिता बहाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही शहर के प्रमुख 25 पौराणिक स्थलों-चौराहों पर भी सांस्कृतिक आयोजन होंगे। इसमें नामचीन व नवोदित प्रतिभाएं भी अपनी कला दिखाएंगी।

योगी सरकार श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर संतों द्वारा रामकथा, अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय रामलीलाओं का मंचन, रामायण परंपरा पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां, शास्त्रीय-उप शास्त्रीय, लोकगायन-वादन व नृत्य की प्रस्तुतियां, रंगोली-चित्रकला, रामायण पर आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन कराएगी। लोक में राम पर आधारित नाट्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगी। इसका उद्देश्य पूरे यूपी को राममय करना है।

बीते दिनों लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण, कीर्तन, रामचरित मानस के आयोजन कराने के निर्देश दिए थे। अयोध्या के दिगंबर अखाड़ा, वाल्मीकि मंदिर नया पुरवा, वेद मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, जानकी महल, रामजानकी मंदिर भरत कुंड, जालपा मां मंदिर, गुप्तार घाट, रामानंद आश्रम निकट छोटी छावनी, वाल्मीकि भवन, सूर्यकुंड समेत कई स्थानों पर 14 जनवरी से 24 मार्च तक भजन-कीर्तन, रामायण-रामचरित मानस पाठ, सुंदरकांड आदि कार्यक्रम के आयोजन पर भी जोर है।

प्राचीन मान्यताओं के अनुसार किसी भी शुभ कार्य के आरंभ से पहले शंख बजाने से ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसकी ध्वनि से सभी बाधाओं व दोषों को दूर करते हुए सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार श्रीराम जन्मभूमि में 1111 शंखों का वादन करते हुए विश्व रिकॉर्ड किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए एनसीजेडसीसी व आईजीएनसीए की मदद ली जाएगी। इसके अलावा सामूहिक सरयू आरती व सौष्ठव कलाओं के प्रदर्शन का विश्व रिकॉर्ड बनेगा।

## न्यायाधीश को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



**लखनऊ।** एसटीएफ ने सीतापुर एससीएसटी कोर्ट के न्यायाधीश को जान से मारने की धमकी देने वाले कुख्यात हिस्ट्रीशीटर सुकरू उर्फ संदीप दूबे को सीतापुर से गिरफ्तार किया। अभिसूचना संकलन के दौरान मिली सटीक जानकारी के आधार पर एसटीएफ की टीम सीतापुर में छानबीन कर रही थी। सूचना प्राप्त हुई कि हत्या की घटना में वांछित व सीतापुर एससीएसटी कोर्ट के न्यायाधीश को जान से मारने की धमकी देने वाला अभियुक्त सुकरू उर्फ सन्दीप दूबे थाना लहरपुर क्षेत्र में धौरहरा गांव के पास अपने साथियों से मिलने आया है। इस सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि उसके विरुद्ध थाना रामकोट सीतापुर में हत्या व एसीएसटीएक्ट का मुकदमा दर्ज था। जिसमें उसे न्यायालय द्वारा जल्द ही सजा होने वाली थी। न्यायालय के निर्णय से पूर्व ही वह अपने साथियों के साथ मिलकर सम्बन्धित न्यायाधीश को जान से मारने की धमकी दिया था।

# टूटा रिकॉर्ड, 9 माह में यूपी पहुंचे 32 करोड़ से अधिक पर्यटक

● योगी राज में देश-दुनिया का सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन बना यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दुनिया** के पर्यटन मानचित्र पर उत्तर प्रदेश साल दर साल नये रिकॉर्ड के साथ अपनी मजबूत स्थिति दर्ज करा रहा है। प्रकृति और परमात्मा की कृपा से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में पर्यटन को गति देने के सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का परिणाम है कि यूपी हर गुजरते हुए साल के साथ अपने रिकॉर्ड को ही तोड़ रहा है। 2022 में यूपी आने वाले पर्यटकों की संख्या जहां 31.85 करोड़ थी तो वहीं 2023 के शुरुआती 9 महीने में ही 32 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी को एक्सप्लोर किया है। इसमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक पर्यटकों ने काशी का रुख किया, जबकि प्रयागराज और अयोध्या आने वाले सैलानियों की संख्या भी करोड़ों में रही।

2023 कई मायने में यूपी के लिए नये कीर्तिमान स्थापित करने वाला साल रहा। जहां एक ओर केंद्र और प्रदेश की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं में यूपी प्रथम पायदान पर रहा तो वहीं पर्यटन का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। साल 2023 में जनवरी से लेकर सितंबर तक उत्तर प्रदेश आने वाले देसी सैलानियों की संख्या 319195206 रही वहीं 954866 विदेशी पर्यटक भी यूपी पहुंचे। इनमें भी सर्वाधिक संख्या वाराणसी पहुंचने वाले पर्यटकों की रही। जनवरी से सितंबर तक वाराणसी कुल 84204814 पर्यटक वाराणसी पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 84071726 जबकि विदेश पर्यटकों की संख्या 133088 रही।

काशी के बाद सैलानियों की दूसरी पसंद प्रयागराज रही। यहां कुल 44995996 पर्यटक साल 2023 में जनवरी से सितंबर तक पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या जहां 44993289 रही वहीं 2707 विदेशी पर्यटक भी प्रयागराज पहुंचे। इसी प्रकार तीसरे नंबर पर अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या रही। जनवरी 23 से सितंबर 23 तक कुल 20364347 पर्यटक अयोध्या पहुंचे।

# 'सूर्य की आभा' से रोशन होगी 'सूर्यवंश की राजधानी'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 200 करोड़ रुपए से 165 एकड़ में विकसित हो रहे 40 मेगावाट सौर ऊर्जा प्लांट के जरिए अयोध्या देश में बनेगा स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का रोल मॉडल

**पूरी** दुनिया में रामनगरी व गौरवशाली इतिहास वाले सूर्यवंश की राजधानी के तौर पर प्रख्यात अयोध्या अब 'नव्य अयोध्या' विजन के तहत ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस क्रम में नव्य अयोध्या के माझा रामपुर हलवारा ग्राम में 40 मेगावाट बिजली उत्पादन करने में सक्षम सोलर पावर प्लांट के विकास व संचालन का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के लिए यहां सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार 200 करोड़ रुपये की लागत से 165 एकड़ में सोलर पावर प्लांट का विकास व संचालन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विजन 2047 के अनुसार अयोध्या में जिस समेकित विकास का खाका खींचा गया है, उसमें सौर ऊर्जा का बेहद बड़ा रोल है और यही कारण है कि अयोध्या को सौर ऊर्जा से संचालित शहर के तौर पर स्थापित करने में इस प्लांट की बड़ी भूमिका होगी इस प्लांट की स्थापना के लिए सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन ने एक रुपया प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर पर उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) को 30 साल की लीज पर जमीन उपलब्ध कराई है। इस भूक्षेत्र पर यूपीनेडा द्वारा एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को प्लांट संचालन के लिए अनुबद्ध किया गया है तथा प्लांट के संचालन व विकास के लिए एनटीपीसी द्वारा पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) के तहत जैक्सन सोलर को आबद्ध किया गया है जो कि सोलर पैनल उत्पादनकर्ता होने के साथ ही देश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्यरत बड़ी कंपनियों में शुमार है।

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के हेड ऑफ प्रोजेक्ट व अपर महाप्रबंधक रतन सिंह ने इस परियोजना के बारे में बताया कि इस सौर ऊर्जा प्लांट की कुल क्षमता 40 मेगावाट बिजली उत्पादन की होगी और इससे प्रति वर्ष 8.65 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 200 करोड़ है तथा 165 एकड़ में अवस्थित प्लांट के विकास का कार्य जैक्सन सोलर को सौंपा गया है, जो सौर ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत भारतीय कंपनियों में अग्रणी है। इस प्लांट में कुल मिलाकर 550 व 555 वॉट बिजली उत्पादन से युक्त 104580 सोलर पैनल्स इंपैनल्ड हैं। प्लांट का 22 जनवरी को उद्घाटन प्रस्तावित है। यह 10 मेगावॉट बिजली उत्पादन के शुरुआती प्रतिमान के अनुरूप कार्य करने में सक्षम हो गया है। उद्घाटन के बाद इसे जल्द ही पूरी क्षमता के साथ भी संचालित कर दिया जाएगा। पूरी क्षमता से संचालित होने पर यह प्लांट अयोध्या की कुल विद्युत खपत का 10 प्रतिशत पूरा कर सकेगा। प्लांट से बनने वाली विद्युत ऊर्जा को दर्शननगर सब स्टेशन तक 132/33 केवी ओवरहेड पावर लाइन के जरिए प्रवाहित किया जाएगा।

# अयोध्या में 75 नए भवन स्वामियों को दिया गया पेइंग गेस्ट प्रणाम पत्र

● मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया वितरित, अब तक 500 से अधिक भवन स्वामियों को जोड़ा गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**योगी** सरकार की मंशा के अनुरूप पेइंग गेस्ट योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा रहा है। अब तक 500 से अधिक भवन स्वामी इससे जोड़े जा चुके हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को आयुक्त गौरव दयाल और जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने आयुक्त सभागार में 75 नए भवन स्वामियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। नये भवन स्वामियों को योजना से जोड़ने का कार्य निरन्तर प्रगति पर है। कार्यक्रम में अयोध्या विकास प्राधिकरण के कंसल्टेंट टेंट राकेश सिंह सहित भवन स्वामी उपस्थित रहे।

आयुक्त गौरव दयाल ने अनुरोध किया कि अयोध्या वासी होने के नाते सभी का कर्तव्य अतिथि भाव के साथ अच्छी सुविधा अतिथियों को प्रदान करना है। डीएम ने भवन स्वामियों से अपील की कि वे अपने यहां आने वाले अतिथियों को अच्छी से अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जिससे उन्हें घर जैसा महसूस हो। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा कि इस योजना से जुड़कर सभी को आतिथ्य संस्कार की परम्परा को जीवन्त रूप देना है। हम उन्हें बेहतर सुविधाएं देंगे तो हमारा सांस्कृतिक सम्बंध प्रगाढ़ होगा तथा और बड़ी संख्या में लोग आयेंगे। सभी लोग साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, अतिथियों के प्रति व्यवहार अच्छा करें तो यहां से वे सुखद एहसास लेकर जाएंगे तथा पुनः वे आपके यहां आयेंगे इससे आप आर्थिक रूप से मजबूत होंगे और विचारों, संस्कृति आदि का आदान प्रदान भी होगा। गौरतलब है कि अतिथि देवो भवः की भावना से प्रेरित होम स्टे/पेइंग गेस्ट योजना उप्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही है।

# कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा का राजधानी में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत

● मोदी सरकार की ओर से सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग निंदनीय व शर्मनाम: अजय राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** की सहारनपुर से प्रारंभ हुई यूपी जोड़ो यात्रा शुक्रवार को 17वें दिन राजधानी के बीकेटी से शुरू होकर मडियांव तक आई। जहां यात्रा का रास्तों में भव्य स्वागत हुआ तद्पश्चात यात्रा पदयात्रा में तब्दील हो गई।

कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने बताया कि यात्रा की शुरुआत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकारी एजेंसियों का जिस तरह से दुरुपयोग मोदी सरकार कर रही है वह निहायती निन्दनीय एवं शर्मनाक भी है। चेन्नई के दो किसान भाइयों को ईडी का समन मिलना यह बताता है कि अब जहां विपक्ष की सरकारें हैं मोदी सरकार अब उन पर दबाव डालने के लिए किसी भी सीमा तक जायेगी। उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हुए राय ने कहा कि हर शहर में सिर्फ सेल्फी प्वाइंट बना दिए गए मगर शहरों के हालात जरा भी नहीं बदले हैं। बजबजाती नालियां, टूटी सड़कें, और जगह जगह कूड़े का ढेर इस डबल इंजन की सरकार की स्मार्ट सिटी के जुमले की पोल खोल रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि मड़ियांव से पदायात्रा ताड़ी खाना पहुंची जहां कांग्रेसजनों द्वारा यात्रा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। तदपश्चात यात्रा हाथी मंदिर मोड़ होते हुए त्रिवेणी नगर रोड़ से बढ़ते हुए शिया पीजी कॉलेज पहुंची जहां गेट पर कॉलेज के शिक्षकों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। पदयात्रा यहां से खदरा की ओर बढी जहां अधिवक्ताओं द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। तदोपरान्त पक्का पुल होते हुए यात्रा टीले वाली मस्जिद पहुंची जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी ने मस्जिद की जियारत की साथ ही मस्जिद के सामने ही दक्षिणमुखी हनुमन मंदिर पर भी शीष नवाया और यात्रा बड़ा इमामबाड़ा की ओर बढ़ चली।

प्रवक्ता ने बताया कि बड़ा इमामबाड़ा से भारी बारिश के बीच यात्रा चौक चौराहा पहुंची जहां महिला कांग्रेस कमेटी मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने बारिश में भीगते हुए फूल माला व पंखुडियों के साथ यात्रा का स्वागत किया। तदपश्चात यात्रा अकबरी गेट पहुंची जहां एक बार पुनः कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा यहां से नक्खास तिराहा, यहियागंज, होते हुए रकाबगंज चौराहा पहुंचकर आज की यात्रा ने विराम लिया।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 6 जनवरी 2024



# दुरुस्त हो रहीं गौशालाएं

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों व डीएम आलोक सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न गौशालाओं का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में 13 तथा ग्रामीण 86 मिलाकुर कुल 99 गौशालायें संचालित है तथा इनमें लगभग 13500 गोवंश संरक्षित है। पशुपालन विभाग द्वारा संरक्षित पशुओं में टैगिन, उपचार, टीकाकरण आदि का कार्य नियमित रूप से किया जाता है। सभी गौआश्रय स्थलों पर पशुचिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाता है। डीएम द्वारा नियुक्त किये गये जनपदीय नोडल अधिकारियों द्वारा प्रत्येक सप्ताह गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण करके रिर्पोट जिलाधिकारी को प्रेषित की जा रही है तथा इस रिर्पोट के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा बैठक करके कमियों



का निराकरण कराया जा रहा है। जनपद में अस्थायी गौआश्रय स्थलों का विस्तारीकरण तथा नवीन गौआश्रय स्थलों का निर्माण भी कराया जा रहा हैए जिससे निराश्रित गौवंशों को संरक्षित कराया जा सके। मैथा तहसील में दो वृहद गौआश्रय स्थलों का निर्माण शुरू हो गया है। प्रत्येक गौशाला में रात्रिकालीन केयर टेकर की व्यवस्था है तथा सभी को सरकार की तरफ से मानदेय दिया जा रहा है। शीतकाल से बचाव के लिये परदेए काऊ कोट तथा 24 घण्टे अलाव जलाने की व्यवस्था भी है। पशुओं के टीकाकरण अथवा साधारण अवस्था में उनकी टैगिंग की जा रही है, जिससे पशुओं की पहचान की जा सके कि संबंधित पशु गौआश्रय स्थल से बाहर निकला है अथवा किसान द्वारा जानबूझकर छोड़ा गया है।

## शादी से परिवार ने किया इंकार तो प्रेमी युगल ने जहर खा दी जान

**फतेहपुर।** परिजनों के शादी से इनकार करने पर प्रेमी युगल ने जहर खा लिया। शुक्रवार सुबह दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गुरुवार को ही प्रेमी युवक हुसैनगंज थाना क्षेत्र स्थित अपने गांव पहुंचा था। पुलिस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी गणेश सोनकर का 22 वर्षीय बेटा विजय शंकर केरल की एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करता था। ननिहाल रायबरेली के थाना लालगंज के महखेड़ा में उसका गांव में था। ननिहाल में अक्सर आना-जाना लगा रहता था। यहां में रहने वाली 19 वर्षीय रानी देवी से उसकी जान पहचान हो गई। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। यह सिलसिला कई सालों से चलता रहा। गुरुवार को विजय केरल से गांव पहुंचा था। इसके बाद प्रेमिका रानी को प्रेमी विजय ने गांव आने की जानकारी दी। इस पर देर शाम रानी प्रेमी से मिलने के लिए असनी गांव पहुंच गई। इसके बाद दोनों ने गांव के बाहर जाकर जहर खा लिया। दोनों के परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां मौजूद डॉक्टर ने हालत नाजुक देखकर दोनों को हैलेट कानपुर रेफर कर दिया। उधर अस्पताल पहुंची विजय की मां धन्नो देवी ने बताया कि जानकारी मिली कि बेटे ने जहर खा लिया, जब हम लोग पहुंचे तो दोनों अगल-बगल बेसुध पड़े थे। डीएसपी सिटी वीर सिंह ने बताया कि ननिहाल की एक लड़की से युवक का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे। परिवार वालों ने नाराजगी व्यक्त की। दोनों घर से निकल गए और जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान युवक की शुक्रवार देर रात करीब एक बजे मौत हो गई। वहीं तड़के करीब तीन बजे प्रेमिका की भी सांसे थम गई। मामले में गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व मुख्य मंत्री कल्याण सिंह व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी की भाजपाइयों ने मनाई जयंती

**फर्रुखाबाद।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपाजिलामुख्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह की जयंती एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी का जन्मदिन मनाया गया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित प्रबुद्ध जन संगोष्ठी एवं कंबल वितरण का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने प्रबुद्ध जन संगोष्ठी को संबोधित किया।

मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की 92वीं जयंती है पूरा देश उनका राम मंदिर निर्माण आंदोलन के नायक के रूप में जानता है एक इंटर कॉलेज के शिक्षक के रूप से उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री व



राज्यपाल बनने तक का सफर किया। वह पार्टी की एक जुझारू और संघर्षील कार्यकर्ता थे उनका सारा जीवन पार्टी और प्रदेश की सेवा के लिए समर्पित रहा। राम मंदिर आंदोलन में बाबरी ढांचा गिरने के बाद राम भक्त

कार सेवकों पर कार्यवाही करने के सवाल पर उन्होंने अपने पद का त्याग करना उचित समझा राम भक्तों की रक्षा करने के लिए उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के पद का त्याग करते हुए बहुमत की सत्ता का बलिदान कर दिया। वह त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश को उत्तम कानून एवं शिक्षा व्यवस्था दी। उन्होंने पूरे प्रदेश के पिछड़े वर्ग को एकत्रित करके उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कार्य किया। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुरली मनोहर जोशी जनसंघभाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक है जिन्होंने छोटे से कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की।

## राम मंदिर के लिए कल्याण सिंह ने कुर्बान कर दी थी सरकार




**फतेहपुर।** भाजपा कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती पर गोष्ठी हुई। कार्यक्रम करते हुए जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि कल्याण सिंह, एक ऐसे राजनेता थे जिन्होंने राम मंदिर के लिए अपनी सरकार को भी न्योछावर कर दिया था। सदैव जनता के कार्यों के लिए वह समर्पित रहते थे। सभी ने उनके विचारों को व्यक्त करते हुए सभी ने अपने-अपने संस्मरण सुनाए। मौजूद सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने गोंष्ठी से पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धालजि देकर याद किया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल करते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओ को कहा कि बाबू कल्याण सिंह को कुशल संगठन, सेंवादाई सरकार के प्रमुख के साथ ही अपार राम भक्त के रूप मे जाना जाता है। इस अवसर पर रणवीर प्रताप सिंह धुन्नी, ओम मिश्रा, अर्चना त्रिपाठी, विजय लक्ष्मी साहू, सुशील मौर्य, जय मोदनवाल, जय प्रकाश फौजी, डॉ. रवि त्रिवेदी, अमित शिवहरे, कुलदीप भदौरिया, डॉ. भारत विक्रम सिंह, रवि श्रीवास्तव, प्रदीप गर्ग, सुनीता गुप्ता, सुनिधि तिवारी, वंदना द्विवेदी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डिजिटल क्राप सर्वेक्षण का डाटा ई-खसरा पड़ताल एप पर होगा अपलोड

**कानपुर देहात।** प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता कार्यक्रम एग्रीस्टेक परियोजनान्तर्गत जनपद में डिजिटल क्राप सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ हो गया है। जिसके अन्तर्गत राजस्व विभागए पंचायत विभाग एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा जनपद में बोई गयी फसलों के खेतवार सर्वेक्षण कार्य कर डाटा को ई. खसरा पडताल एप पर अपलोड किये जाने का कार्य किया जा रहा है। 05.01.2024 को जिला कृषि अधिकारी डा0 उमेश कुमार गुप्ता एवं उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी अकबरपुर विकास सेठ द्वारा तहसील भोगनीपुर के ग्राम बिरोहा में स्थानीय लेखपाल अजीत कुमार द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि डिजीटल क्राप सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत रबी फसल चक्र 2023.24 अन्तर्गत बोई जाने वाली फसलों के क्षेत्र आच्छादन (ऐरिया) का डाटा संरक्षित किया जा रहा है।

## पर्यावरण मित्र नवीन ने बच्चों को पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की दिलाई शपथ



**कानपुर देहात।** पक्षियों के प्रति प्यार संवर्धन करने के लिए हर वर्ष 5 जनवरी को राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया जाता है गोल्डन फीजेंटए राजहंस एमोर एडार्फ किंगफिशरए स्कारलेट मकाव आदि दुनिया के सबसे सुंदर पक्षी माने जाते हैंएपक्षी अण्डयुज होते हैं और कीटों का भक्षण करके फसलों को सुरक्षा देते हैं पेंगुइनए सुतुरमुर्गए कीवी उड़ नहीं सकते सुतुरमुर्ग सबसे ऊंचा और वजनी पक्षी है उक्त बात पर्यावरण मित्र नवीन कुमार दीक्षित ने बच्चों को पक्षी संरक्षण के लिए छत पर दाना पानी रखने की शपथ दिलाते हुए कहीं कार्यक्रम के आयोजक अनिल कुमार दीक्षित ने कहा कि पक्षियों की हड्डियां खोखली होती हैं अनेकों प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री शैलेश दीक्षित ने बताया कि विश्व में नौ हजार से अधिक पक्षी पाए जाते हैं को गरूड़ पक्षीराज और तोता मैना बाज कबूतर कौआ बुध्दिमान पक्षी कहते हैं। आभार प्रदर्शन करते हुए उक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबू सिंह यादव ने कहा कि पेरेग्रीन बाज सबसे तेज उड़ता है उल्लू की आंखें स्थिर होती हैं बाज की नजर मनुष्य से आठ गुना अधिक तेज होती है इस अवसर पर शिक्षकों में विनोद तिवारी पूनम मिश्रा सुशील कुशवाहा अनीस मक्सूद शशि कान्त दुबे सहित अनेक बच्चे उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### हाईकोर्ट के आदेश को छिपाकर 20 सालों तक की नौकरी

**फतेहपुर।** उच्च न्यायालय से मिले स्टे ख़ारिज होने के आदेश को छिपाकर बीस साल तक नौकरी करने वाले सेवानिवृत संग्रह अमीन के खिलाफमुकदमा दर्ज हुआ हैं। शासन के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पुलिस मामले की जाँच कर रही हैं। नायब तहसीलदार सुशील सिंह ने एफआईआर में बताया कि शहर के रानी कालोनी निवासी शिवगोपाल विभाग में अस्थाई रूप से संग्रह अनुशेवक के रूप में कार्य कर रहे थे। 1989 में उन्हें एसडीएम के आदेश पर हटा दिया गया था। उन्होंने हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। मामले में हाईकोर्ट ने स्टे आर्डर दिया था जब से वह नौकरी कर रहे थे। 1997 में उच्च न्यायलय ने दिए हुए स्टे को निरस्त कर दिया लेकिन शिवगोपाल ने स्टे निरस्त होने के आदेश को विभाग से छिपा रखा। इसके बाद भी वह बीस वर्षो तक संग्रह अमीन के पद पर कार्यरत रहे और वेतन के रूप में 36.76 लाख का भुगतान और अन्य सेवा का लाभ लिया। धोखाधड़ी कर राजकोष को क्षति पहुंचाई। बताया कि रिटायर्ड होने के बाद शिव गोपाल ने पेंशन के लिए एक याचिका दाखिल की। शासन की जांच के बाद मामला सामने आया। शासन के निर्देश पर आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं।

### ट्रेन से गिरकर युवक की हुई मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पटरी पर सरपट दौड़ रही ट्रेन से गिरकर युवक की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक युवक के शव के शिनाख्त का काफी प्रयास किया। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर जिला अस्पताल भेजा गया। शुक्रवार की दोपहर गंतव्य की ओर जा रही ट्रेन से राम आश्रम से मलिकपुर के मध्य एक युवक अचानक गिर गया। जिससे घायल होकर युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंचे रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह ने मृतक के शव का शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। रामाश्रम चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के हाथ पर स्वदेश कुमार नाम गुदा हुआ है। इसके बाद कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

### गृह कलह से परेशान विवाहिता ने लगाई फांसी

**फर्रुखाबाद।** गृह कलह से परेशान होकर विवाहिता नें फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस नें मौके पर पहुंचकर जाँच की। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम अर्रापहाड़पुर निवासी 25 वर्षीय स्नेहा सिंह पत्नी पथिक सिंह का विवाह बीते 11 जून 2023 को हुआ था। दोनों में आपस में विवाद चल रहा था। बीते बुधवार को ही दोनों थानें आये थे। पुलिस नें दोनों में समझौता कराकर घर भेज दिया। गुरुवार को स्नेहा नें कमरें में दुपट्टे का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर सीओ सिटी प्रदीप कुमार व थानाध्यक्ष आमोद कुमार मौके पर पंहुचे और जाँच की।पुलिस मायके पक्ष के लोगों के आने की प्रतीक्षा कर रही है। मृतका की माँ गुड्डी देवी निवासी कानपुर घाटमपुर थाने आई थी। उन्होंने पुलिस से जानकारी ली।

## शोभिटाल क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रेम क्रिकेट एकेडमी ने महोबा को 8 बिकेट से हराया

**घाटमपुर।** गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी समाज सेवी स्व0 श्यामलाल सचान की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया है जिसमें आज पॉचवे दिन प्रेम क्रिकेट एकेडमी ने महोबा की टीम को 8 बिकेट से हरा कर मैच जीत लिया। प्रेम क्रिकेट एकेडमी टास जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, महोबा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में सभी खिलाड़ी खोकर 115 रन बनाये, जिसमें महोबा की ओर से ऋतुराज ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाये, जब कि अमित 20 व साहिल ने 15 रन बनाये, लक्ष्य की पीछा करने उतरी प्रेम क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों ने तेजी से रन बनाये तथा दो बिकेट खोकर 12 वें ओवर में लक्ष्य हासिल करके मैच जीत लिया, प्रेम क्रिकेट एकेडमी की ओर से शरद यादव ने 51 रन बनाये। इसके पहले भूप किशोर बिश्वकर्मा ने दोनों टीमों के खिलाडियों का परिचय कराया।

## सुमेरपुर में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित निजी अस्पतालों को दी गयी नोटिस

**संबाददाता।** हमीरपुर

**डिप्टी** सीएमओ डा. प्रशांत कुमार ने गुरुवार को देर शाम सुमेरपुर क्षेत्र के आधा दर्जन निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया जो विना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे थे सभी को नोटिस देकर शीघ्र ही सीएमओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराने को कहा है। जानकारी के मुताबिक जिले में ज्यादातर प्रायवेट अस्पताल विना रजिस्ट्रेशन के ही संचालित है। उपचार के बाद अनहोनी के बाद शिकायतें आना शुरु होती है। अस्पताल संचालकों का कहना है कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया काफी जटिल है। इसलिये लोग विना रजिस्ट्रेशन के ही अस्पताल संचालित कर रहे है। डिप्टी सीएमओ डा. संजय कुमार ने बताया कि कल जे सागर अस्पताल क्लीनक, नईम खान अस्पताल,डा. पवन कुमार क्लीनिक,डा. अंशुल कुमार क्लीनिक,नीरज क्लीनक आदि संचालक जो बिना रजिस्ट्रेशन के ही क्लीनिक संचालित कर रहे है सभी को हिदायत देते हुये लिखित नोटिस जारी कर रजिस्ट्रेशन करने की हिदायत दी है। डिप्टी सीएमओ का कहना है कि जो भी अस्पताल विना रजिस्ट्रेशन के संचालित होगे उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### सीएचसी राठ को सौ बेड करने की कार्यवाही शुरू विधान परिषद याचिका समिति ने मांगा प्रस्ताव

**हमीरपुर।** शीघ्र ही सीएचसी राठ सौ बेड की हो जायेगी। विधान परिषद की याचिका समिति ने सेहत विभाग से इसके लिये प्रस्ताव मांगे है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र को देखते हुये सभी जन प्रतिनिधि सीएचसी राठ को उच्चीकृत करने की मांग कर रहे थे,सीएचसी राठ फिल हाल पचास बेड की है तीस वार्ड का कोविड वार्ड बना दिया गया है, मगर जगह के अभाव में अपर स्टोरी में बीस बेड का वार्ड और बना दिया जायेगा इस प्रकार सीएचसी को बढ़ाकर सौ बेड कर दिया जायेगा, इसके बाद सीएचसी में ही फील्ड हास्पिटल भी बनाया जायेगा तो यह अस्पताल बढ़कर डेढ़ सौ बेड की हो जायेगी। जिससे मरीजों को भर्ती करने में कोई असुविधा नही होगी मगर शासन डाक्टरों की नियुक्ति में कोई विचार नही कर रहा है। विधान परिषद की याचिका समिति ने सीएचसी के इस मामले को गंभीरता से लेते हुये शासन ने इसको बेड बढ़ाने के लिये जिला स्तर से प्रस्ताव भिजवाने को कहा है ताकि शीघ्र की इस मामले में कार्यवाही की जा सके।

## महारानी अवन्तिबाई पब्लिक स्कूल में मनाई गई कल्याण सिंह की जयंती



लखीमपुर खीरी। देवीदीन पुरवा के महारानी अवन्तिबाई पब्लिक स्कूल में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा बाबू कल्याण सिंह जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने बारी बारी से कल्याण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम का संबोधन करते हुए भाजपा नेता नागेन्द्र सिंह सेंगर ने बाबू जी के जीवन परिचय के बारे में बताया कि कल्याण सिंह लोधी ;5 जनवरी 1932 दृ 21 अगस्त 2021द्ध एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे वो राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रह चुके हैं। इससे पहले वो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। वो दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। विवादित बाबरी मस्जिद विध्वंस होने के समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह लोधी जी थे उत्तर प्रदेश के लोग कल्याण सिंह जी को प्यार से बाबूजी पुकारते थे और उन्हें 26 अगस्त 2014 को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया।उन्हें प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता के रूप में जाना जाता था। उन्हें वर्ष 2022 में भारत का दूसरा सर्वोच्च पुरस्कार पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया।

पूर्व प्रधान रमेश लोधी ने बताया कि बाबू जी कल्याण सिंह जी की ही देन है कि आज भगवान राम जी का भव्य मंदिर अयोध्या में बन कर तैयार हो गया है जिसका उद्घाटन 22 नवम्बर को होने जा रहा है उसी दिन पूरा देश दीपावली मना रहा है।

## राष्ट्र कवि पं0 सियाराम मिश्रा को पुण्य तिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद गोला में आज पं0 सियाराम मिश्रा की पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में उनको याद किया गया बाद उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपाध् एम एल सी अनूप गुप्ता विशिष्ट अतिथि विधायक अमन अरविन्द गिरि तथा जिला उपाध्यक्षध्चेयरमैन नगर पालिका की



अध्यक्षता में पं सियाराम मिश्रा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं एम एल सी ने कहा कि ऐसे मनीषी बडे बिरले ही प्रकट होते है जो समाज की पीडा को महसूस करते हुए साहित्य लेखन करते है आगे चलकर समाज को नयी दिशा देते है वह हमारे लिए सदैव प्रेरकत्व रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक अमन अरविन्द गिरि विधायकए अध्यक्ष नगरपालिका विजय शुक्ला रिंकू ने शिक्षक व राष्ट्रीय कवि पंडित सियाराम मिश्र के जीवन पर प्रकाश डाला। विधान सभा के संयोजक अवधेश मिश्रा व कविध् साहित्यकार द्वारिका रस्तोगीए सुधीर मिश्राए श्रीराम मधुकर सैदाई ने अपने विचार रखें। संचालन नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने किया।

## प्राण प्रतिष्ठाःघर-घर पहुंचाए पत्रक और अक्षत



अक्षत व पत्रक भेंट करते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि व अन्य।

### 22 जनवरी को घरों को सजाकर दीपोत्सव मनाएः मयंक गुप्ता

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** आने बाली 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां एक ओर पूरे देश में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। वहीं दूसरी ओर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने समर्थकों के साथ नगर के वार्डो का भ्रमण कर डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों को पत्रक व अक्षत भेंट की। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष मुन्नी गुप्ता के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा पिडछा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, विश्व हिंदू परिषद कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नीरज मिश्रा, सभासद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता, बृजेश गुप्ता, संजीव गुप्ता उर्फटीटू के साथ नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर सहित कई बाड़ों में डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों को श्री राम जन्मभूमि से आये पत्रक व अक्षत वितरित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम का दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। उन्होंने सभी नागरिकों से भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले उत्सव को घरों में रहकर दीपोत्सव मनाए जाने की अपील की है। कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर बनना बड़े ही हर्ष एवं गर्व की बात है। इस दौरान राकेश कौशल, अनिल गुप्ता, बृजेश कौशल, श्यामू गुप्ता, बृजेश दुवे, सुशील सक्सेना सहित तमाम महिला व पुरूष मौजूद रहे।

## लीला अस्पताल में बबाल तोड़फोड़ करने वाला युवक पुलिस शिकंजे में

**फर्रुखाबाद।** अस्पताल में तोड़फोड़ करने वाला युवा रजत यादव पुलिस शिकंजे में है। बीती रात साबुन मांगने के विवाद में कई लोगों ने आवास विकास कॉलोनी स्थित लीला हॉस्पिटल में तोड़फोड़ कर कर्मचारियों को जान से मारने के लिए धमकाया था। आवास विकास कॉलोनी निवासी संजय कुमार कटियार ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कादरी गेट थाने में तहरीर दी है। श्री कटियार ने प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराया कि रात करीब सवा 9 बजे मेरे आवास विकास कॉलोनी स्थित लीला हास्पिटल में मोहल्ला मेमरान निवासी रजत यादव घुस आया और साबुन मांगने लगा। अस्पताल कर्मचारी अनिकेत सिंह जाटव, अमित सैनी तथा सुमित कटियार ने साबुन देने से मना कर दिया। जिस पर रजत गाली गलौज करने लगाए मना करने पर उसने अपने मोबाइल से फोन कर लड़के बुला लिए। बाइको पर एक दर्जन युवको ने अस्पताल आकर मारपीट शुरु कर दी इनमें कई युवक मुंह पर कपड़ा बांधे थे। सूचना मिलने पर मैं भी अपने परिवार के सदस्यो के साथ अस्पताल पहुंचा। युवको ने पथराव शुरु कर दिया इन्होने अनिकेत को जाति सूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी। हमलावरों में आर्यन पटेल उर्फसूरज पुत्र राकेश गंगवार निवासी आवास विकासए रिषभ यादव तथा छोटू शुक्ला को पहचान लिया गया है। भीड इक्ट्ठा हो जाने पर हमलावर बाइको से भाग गए। इनका एक साथी बाइक पर बैठते समय गिर जाने पर पकड़ लिया है उसने अपना नाम रजत यादव बताया। घटना के कुछ समय बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई रजत को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। बताया गया की घटना की सूचना पर आवास विकास चौकी इंचार्ज दीपक कुमार मौके पर पहुंचे उन्होंने घायल रजत को लोहिया अस्पताल भिजवाया। पुलिस हिरासत में रजत ने मीडिया को बताया की अस्पताल के निकट मेरी बाइक की चेन उतर गई थी हाथ काले हो जाने के कारण अस्पताल में साबुन मांगा था अस्पताल वालों की पिटाई से सिर में चोट लगी।

## अयोध्या में श्रीराम के विराजने से पहले जिले में 9 दिन तक मंदिरों में होंगे कार्यक्रम

### ग्राम पंचायत स्तर के कर्मचारियों को जन जागरूकता के लिए लगाने के निर्देश

**फतेहपुर।** आगामी 22 जनवरी को धर्म नगरी अयोध्या में अपनी जगह पर स्थापित होने जा रहे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के कार्यक्रम को उत्सव पूर्वक मनाए जाने की फतेहपुर जिले में तैयारी है।मकर संक्रांति 14 जनवरी से 22 जनवरी तक आध्यात्मिक स्थलों/मंदिरों में भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाने की तैयारी यहां भी जोर-शोर से शुरू हो गई है। कार्यक्रम भव्य एवं दिव्य तरीके से हों इसके लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। जिला स्तर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, तहसील स्तर पर एसडीएम तथा विकास खंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संयोजन समिति गठित की गई है। मंदिरों में दीप प्रज्वलन, दीपदान, राम कथा प्रवचन, रामचरित मानस का पाठ, राम मंदिर रथ एवं कलश यात्राओं के भी आयोजन के निर्देश शासन ने दिए हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समारोह पूर्वक मनाए जाने वाले 9 दिवसीय कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार करने को कहा है। शासन से मिले निर्देश के बाद जिला प्रशासन व्यवस्था करने में जुट गया है। आगामी 14 जनवरी मकर संक्रांति से 9 दिन तक राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों एवं वाल्मीकि मंदिरों में पूरे जिले में उत्सव पूर्ण ढंग से भजन कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श, सामाजिक मूल्यों, मानवीय मूल्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आम लोगों को इन कार्यक्रमों से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निकायों में भी नगर संकीर्तन के आयोजन किए जाएंगे। जिन मंदिरों एवं आध्यात्मिक स्थलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है उनका चयन कार्यक्रम से पूर्व किया जाएगा। कार्यक्रमों के लिए कलाकारों का चयन संस्कृति एवं सूचना विभाग में पंजीकृत कलाकारों का किया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप कार्यक्रम का सफल आयोजन हो इसके लिए मॉनिटरिंग के हेतु नोडल अधिकारी तैनात किए जाएंगे। कार्यक्रम हेतु महिला मंगल दल, युवा मंगल दल, आशा बहुएं, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां एवं ग्राम पंचायत सहायक भी सहयोग करेंगे। मंदिरों का चयन कर उसकी सूची एवं नोडल अधिकारियों का पूरा विवरण संस्कृति विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा जिन वाल्मीकि मंदिरों, श्रीराम मंदिरों एवं हनुमान मंदिरों का चयन किया जाएगा उनका नाम, पता, प्रबंधक का नाम एवं विवरण, जीपीएस लोकेशन पोर्टल में अपलोड की जानी है।

## ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट का मामला


# पक्षकारों को सौंपने पर फैसला आज

भाषा। वाराणसी



**वाराणसी** की जिला अदालत ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में अब छह जनवरी को फैसला सुनाएगी। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने शुक्रवार को बताया कि वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर के सीलबंद रिपोर्ट को खोलने और पक्षकारों को सौंपने के मामले में आदेश सुनाने के लिए छह जनवरी की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में सुनवाई पूरी हो चुकी है और जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश ने आज कहा कि आदेश टाइप नहीं हुआ है, इसलिए आदेश कल, शनिवार को जारी किया जाएगा। यादव ने बताया कि इसके पहले बृहस्तवार को जिला न्यायाधीश ए. के. विश्वेश आज महामना मदन मोहन मालवीय के जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने और कचहरी परिसर में एक वकील के निधन पर शोक मनाए जाने की वजह से भी अदालत की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी, लिहाजा जिला न्यायाधीश ने आदेश सुनाने के लिए पांच जनवरी की तारीख तय की थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट को खोलने और पक्षकारों को सौंपने के लिए जिला अदालत से चार सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया था जिसके बाद मामले को बृहस्पतिवार तक के लिए टाल दिया गया था। एएसआई ने चार सप्ताह का समय मांगते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया फैसले का हवाला दिया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले साल 19 दिसंबर को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की मौजूदगी वाली जगह पर कथित मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग संबंधी मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्षों की कई याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अपनी टिप्पणी में कहा था कि वर्ष 1991 का पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) किसी प्रार्थना गृह के धार्मिक चरित्र को परिभाषित नहीं करता है और इसे केवल विरोधी पक्षों द्वारा अदालत में प्रस्तुत साक्ष्य के माध्यम से निर्धारित किया जा सकता है।

## कृष्ण जन्मभूमि पर फैसले को चुनौती देने वाली याचिका न्यायालय ने खारिज किया



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि जन्मस्थान का अधिग्रहण करने और उसे पूजा के लिए हिंदुओं को सौंपने का निर्देश देने की मांग करने वाली जनहित याचिका को खारिज किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 11 अक्टूबर, 2023 के फैसले के खिलाफ अपील को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, यह मुद्दा पहले से ही उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। एक से ज्यादा मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए।याचिकाकर्ता महक माहेश्वरी के वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय ने भी मुकदमे लंबित होने के आधार पर जनहित याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका दायर की थी और इसलिए इसे उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। पीठ ने आदेश में कहा, हम आक्षेपित निर्णय में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं और इसलिए याचिका को खारिज किया जाता है। हम स्पष्ट करते हैं कि याचिका खारिज किया जाना किसी भी कानून को चुनौती देने के पक्षों के अधिकारों पर टिप्पणी करना नहीं है और न ही किसी भी कानून को चुनौती देने से रोकना है। माहेश्वरी ने अपनी जनहित याचिका में कहा था कि वह एक समर्पित हिंदू हैं और प्रार्थना करते हैं कि पूजा करने के उनके मौलिक अधिकार को संरक्षित किया जाए। उच्च न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका में उन्होंने कहा था कि कृष्ण जन्मभूमि जन्मस्थान के वास्तविक स्थान को राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहित कर कृष्ण जन्मस्थान में विराजमान भगवान कृष्ण की पूजा करने के लिए हिंदुओं को सौंप दिया जाना चाहिए। कृष्ण जन्मस्थान के वास्तविक स्थान पर फिलहाल शाही ईदगाह मस्जिद है।

## भारत और यूएसएआईडी-भारत के बीच एमओयू को मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की शुक्रवार को आयोजित एक बैठक में भारत और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडीभारत) के बीच हुए उस समझौता ज्ञापन को मंजूरी दे दी गई जिसमें 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारतीय रेलवे की सहायता करने की बात कही गई है।भारतीय रेलवे द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया कि मंत्रिमंडल को 14 जून, 2023 को भारत और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी)।भारत के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने के बारे में अवगत कराया गया। इसमें कहा गया, समझौता ज्ञापन भारतीय रेलवे को एक मंच प्रदान करता है जहां वह रेलवे क्षेत्र में नवीनतम विकास और ज्ञान को साझा कर सके। एमओयू जनोपयोगी सेवा के आधुनिकीकरण, उन्नत ऊर्जा समाधान और प्रणालियों, क्षेत्रीय ऊर्जा और बाजार एकीकरण और निजी क्षेत्र की भागीदारी और जुड़ाव, प्रशिक्षण और सेमिनाराकार्यशालाओं जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता और ज्ञान साझा करने के लिए परस्पर प्रभाव डालने वाले अन्य कार्यों जैसे विशिष्ट प्रौद्योगिकी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा प्रदान करता है रेलवे के अनुसार इससे पहले, रेलवे ने प्लेटफार्म की छत पर सोलर पैनल लगाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूर्व में यूएसएआईडीभारत के साथ काम किया था। रेलवे के अनुसार भारतीय रेलवे और यूएसएआईडीभारत भारतीय रेलवे के लिए स्वच्छ ऊर्जा सहित दीर्घकालिक ऊर्जा योजना के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे। इसके अनुसार वे भारतीय रेल भवनों के लिए एक ऊर्जा दक्षता नीति और कार्य योजना विकसित करेंगे और इसके शुद्ध-शून्य दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा खरीद की योजना बनाएंगे। इसके अलावा, समझौता ज्ञापन ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने और पहचाने गए क्षेत्रों में कार्यक्रम, सम्मेलन और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की सहयोगात्मक मेजबानी में भारतीय रेलवे का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। रेलवे के अनुसार, एमओयू से डीजल और कोयले जैसे आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया है, "नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों से देश में नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में मदद मिलेगी, जो बाद में स्थानीय उत्पाद विकास को बढ़ावा देगा।

## गुजरात का टैटू कलाकार मुफ्त में लिख रहा है श्रद्धालुओं के हाथों पर श्रीराम

नवसारी। अयोध्या के राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का दिन करीब आने के साथ ही धार्मिक उत्साह बढ़ने के बीच गुजरात के नवसारी शहर में एक टैटू बनाने वाला व्यक्ति श्रद्धालुओं के हाथों पर मुफ्त में श्रीराम के नाम का टैटू बना रहा है। टैटू कलाकार जय सोनी पहले ही 200 श्रद्धालुओं के हाथों पर श्रीराम लिख चुके हैं। उन्हें उम्मीद है कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तक यह संख्या ।,000 तक पहुंच जाएगी। सोनी ने कहा, मैं सोच रहा था कि जब अयोध्या में राम मंदिर बनेगा तो मैं अपनी ओर से क्या योगदान दे सकता हूं। मैं एक टैटू कलाकार हूं इसलिए मैंने श्रद्धालुओं के लिए भगवान राम के नाम का मुफ्त टैटू देने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर यह मेरी ओर से छोटा सा योगदान है। सोनी ने दिसंबर में यह कार्य शुरू किया था और अब तक 200 भक्त श्रीराम लिखवा चुके हैं। वहीं 700 से अधिक लोगों ने टैटू कलाकार से समय मांगा है और उन्हें उम्मीद है कि 22 जनवरी तक यह आंकड़ा ।,000 या उससे अधिक तक पहुंच जाएगा।


## गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की दो संपत्तियां नीलाम

मुंबई। भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की दो संपत्तियां शुक्रवार को यहां नीलामी के जरिए बेच दी गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नीलामी का आयोजन तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेरकर्ता (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया। महाराष्ट्र के तटीय रत्नागिरी जिले की खेड़ तहसील के मुंबके गांव में स्थित कुल चार संपत्तियां नीलामी के लिए उपलब्ध थीं, लेकिन इनमें से दो के लिए कोई बोली नहीं लगाई गई। अन्य दो संपत्तियों के लिए क्रमशः चार लोगों और तीन लोगों ने बोली लगाई और एक ही व्यक्ति ने उन दोनों के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई। एक संपत्ति (170.98 वर्ग मीटर की कृषि भूमि) के लिए 15,440 रुपए के आरक्षित मूल्य के मुकाबले 2.01 करोड़ रुपए की उच्चतम बोली लगाई गई। अधिकारी ने बताया कि 1730 वर्ग मीटर की कृषि भूमि के लिए आरक्षित मूल्य ।,56,270 रुपए के मुकाबले 3.28 लाख रुपए की उच्चतम बोली लगाई गई। सफल बोली लगाने वाले के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। नीलामी की प्रक्रिया दक्षिण मुंबई के आयकर भवन में हुई। माना जाता है कि वर्ष 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में वांछित आरोपी इब्राहिम पाकिस्तान में है।

## निर्वाचन आयोग ने वीवीपैट पर जयराम रमेश की चिंताओं को कर दिया खारिज

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने वीवीपैट पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश की चिंताओं को खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि इसके माध्यम से ऐसा कोई नया दावा या उचित एवं वैध संदेह नहीं उठाया है जिसके लिए और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। आयोग ने साथ ही कहा कि पेपर पर्चियों संबंधी नियम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 2013 में पेश किए गए थे। रमेश को भेजे पत्र में आयोग ने "चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल पर पूरा भरोसौ जताया और यह स्पष्ट किया कि नवीनतम अद्यतन किए गए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) भारतीय चुनावों में ईवीएम के उपयोग पर सभी उचित और वैध पहलुओं का "पर्याप्त और व्यापक रूप सै जवाब देते हैं।निर्वाचन आयोग में प्रधान सचिव प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है, वीवीपैट के संचालन और पेपर पर्चियों से संबंधित चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49ए और 49एम को आईएनसी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) द्वारा 14 अगस्त, 2013 को पेश किया गया था। रमेश ने पिछले साल 30 दिसंबर को निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के एक प्रतिनिधिमंडल को वीवीपैट पर्चियों पर अपने विचार रखने के लिए समय दिया जाए।विपक्षी गठबंधन ने 19 दिसंबर को एक बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की कार्यप्रणाली की शुचिता के बारे में संदेह व्यक्त किया था और मांग की थी कि वीवीपैट पर्चियां मतदाताओं को सौंपी जाएं, जो इसे एक अलग बॉक्स में डाल सकें। विपक्षी गठबंधन ने पर्चियों और ईवीएम के 100 फीसदी मिलान की भी मांग की थी।शर्मा ने कहा, "30 दिसंबर, 2023 का हालिया पत्र ईवीएमावीवीपैट पर कोई अनुत्तरित मुद्दा नहीं उठाता है"उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर, 2023 को लिखे गए पत्र को पहले के पत्रों के क्रम में बताया गया है, इसमें कोई नया दावा या उचित एवं वैध संदेह नहीं है जिसके लिए और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

## राहुल गांधी की न्याय यात्रा अगले महीने छत्तीसगढ़ के सात जिलों से होकर गुजरेगी



रायपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा अगले महीने छत्तीसगढ़ के सात जिलों से होकर गुजरेगी। पार्टी के एक पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यात्रा 67 दिनों में 15 राज्यों के 110 जिलों से गुजरते हुए 6,700 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद मुंबई में समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के 16-17 फरवरी के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचने की उम्मीद है, जो पांच दिनों में राज्य के सात जिलों से होकर गुजरेगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज ने कहा कि देश की एकता, अखण्डता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा। बैज ने कहा कि जब क्षेत्र, धर्म और सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीति कर रहे है तब कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, इस यात्रा से लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा।

## संपादकों और प्रबंध निदेशक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने पर एडिटर्स गिल्ड ने जताई चिंता

**नई दिल्ली**। एडिटर्स गिल्ड ने शुक्रवार को रांची की जेल में बंद एक व्यक्ति की शिकायत पर झारखंड में दैनिक समाचार पत्र प्रभात खबर के संपादकों और प्रबंध निदेशक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। गिल्ड ने यहां एक बयान में कहा कि जोगेंद्र तिवारी नामक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर झारखंड पुलिस ने प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी, रेजिडेंट संपादक विजय कांत पाठक और प्रबंध निदेशक राजीव झावर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 469, 501 और 502 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। बयान में कहा गया है कि बिरसा मुंडा जेल में बंद तिवारी ने शराब माफिया के कुछ साथियों पर लगाए गए प्रवर्तन निदेशालय के आरोपों के बारे में अखबार में प्रकाशित कुछ खबरों के जवाब में कथित तौर पर चतुर्वेदी को फोन करके धमकी दी थी। इससे पहले, गिल्ड ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ-साथ राज्य के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर सरकार से शराब माफिया के खिलाफ जांच शुरू करने और चतुर्वेदी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।

## बहराइच जिले के भाजपा विधायक को एसडीएम को धमकी देने के मामले में दो वर्ष कैद की सजा

बहराइच। बहराइच जिले की महसी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुरेश्वर सिंह को सांसदोंाविधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई के लिए गठित यहां की एक विशेष अदालत ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को धमकी देने के 21 साल पुराने मामले में दो साल कैद और ढाई हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) मुन्नू लाल मिश्र ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि अदालत ने सजा सुनाए जाने के बाद विधायक को फैसले के खिलाफ अपील दायर करने के लिए जमानत दे दी है। यह आदेश चार जनवरी को सुनाया गया था, जिसकी प्रति शुक्रवार को उपलब्ध हुई। गौ़रतलब है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) 1951 के प्रावधानों के तहत दो साल या उससे अधिक की कैद की सजा पाने वाले किसी भी जनप्रतिनिधि को सजा की तारीख से ही अयोग्य घोषित कर दिया जाता है और सजा काटने के बाद अगले छह साल तक उसके चुनाव लड़ने पर रोक रहती है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, दो सितंबर 2002 को महसी तहसील के उप जिलाधिकारी लाल मणि मिश्र ने हरदी थाने में विधायक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि सुरेश्वर सिंह ने एसडीएम कार्यालय में घुसकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर एसडीएम के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें धमकी दी थी। चार जनवरी को सांसदाविधायक अदालत (एमपी-एमएलए अदालत) के न्यायाधीश अनुपम दीक्षित ने विधायक को दो साल कैद एवं ढाई हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। आदेश के अनुसार, जुर्माना अदा ना करने पर उन्हें सात दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## डिजिटल उपकरणों की तलाशी, जब्ती पर दिशा-निर्देशों के अनुरोध वाली याचिका पर न्यायालय ने जारी किया नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को डिजिटल उपकरणों की खोज और जब्ती के लिए दिशानिर्देशों की अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र, सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले की सुनवाई समान मुद्दों को उठाने वाली लंबित याचिकाओं के साथ की जाएगी।शुरुआत में, पीठ ने कहा कि वह संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका लेकर सीधे शीर्ष अदालत में आने वाले हर किसी की सराहना नहीं करती है। संविधान का अनुच्छेद 32 अधिकारों के प्रवर्तन के उपायों से संबंधित है और 32 (1) कहता है कि इस भाग द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रवर्तन के लिए उचित कार्यवाही द्वारा शीर्ष अदालत में जाने के अधिकार की गारंटी है।याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने शीर्ष अदालत का रुख किया है क्योंकि इसी तरह का मुद्दा उठाने वाली अन्य याचिकाओं पर अदालत ने विचार किया है और वर्तमान में वे लंबित हैं।

उन्होंने कहा कि लंबित याचिकाओं में केंद्र को इस संबंध में दिशानिर्देश लाने होंगे।पीठ ने केंद्र, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग, दिल्ली पुलिस और अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा। केंद्र ने न्यायालय को आश्वासन दिया था कि जब तक नए दिशानिर्देश लागू नहीं हो जाते, केंद्रीय जांच एजेंसियां ऐसे उपकरणों की खोज और जब्ती के लिए सीबीआई नियमावली का पालन करेंगी।

## कर्नाटक: अदालत ने 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तार हिंदू कार्यकर्ता को जमानत दी

हुबली(कर्नाटक)। हिंदू कार्यकर्ता श्रीकांत पुजारी को यहां स्थित एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को जमानत दे दी। पुजारी को पुलिस ने दिसंबर 1992 में दर्ज दंगे के एक मामले में पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था।

राज्य में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। वह पुजारी को रिहा करने की मांग की थी। भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर हिंदुओं के प्रति सख्त रवैया अपनाने और अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण करने का आरोप लगाया था। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया था। मुख्यमंत्री सिद्धरमैयावहीं, कांग्रेस ने भाजपा पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया था। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने पुजारी को असामाजिक तत्व और संदिग्ध अपराधी करार दिया था। उन्होंने कहा कि पुजारी गैर कानूनी तरीके से शराब बेचने, जुआ और मटका सहित 16 असमाजिक गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप का सामना कर रहा है।अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश परमेश्वर प्रसन्ना बी ने आदेश सुनाते हुए पुजारी की जमानत मंजूर की।

## भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के भाई विक्रम को पेड़ों की कटाई के मामले में फंसाया गया: कुमारस्वामी

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रताप सिम्हा के भाई विक्रम सिन्हा को वृक्षों की कटाई के मामले में फंसाया गया है। विक्रम को एक खेत में पेड़ों की कटाई के मामले में हाल ही में गिरफ्तारी के बाद जमानत मिल गई थी। वह खेत में अदरक उपजाना चाहते थे। प्रताप सिम्हा ने आरोप लगाया था कि उन्हें बदनाम करने के लिए उनके भाई को फंसाया जा रहा है ताकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया अपने बेटे यतींद्र सिद्धरमैया को कांग्रेस के टिकट पर मैसूर-कोडागु लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा सकें। जनता दल (सेक्युलर) के नेता कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि वन अधिकारियों ने सिद्धरमैया के निर्देश पर गेंडेकेरे जंगल से शीशम की लकड़ी लाई और उसे खेत में रख दिया, जिसे सिम्हा ने पट्टे पर लिया था। कुमारस्वामी के अनुसार, पट्टा अनुबंध एक जनवरी से लागू होना था, लेकिन इससे पहले ही उन्हें फंसा दिया गया।उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री ने वन अधिकारियों को मामले में प्रताप सिम्हा को शामिल करने का निर्देश दिया। वह (सिद्धरमैया) एक वकील होने के नाते यह जानते हैं कि सबूत कैसे गढ़ा जाता है। गेंडेकेरे जंगल से शीशम के पेड़ों को घटनास्थल पर ले जाया गया। मुख्यमंत्री ने ऐसा किया। राज्य में इस तरह से शासन किया जा रहा है।

# पेज एक का शेष

### टीएमसी के...

शुक्रवार का हमला केंद्रीय अधिकारियों पर नहीं बल्कि 'संघीय ढांचे पर' था।' उन्होंने कहा, 'केंद्र ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है और हम पूरी गंभीरता से इसकी जांच करेंगे।' दिलचस्प बात यह है कि एक स्थानीय टीएमसी विधायक श्रीकांतो महतो ने भीड़ के हमले को उचित ठहराते हुए इसे 'जानो रोश (जनता का गुस्सा)' कहा। उन्होंने कहा, 'ग्रामीणों को कैसे पता चलेगा कि कौन आया है। यह डकैत हो सकते हैं। यह वर्दीधारी चोर हो सकते हैं जो ताले तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं इसलिए उन्होंने सोचा कि उन्हें अपने प्रिय नेता के घर की रक्षा करनी चाहिए और वे उसे बचाने के लिए भागे।' तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, 'भाजपा छिटपुट छापेमारी करवाकर ईडी से टीएमसी नेताओं को बदनाम करने का काम करवा रही है... यह चुनाव से पहले लोगों को भड़काने के लिए किया जा रहा है ताकि सत्ताधारी पार्टी का नाम खराब हो... लेकिन वे सफल नहीं होंगे।' घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांतो मजूमदार ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसी पर हमला बंगाल के लोगों के भविष्य का प्रतिबिंब है और 'यह इस बात का संकेत है कि रोहिंग्या राज्य में कानून और व्यवस्था के लिए क्या कर रहे हैं।' राज्य के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने सरकारी अधिकारियों पर हमले को 'भारत के संविधान और संप्रभुता पर हमला बताया। उन्होंने कहा, इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए... घटना की एनआईए जांच के आदेश दिए जाने चाहिए।' उन्होंने एक्स पर लिखा, 'भयानक पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति जर्जर है। संदेशखाली में ईडी अधिकारियों और सीआरपीएफ जवानों पर बेरहमी से हमला; उत्तर 24 परगना जिले में टीएमसी नेता शेख शाहजहां के घर पर छापेमारी की गई। मुझे संदेह है कि रोहिंग्या राष्ट्रविरोधी हमलावरों में मौजूद हैं।' सूत्रों ने कहा कि ईडी और सीआरपीएफ ने दिल्ली में अपने संबंधित अधिकारियों को दो समानांतर रिपोर्ट भेजी है। इस बीच, पायनियर संवाददाता ने शुक्रवार के हमले के पीछे मुख्य मास्टरमाइंड माने जाने वाले टीएमसी के कद्दावर नेता एसके शाहजहां पर निम्नलिखित रिपोर्टें एकत्र कीं। तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता एसके शाहजहां का प्रभाव उत्तर और दक्षिण 24 परगना के एक बड़े हिस्से पर है। उन्होंने वाम शासन के दौरान एक सीपीआई (एम) कार्यकर्ता के रूप में शुरुआत की, लेकिन 2014 के बाद जब वह इसमें शामिल हुए तो एक 'सामाजिक कार्यकर्ता' के रूप में उभर के कर सामने आए। उन्हें जब यह भरोसा हो गया कि वामपंथियों के निकट भविष्य में सत्ता में लौटने की कोई संभावना नहीं है तो वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए।

### घटिया दवा...

इसके अलावा मिर्गी रोधी लेवेतिरसेटम और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) की दवा एमलोडेपिन भी शामिल है। उपराज्यपाल के समक्ष दाखिल सतर्कता विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, 43 दवाओं के नमूने सरकारी प्रयोगशाला भेजे गए थे, जिनमें से तीन मानकों पर खरी नहीं उतरीं और 12 की रिपोर्ट लंबित है। 43 अन्य नमूनों को निजी प्रयोगशाला भेजा गया था, जिसमें से पांच मानकों पर खरा नहीं उतरे। एमलोडेपिन, लेवेतिरसेटम और पैंटोप्राजोल जैसी दवाएं सरकारी व निजी दोनों प्रयोगशालाओं में मानकों पर खरी नहीं उतरीं। वहीं सेफैलेक्सिन और डेक्सामेथासोन निजी प्रयोगशालाओं में हुए परीक्षणों में घटिया साबित हुईं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस मामले को लेकर शहर के स्वास्थ्य सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### जमा देने...

बीएसईएस के एक प्रवक्ता ने कहा कि बीआरपीएल (बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड) और बीवाईपीएल (बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड) ने अपने क्षेत्रों में क्रमश: 2,379 मेगावाट और 1,136 मेगावाट की चरम बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल), जो बिजली की आपूर्ति करती है कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि उत्तरी दिल्ली ने 1,735 मेगावाट की चरम बिजली मांग को पूरा किया। सुबह दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में बहुत घना कोहरा देखा गया, जिसके कारण उड़ान संचालन, रेल और सड़क परिवहन में देरी और व्यवधान हुआ। पालम में सुबह 8.30 बजे विजिबिलिटी 50 मीटर थी। रेलवे अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, खराब दृश्यता के कारण कम से कम 22 ट्रेनें देरी से चलीं। आईएमडी ने कहा कि ऊपरी स्तर का कोहरा आमतौर पर तब घना रहता है जब पर्याप्त नमी के बीच परिवहन स्तर पर हवा की गति धीमी होती है। इससे कोहरा कमजोर नहीं हो पाता। आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में भी भीषण ठंड का अनुभव होगा। इसके अलावा, यह उम्मीद की जाती है कि पंजाब और राजस्थान के अलग-अलग स्थान शीत लहर की चपेट में आ जाएंगे, जिससे पूरे उत्तरी क्षेत्र में सर्दी बढ़ जाएगी। आईएमडी ने अपने दैनिक बुलेटिन में कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम राजस्थान के अधिकांश हिस्सों और पूर्वी राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान 6-10 डिग्री सेल्सियस के बीच है। 8 जनवरी तक पश्चिमी विक्षोभ के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में मामूली वृद्धि होने की उम्मीद है। दिल्ली में 8 जनवरी की रात या 9 जनवरी के शुरुआती घंटों में बूंदाबांदी होने की संभावना है।

### भारतीय नौसेना...

ताज़ा हमला ऐसे समय में हुआ है जब लाल सागर से कई जहाजों का मार्ग बदल दिया गया है। यमन के ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों ने गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं, जहां इज़राइल हमास से लड़ रहा है। पिछले महीने एक ड्रोन हमले में भारत के तट से 200 समुद्री मील (370 किलोमीटर) दूर एमवी केम लूटो टैंकर पर हमला किया गया था। नवीनतम अपहरण की घटना अरब सागर में अज्ञात हमलावरों द्वारा माल्टीज़-ध्वज वाले एक व्यापारिक जहाज पर कब्जा करने के कुछ दिनों बाद हुई, जिससे समुद्री डकैती फिर से सुर्खियों में आ गई। जहाज ने संकेत दिया था कि छह 'समुद्री डाकू' उस पर चढ़ गए थे। भारतीय नौसेना ने समुद्री डाकुओं द्वारा घायल होने के बाद चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए अपहृत मालवाहक जहाज पर सवार 18 चालक दल के सदस्यों में से एक बल्गेरियाई नागरिक को बाहर निकाला। नाविक को अग्रिम पंक्ति के जहाज आईएनएस कोच्चि द्वारा निकाला गया। 23 दिसंबर को, लाइबेरिया के झंडे वाला एक व्यापारिक जहाज, एमवी केम प्लूटो, जिसमें 21 भारतीयों सहित 22 लोग सवार थे, पोरबंदर से लगभग 220 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में ड्रोन हमले का शिकार हो गया, जब वह न्यू मैंगलोर जा रहा था। एमवी केम प्लूटो घटना के एक दिन बाद एक गैबॉन-ध्वज वाले वाणिज्यिक तेल टैंकर एमवी साईं बाबा 25 भारतीय चालक दल के सदस्यों के साथ भारत जा रहा था, वह भी दक्षिणी लाल सागर में ड्रोन हमले का शिकार हो गया। कोई हताहत नहीं हुआ। समुद्री डाकुओं के हमले 2008 और 2013 के बीच चरम पर थे, लेकिन भारतीय नौसेना सहित बहु-राष्ट्रीय समुद्री कार्य बल के ठोस प्रयासों के कारण उसके बाद लगातार गिरावट आई।

# नेपाल को 7.5 करोड़ डॉलर देगा भारत : जयशंकर

## भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के लिए मदद

भाषा। काठमांडू

**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत पिछले साल आए भूकंप से प्रभावित नेपाल के पश्चिमी जिले में बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए 7.5 करोड़ डॉलर का वित्तीय पैकेज देगा। जयशंकर ने यह टिप्पणियां काठमांडू में नेपाल के अपने समकक्ष एन पी सौद के साथ त्रिभुवन विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य पुनर्निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन करने के दौरान कीं। ए परियोजनाएं नेपाल में 2015 में आए भूकंप के बाद शुरू की गई थीं। जयशंकर 2024 में विदेश की अपनी पहली यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत को पिछले साल नवंबर में नेपाल के पश्चिमी हिस्सों में आए भूकंप से हुई तबाही और लोगों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ।उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के लोगों और नेतृत्व के प्रति एकजुटता व्यक्त की और हरसंभव सहायता करने की प्रतिबद्धता जताई थी। उन्होंने कहा, मैंने कल प्रधानमंत्री (पुष्प कमल दहल) प्रचंड को इन प्रभावित जिलों में बुनियादी ढांचे के पुन: निर्माण के लिए 7.5 करोड़ डॉलर यानी 1,000 करोड़ नेपाली रुपए का वित्तीय पैकेज देने के अपने फैसले के बारे में कल ही बता दिया था। जयशंकर ने कहा, हम नेपाल के लोगों के साथ खड़े हैं और इस पर नेपाल सरकार के प्रयासों में मदद करते रहेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने पड़ोस खासकर नेपाल में साझेदारों के साथ अपने संबंधों को फिर से परिभाषित करते रहने के लिए प्रतिबद्ध है।



### विदेश मंत्री जयशंकर ने काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन किए

**काठमांडू।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को नेपाल के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किए और दोनों देशों के लोगों की कुशलक्षेम तथा भारत-नेपाल संबंधों के लिए प्रार्थना की।जयशंकर 2024 में अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे।उन्होंने यात्रा के दूसरे दिन देश में अपने कार्यक्रमों की शुरुआत करने से पहले सुबह-सुबह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन किए।जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारे दोनों देशों के लोगों के कुशलक्षेम और भारत-नेपाल संबंधों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धा का एक पौधा भी लगाया।काठमांडू के पूर्वी बाहरी भाग में पवित्र बागमती नदी के किनारे स्थित पशुपतिनाथ नेपाल में सबसे प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है। दुनियाभर से हजारों हिंदू श्रद्धालु इस मंदिर के दर्शन करने आते हैं।सदियों पुराना यह मंदिर हिंदू देवता शिव को समर्पित है और वह पशुओं के संरक्षक पशुपति के अपने अवतार में यहां विराजमान हैं।

## कैलिफोर्निया में एक और हिंदू मंदिर पर हमला , खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए

भाषा। सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)

**अमेरिका के** कैलिफोर्निया राज्य में एक प्रमुख हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना के दो सप्ताह बाद एक बार फिर राज्य के एक और हिंदू मंदिर को खालिस्तान समर्थक नारे लिखकर विरूपित किया गया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने कहा कि अज्ञात व्यक्तियों ने बाऊ क्षेत्र के हेवर्ड में विजयाज शेरावाली मंदिर में तोड़फोड़ की। यह घटना न्यूयॉर्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर में भारत विरोधी नारों के साथ तोड़फोड़ की घटना के कुछ सप्ताह बाद हुई है। एचएएफ ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया, बे एरिया के एक और हिंदू मंदिर पर खालिस्तान समर्थक नारों के साथ हमला किया गया। हेवर्ड, सीए में विजयाज शेरावाली मंदिर में तोड़फोड़ की यह घटना स्वामीनारायण मंदिर पर हमले के ठीक दो सप्ताह बाद और उसी क्षेत्र में शिव दुर्गा मंदिर में चोरी की घटना के एक सप्ताह बाद हुई है।

## क्विक न्यूज

### मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अगले सप्ताह करेंगे चीन की यात्रा

**बीजिंग।** मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू आठ से 12 जनवरी तक चीन की यात्रा करेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह घोषणा की।मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के करीबी माने जाने वाले मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत के करीबी मित्र इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराने के बाद मालदीव के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। वर्ष पूर्व राष्ट्रपति यामीन के 2013 से 2018 तक राष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान चीन के साथ घनिष्ठ संबंध थे, इसलिए मुइज्जू को चीन का मित्र बताया जा रहा है।चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुइज्जू चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर चीन की यात्रा कर रहे हैं। मुइज्जू के पूर्ववर्ती भारत के साथ व्यापक द्विपक्षीय संबंधों और मालदीव से निकटता को देखते हुए पहले भारत का दौरा किया करते थे, जिसके बाद चीन का नंबर आता था लेकिन हाल के दिनों में चीन ने मालदीव में कुछ प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश कर द्वीपीय राष्ट्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है।

### दुनिया देखेगी मेरा भाई की कहानी

**अमेजन।** ऐमजॉन मिनीटीवी अपनी आनेवाली कॉमेडी-ड्रामा सीरीज, मेरा भाई के जरिए दर्शकों के लिए भाई-भाई के प्यार की एक दिल को हिला देने वाली कहानी प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस स्ट्रीमिंग सेवा ने आज जज्बातों से भरपूर ट्रेलर को पेश करते हुए इस सीरीज की घोषणा कर दी। प्यार की नई ऊँचाईयों का पता लगाते हुए और भाई-भाई के रिश्ते की ताकत को प्रदर्शित करते हुए, यह दर्शकों को बेहद ज्यादा जोश और जज्बात से भरे सफर पर ले जायेगी, जिसमां दो बिल्कुल ही अलग तरह के भाई हैं जिन्हें एक-दूसरे से ताकत मिलती है। बद्री चव्हाण और चिन्मय चंद्रांशु की अहम अदाकारियों वाली, यह 5-एपिसोड्स की सीरीज द स्क्रीन पट्टी द्वारा प्रोड्यूस की गई है और 05 जनवरी से खास तौर पर ऐमजॉन मिनीटीवी पर निःशुल्क स्ट्रीम होगी। मेरा भाई दो भाइयों, बिट्टू और सिट्टू की दास्ताँ बयाँ करती है, जो अपने रिश्ते के उतार-चढ़ाव और उनके परिवारवालों के सामने पेश आनेवाली रोजमर्रा की परेशानियों के बीच से गुजरते उनके सफर को पर्दे पर उतारती है। इसका ट्रेलर उनके प्यार और नफरत वाले रिश्ते की एक झलक दिखाता है, जो हर घटना के साथ और भी बेहतर और मजबूत होता जाता है। भाई-भाई के अटूट बंधन को उजागर करती यह सीरीज छोटे भाई सिट्टू की आजादख्याली के साथ-साथ बड़े भाई बिट्टू की सादगी और समझदारी को दर्शाती है। जैसे-जैसे भाईयों की ये जोड़ी अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करते हुए जिंदगी के सफर से गुरती हैं, वे दोनों अपने रिश्ते की गहराई और एक-दूसरे की जिंदगी में अपनी-अपनी कीमत को समझते हैं।

### साउथ डकोटा वायुसेना अड्डे पर बी। विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** साउथ डकोटा के एल्सवर्थ वायु सेना अड्डे का एक बी-। लांसर बमवर्षक विमान बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके चालक दल के सभी चार सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वायु सेना ने यह जानकारी दी।एल्सवर्थ में 28वें बॉम्ब विंग ने एक बयान में बताया कि बी-। आज (बृहस्पतिवार) शाम लगभग पांच बजकर 50 मिनट पर वायु सेना अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के समय यह एक प्रशिक्षण मिशन पर था। विमान में चार लोग सवार थे और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।हवाई क्षेत्र की स्थितियों को रिकॉर्ड करने वाले स्वचालित मौसम रिपोर्टिंग उपकरण के अनुसार, दुर्घटना के समय शून्य तापमान और बादल छाए रहने की वजह से अड्डे पर दृश्यता काफी कम थी। बी-। एक सुपरसोनिक बमवर्षक विमान है, जिसे 1980 के दशक में पहली बार सेवा में शामिल किया गया था। इसका उपयोग एशिया-प्रशांत क्षेत्र और अफगानिस्तान में अमेरिकी अभियानों में हवाई सहायता मिशन के दौरान किया गया था। इसमें परमाणु हथियारों को लाने-ले जाने की अनुमति नही होती।

### विक्रमसिंघे ने तमिलों की मांग के हल के रूप में भारत की ओर से प्रस्तावित 13ए का समर्थन किया

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने अल्पसंख्यक तमिल समुदाय की राजनीतिक स्वायत्तता की लंबे अरसे से लंबित मांग के समाधान के लिए भारत द्वारा प्रस्तावित 13वें संशोधन को लागू किए जाने का शुक्रवार को समर्थन किया।भारत, श्रीलंका पर 13वें संशोधन को लागू करने के लिए जोर देता रहा है , जिसे वर्ष 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद किया गया था। 13ए संशोधन तमिल समुदाय की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करता है।तमिल बहुल उत्तरी प्रांत की राजधानी जाफना में पेशेवरों के एक समूह को संबोधित करते हुए विक्रमसिंघे ने कहा कि सत्ता में भागीदारी केवल एक राजनीतिक अवधारणा नही, बल्कि एक आर्थिक वास्तविकता भी होनी चाहिए। वर्ष 1987 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी नीत भारत सरकार के सीधे हस्तक्षेप के बाद 13ए श्रीलंका के संविधान का हिस्सा बना था।श्रीलंका में उत्तर और पूर्व प्रांतो के अस्थाई विलय के साथ नौ प्रांतो के लिए नौ प्रांतीय परिषदो का गठन किया गया। उत्तर और पूर्व प्रांत को लेकर तमिल अल्पसंख्यक दावा करते है कि यह उनकी पारंपरिक मातृभूमि है। विक्रमसिंघे ने कहा, अगर हम 13वें संशोधन के प्रावधानों पर गौर करें तो इसमें एक मजबूत स्थानीय अर्थव्यवस्था की स्थापना के लिए पर्याप्त अधिकार है। हम उन मामलो मे हस्तक्षेप न करने की प्रतिज्ञा लेते है। मै आपको पहल करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा हूं।

### अमेरिका की चेतावनी के बाद हूती विद्रोहियों ने जहाजों पर हमला करने के लिए समुद्री ड्रोन छोड़ा

वाशिंगटन। हूती विद्रोहियो के नियंत्रण वाले यमन का एक सशस्त्र मानवरहित समुद्री ड्रोन बृहस्पतिवार को लाल सागर मे अमेरिकी नौसेना और वाणिज्यिक जहाजो के कुछ मील के दायरे आ गया और उसके बाद उसमे विस्फोट हो गया।यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और 12 सहयोगी देशो ने बुधवार को हूती विद्रोहियो को चेतावनी देते हुए कहा कि वे लाल सागर में जहाजों पर हमले बंद करें अन्यथा संभावित सैन्य कार्वाई का सामना करने के लिए तैयार रहें।पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के अभियान प्रमुख वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि यह पहली बार है जब हूती विद्रोहियो ने इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने और लाल सागर मे वाणिज्यिक जहाजो पर शुरू किए गए हमलो के बाद से एक मानवहित जहाज या यूएसवी का इस्तेमाल किया है। हालांकि, उन्होने पूर्व मे इनका इस्तेमाल किया है।अंतरराष्ट्रीय सामरिक अध्ययन संस्थान में मिसाइल विशेषज्ञ फैबियन हिन्ज ने कहा कि यूएसवी हूती के समुद्री शस्त्रागार का अहम हिस्सा है और उनका यमन के युद्ध मे दखल देने वाले सऊदी गठबंधन के खिलाफ लड़ाइयो मे इस्तेमाल किया गया है। उनका अक्सर आत्मघाती नौकाओ के रूप मे इस्तेमाल किया जाता है।हिन्ज ने बताया कि हूती की ज्यादातर यूएसवी यमन में बनाई जाती है लेकिन उसमें लगाए जाने वाले उपकरण अक्सर ईरान मे बनाए जाते है।

### क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच मध्य बगदाद में हवाई हमले में ईरान समर्थित मिलिशिया नेता की मौत

बगदाद। मध्य बगदाद मे ईरान समर्थित मिलिशिया के मुख्यालय पर बृहस्पतिवार को अमेरिकी हवाई हमले मे एक उच्च पदस्थ मिलिशिया कमांडर की मौत हो गई। मिलिशिया के अधिकारियो ने यह जानकारी दी। इजराइल-हमास युद्ध के कारण बढ़ते क्षेत्रीय तनाव और आसपास के देशो मे इसके असर पड़ने की आशंका के बीच बृहस्पतिवार को यह हमला हुआ। इराक के अधिकारियो द्वारा अमेरिकी नेतृत्व वाली गठबंधन सेना पर देश छोड़ने के लिए दबाव डालने के बीच यह हमला हुआ है। इराकी सेना के नाममात्र नियंत्रण वाली पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स (पीएमएफ) मिलिशिया का एक गठबंधन है। पीएमएफ ने एक बयान मे घोषणा की कि बगदाद में इसके संचालन के उप प्रमुख अबू तक्वा को अमेरिकी हमले मे मार दिया गया। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने नाम नही छापने की शर्त पर बृहस्पतिवार को हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि अबू तक्वा को निशाना बनाया गया था क्योंकि वह अमेरिकी कर्मियो पर हमलो मे सक्रिय रूप से शामिल था। अबू तक्वा की पहचान हरकत अल-नुजाबा समूह के नेता के रूप में की गई थी। वह समूह पीएमएफ के भीतर मिलिशियाओ मे से एक था। पीएमएफ को 2019 मे अमेरिका ने एक आतंकवादी संगठन नामित किया था। इराकी सेना के प्रवक्ता एहिया रसूल ने एक बयान में कहा कि इराकी सेना इराकी सेना द्वारा दी गई शक्तियो के अनुसार काम कर रहे एक इराकी सुरक्षा संगठन पर अकारण हमले के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बलो को दोषी ठहराती है। अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन का प्राथमिक मिशन सुन्नी चरमपंथी आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट से लड़ना है, जो 2017 में अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र पर अपनी पकड़ खोने के बावजूद इराक में समय-समय पर हमले करना जारी रखे हुए है।

### अमेरिका : बम की सूचना के बाद कई राज्यों में सरकारी इमारतों को खाली कराया गया

**जैक्सन (अमेरिका)।** अमेरिका के कई राज्यो की सरकारी इमारतों को बम की सूचना के बाद खाली करा दिया गया, जिसकी वजह से कुछ स्थानों पर लगातार दूसरे दिन काम मे बाधा उत्पन्न हुई।मिसिसिपी कैपिटल, अरकांसस, हवाई, मेन, मोनटाना और न्यू हैम्पशायर मे स्थित अदालत परिसरो को खाली कराकर तलाशी ली गई लेकिन तत्काल कोई विस्फोटक बरामद नही हुआ, जिसके बाद इमारतो को जनता के लिए फिर से खोल दिया गया।कई राज्यों के अधिकारियो को बुधवार को ईमेल के जरिए बम होने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद कई राज्यो की राजधानियो मे नाकाबंदी कर दी गई और एक दिन बाद फिर से सरकारी इमारतो को खाली कराने की यह ताजी घटना सामने आई। सरकारी इमारतो मे बम होने की ए धमकियां हाल के दिनो मे अधिकारियो के घरो पर गोलीबारी की झूठी खबरो के बाद आई है।जैक्सन के मिसिसिपी मे अधिकारियो ने कहा कि राज्य के सुप्रीम कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद अधिकारियो ने क्षेत्र को खाली करा लिया और खोजी कुत्तो को इमारत के चारो ओर फैला दिया।एफबीआई ने कहा कि उसे बृहस्पतिवार को कई फर्जी घटनाओं की जानकारी मिली।

### श्रीलंका ने 21 भारतीय मछुआरों को चेन्नई वापस भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने देश के जलक्षेत्र मे अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप मे नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए 21 भारतीय मछुआरो को शुक्रवार को चेन्नई वापस भेज दिया। नौसेना ने कहा कि 2023 में उसने श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप मे 240 भारतीय मछुआरो को गिरफ्तार कर 35 नौकाएं जब्त की थी। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर लिखा,"थोड़ी देर पहले 21 भारतीय मछुआरो को श्रीलंका से चेन्नई वापस भेजा गया है। मछुआरो का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधो मे एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की थी और श्रीलंकाई जलक्षेत्र मे अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं मे उनकी नौकाएं जब्त कर ली थी।

### खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन बच्चों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे बकरियां चराने के दौरान बारूदी सुरंग विस्फोट की चपेट में आने से कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।उसने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से सटे उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले के मीर अली तहसील मे बुधवार को यह घटना घटी।पुलिस के मुताबिक खजोरी इलाके मे ए तीनो चरवाहे बच्चे मैदान मे बकरियां चरा रहे थे, उसी दौरान एक बच्चा बारूदी सुरंग पर चला गया। ए बच्चे अक्सर अपने परिवार की बकरियो को चराने के लिए इस मैदान में लाया करते थे। वे पांच से 15 साल तक के थे।उसने बताया कि उनके शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल मे ले जाए गए। उसके मुताबिक किसी भी संगठन ने इस घटना की जिम्मेदारी नही ली है।

### अमेरिका में 17 वर्षीय लड़के ने की गोलीबारी, छठी कक्षा के छात्र की मौत

**पेरी (अमेरिका)।** अमेरिका के आयोवा राज्य मे सर्दियो की छुट्टियो के बाद स्कूल खुलने के पहले दिन बृहस्पतिवार को 17 वर्षीय छात्र ने गोलीबारी कर छठी कक्षा के छात्र की हत्या कर दी और पांच अन्य को घायल कर दिया।आयोवा मंडल के अपराध जांच अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ताओं का मानना है कि पेरी मे एक स्कूल मे संदिग्ध छात्र ने खुद को भी गोली मार ली। प्राधिकारियो ने बताया कि घायलो मे से एक प्रशासक था और उनकी पहचान पेरी हाई स्कूल के प्राचार्य डैन मार्बर्गर के रूप मे की गई है।प्राधिकारियो ने हमलावर की पहचान 17 वर्षीय डायलान बटलर के रूप में की है और अभी यह नही बताया कि घटना का उद्देश्य क्या था। उसके दो मित्रो और मां ने बताया कि बटलर चुप रहने वाला व्यक्ति था जिसे कई वर्षो से परेशान किया जा रहा था।पेरी मे 8,000 लोग रहते है और वह डेस मोइनेस से करीब 65 किलोमीटर उत्तरपश्चिम मे स्थित है।

### न्यूयॉर्क में सबवे ट्रेन एक अन्य ट्रेन से टकराने के बाद पटरी से उतरी, 20 से अधिक लोग घायल

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर की एक सबवे ट्रेन बृहस्पतिवार को एक अन्य ट्रेन से टकराने के बाद पटरी से उतर गई जिससे 20 से अधिक लोग घायल हो गए और मैनहट्टन मे ट्रेन सेवाएं बाधित हो गई। प्राधिकारियो ने बताया कि घायलो को मामूली चोटें आई है। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ट्रांजिट अधिकारियो ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे करीब 300 यात्रियो को ले जा रही एक ट्रेन और मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) की सेवा से बाहर एक ट्रेन की 96वें स्ट्रीट स्टेशन पर भिड़ंत हो गई।शहर के आपात प्रबंधन अधिकारियो द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीरो मे पटरी बदलने वाले क्षेत्र मे यात्री ट्रेन को आंशिक रूप से पटरी से उतरे हुए देखा गया।

# ब्लिंकन के दौरे से पहले इजराइली रक्षा मंत्री ने गाजा युद्ध के अगले चरण का खाका प्रस्तुत किया

भाषा। राफा (गाजा पट्टी)



**इजराइल के** रक्षा मंत्री ने बृहस्पतिवार को गाजा में युद्ध के अगले चरण का अपना खाका प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे इजराइली सेना उत्तरी गाजा में अपनी नई युद्ध नीति के तहत हमलों में कमी लाते हुए जब तक आवश्यक होगा तब तक दक्षिणी क्षेत्र में हमास से जंग जारी रखेगी। अमेरिकी विदेश मंत्री के दौरे से पहले याओव गैलेंट ने एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें हमास को हराने के बाद गाजा को कैसे चलाया जाएगा इस बात का जिक्र है। प्रस्ताव में कई अहम चीजें शामिल हैं जैसे क्षेत्र में इजरायल सुरक्षा नियंत्रण रखेगा या नहीं जो फिलहाल अपरिभाषित है, प्रशासनिक गतिविधियों के लिए इजराइल के दिशा-निर्देशों वाली फलस्तीनी इकाई होगी और अमेरिका तथा अन्य देश गाजा के पुनर्निर्माण की देखरेख करेंगे आदि।युद्ध की समाप्ति के बाद गाजा का भविष्य क्या होगा इसको लेकर इजराइल पर भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव बना हुआ है हालांकि अभी तक इजराइल ने इस बारे में कोई दृष्टिकोण जाहिर नहीं किया है। इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल और क्षेत्र के अन्य देशों के साथ वार्ता करेंगे, जिसमें यह मुद्दा उनके एजेंडे में रहने की संभावना है। करीब तीन महीने से जारी बमबारी और जमीनी हमलों के बाद अमेरिका ने इजराइल पर गाजा में हमलों की तीव्रता कम करने और सिर्फ और सिर्फ हमास को निशाना बनाने के लिए दबाव डाला है।लेकिन गैलेंट द्वारा तैयार खाके के कई प्रावधानों की अस्पष्टता के कारण यह आकलन करना मुश्किल हो गया है कि वे अमेरिका की बातों से कितना इत्तेफाक रखते हैं।गैलेंट ने युद्ध के तीसरे चरण के लिए दृष्टिकोण नाम का एक दस्तावेज जारी किया है। गैलेंट के कार्यालय ने बताया हालांकि यह चरण अभी शुरू नहीं हुआ है। कार्यालय ने बताया कि ए विचार गैलेंट के हैं न कि इजराइल की आधिकारिक नीति, जिसे इजराइल की युद्ध एवं सुरक्षा कैबिनेट द्वारा निर्धारित किया जाना होगा।

# पाकिस्तान : सीनेट ने आठ फरवरी के आम चुनाव में देरी की मांग करने वाला प्रस्ताव पारित किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद के उच्च सदन सीनेट ने ठंड के मौसम और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए आम चुनाव में देरी किए जाने की मांग करने संबंधी एक प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने से आठ फरवरी को प्रस्तावित आम चुनावों से पहले राजनीतिक अनिश्चितता पैदा हो गई है। निर्दलीय सांसद दिलावर खान ने उच्च सदन में यह प्रस्ताव पेश किया ,जिसे पारित कर दिया गया। वहीं, सूचना मंत्री मुर्तजा सोलांगी और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी ने इस कदम का विरोध किया। सांसद खान ने कहा कि देश के ज्यादातर क्षेत्रों में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है, इसलिए उन क्षेत्रों के लोगों का चुनाव में भाग ले पाना संभव नहीं होगा। सुरक्षा स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है और राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जिसमें जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) प्रमुख फजलुर रहमान पर हमले की घटना भी शामिल है। उन्होंने कहा, यहां तक कि बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा (प्रांत) में भी सुरक्षा बलों पर हमला किया जा रहा है। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार यह प्रस्ताव केवल 14 सांसदों की मौजूदगी में पारित किया गया। सीनेट के इस कदम से देश में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने पर संदेह जताया और 2022 में उन्हें सत्ता से अमेरिका के दबाव में हटाए जाने की बात दोहराई। पाकिस्तान सरकार और अमेरिकी विदेश विभाग खान के आरोपों को पहले ही खारिज कर चुका है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया गया है और उन पर कई अन्य मामलों में भी मुकदमा चल रहा है। पाकिस्तान में चुनावों के बारे में पूछे गए सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, हम पाकिस्तान में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न होते देखना चाहते हैं।

# विवादित समुद्री सीमा पर उत्तर कोरिया ने किया सैन्य अभ्यास

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया ने दोनों देशों के बीच विवादित समुद्री सीमा पर तोप अभ्यास किया, जो 2018 के सैन्य समझौते का उल्लंघन है।दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को विवादित पश्चिमी समुद्री सीमा के उत्तर में समुद्र में 200 गोले दागे।दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के इस अभ्यास को उकसावे की कार्वाई बताया हालांकि उसे कोई नुकसान नहीं हुआ।दक्षिण कोरियाई द्वीप एओनपयोंग में रहने वाले लोगों का कहना है कि दक्षिण कोरियाई सेना ने उन्हें जगह खाली करने के लिए कहा है क्योंकि वह शुक्रवार शाम या रात में इसी तरह के अभ्यास को शुरू करने की योजना बना रही है।वहीं उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अधिकारियों को मिसाइलों के लिए मोबाइल लॉन्च वाहनों का उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि किम ने दुश्मनों के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के मद्देनजर यह आदेश दिया है और वह इस बात पर जोर दे रहे हैं कि दूसरे देशों के लिए उनके हमलों का पता लगाना मुश्किल हो।किम के आदेश की यह खबर व्हाइट हाउस के एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है। अमेरिका ने एक बयान में कहा था कि अमेरिकी खुफिया विभाग ने पाया है कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस को बैलिस्टिक मिसाइल लांचर की आपूर्ति की। अमेरिका और उसके सहयोगी पहले भी उत्तर कोरिया पर अपने सैन्य कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए रूसी प्रौद्योगिकियों के बदले में रूस को तोपें और गोला-बारूद भेजने का आरोप लगा चुके हैं। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी की खबर के मुताबिक, किम ने एक फैक्टरी का दौरा किया, जो ट्रांसपोर्ट इरेक्टर लॉन्चर (टीईएल) को बनाने का काम करती है हालांकि यह नहीं बताया गया कि वह कब गए या फैक्टरी कहां है। टीईएल एक ऐसा वाहन है, जिसकी मदद से उत्तर कोरिया अपने क्षेत्र के चारों ओर मिसाइलों को ला या फिर ले जा सकता है।

# इंडोनेशिया में दो ट्रेन की भिड़ंत में कम से कम चार लोगों की मौत

भाषा। बांडुंग (इंडोनेशिया)



**इंडोनेशिया के** मुख्य द्वीप जावा में शुक्रवार को दो ट्रेन की भिड़ंत होने से कई डिब्बे पलट गए और कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय रेलवे पीटी केरेटा एपी इंडोनेशिया के प्रवक्ता आएप हनापी ने बताया कि यह हादसा वेस्ट जावा के बांडुंग शहर में किकालेंग्का स्टेशन से करीब 500 मीटर की दूरी पर हुआ। उन्होंने बताया कि ईस्ट जावा प्रांत की राजधानी सुराबाया से 287 यात्रियों को लेकर बांडुंग जा रही एक ट्रेन ने सुबह करीब साढ़े छह बजे किकालेंग्का स्टेशन से पडालारांग जा रही एक यात्री ट्रेन को टक्कर मारी।हनापी ने कहा, दोनों दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे में 28 लोग घायल हुए। उन्होंने बताया कि 22 लोगों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से ज्यादातर को सिर में चोटें आई हैं। वेस्ट जावा के पुलिस प्रवक्ता इब्राहिम टोम्पो ने बताया कि ट्रेन के चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई है जिसमें यात्री ट्रेन का चालक और उसका सहायक भी शामिल है। टेलीविजन वीडियो में कई डिब्बे पलटे हुए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त और एम्बुलेंस को घायलों को ले जाते हुए देखा गया। एक डिब्बा नजदीकी खेत में गिरा दिखाई दिया।परिवहन मंत्रालय की प्रवक्ता अदिता इरावती ने दुर्घटना और जावा द्वीप पर रेल सेवाओं में बाधा के लिए माफी मांगी है। उन्होंने बताया कि हादसे की वजह की अभी जांच की जा रही है और रेल सेवा बहाल करने पर काम किया जा रहा है। इंडोनेशिया के दशकों पुराने रेल सड़क नेटवर्क खासतौर से क्रॉसिंग पर ट्रेन दुर्घटनाएं आम हैं।

# मांसपेशियों को बनाए रखना महत्वपूर्ण, मजबूत रहना जटिल

भाषा। ग्रेटर सडबरी (कनाडा)

**लगभग** एक-तिहाई कैंसर रोगियों की मृत्यु उस दुष्प्रभाव से होती है जिसके बारे में आपने शायद कभी नहीं सुना होगा और वह है कैंसर कैशेक्सिया। कैशेक्सिया के साथ, एक मरीज का वजन उसकी बीमारी के कारण काफी कम हो जाता है, साथ ही मांसपेशियों का भी काफी नुकसान होता है। मांसपेशियाँ गति, व्यायाम और चयापचय में आवश्यक भूमिका निभाती हैं। सीढ़ियाँ चढ़ना, कपड़े धोना और सांस लेने जैसी साधारण चीजें केवल मांसपेशियों के कारण ही संभव हैं। कैंसर रोगियों के लिए कैशेक्सिया के महत्व के बावजूद, इस स्थिति के इलाज में बहुत कम प्रगति हुई है। कैंसर कैशेक्सिया वास्तव में क्या है? कैंसर कैशेक्सिया शरीर के वजन में अनजाने में होने वाली कमी है जो मुख्य रूप से मांसपेशियों को प्रभावित करती है। इसका निदान तब किया जाता है जब एक कैंसर रोगी छह महीने में अपने शरीर का वजन पांच प्रतिशत से अधिक खो देता है। 180 पाउंड (82 किलोग्राम) वजन वाले व्यक्ति के लिए, यह नौ पाउंड या चार किलोग्राम वजन कम होने के बराबर होगा। कंकाल की मांसपेशी एक उल्लेखनीय अंग है जो नियमित रूप से अपनी मरम्मत और पुनर्निर्माण कर सकती है। मांसपेशियां हर दिन टूटती और पुनर्निर्माण करती हैं। जब हम व्यायाम करते हैं, तो हम मांसपेशियों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिसकी मरम्मत करके मांसपेशियों को और भी मजबूत बनाया जाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति में, यह दिन-प्रतिदिन मांसपेशियों को संतुलित और अपेक्षाकृत अपरिवर्तित रखता है। हालाँकि, कैशेक्सिया जैसी स्थिति में, यह प्रणाली संतुलित नहीं होती।कैशेक्सिया के दौरान, हम मांसपेशियों के टूटने के लिए जिम्मेदार मार्गों में वृद्धि देखते हैं और मांसपेशियों के पुनर्निर्माण के लिए जिम्मेदार मार्गों में कमी देखते हैं। इन परिवर्तनों के परिणामस्वरूप धीरे-धीरे और लगातार मांसपेशियों के ऊतकों का टूटना होता है, जिसके परिणामस्वरूप मांसपेशियों की हानि होती है। इस मांसपेशी हानि का अर्थ खोई हुई ताकत और बढ़ी हुई थकान भी है। मांसपेशियों की अत्यधिक हानि के कारण अंततः हृदय और फेफड़े ठीक से काम करना बंद कर सकते हैं।

### दक्षिण कोरिया के सहयोग से एआई तकनीक से उपचार

दुनिया में होम्योपैथिक क्लिनिक्स की सबसे बड़ी चेन, डॉ. बत्राज़ हेल्थकेयर ने एक अग्रणी नवाचार की पेशकश की है। उन्होंने बालों की समस्याओं के उपचार हेतु ज्यादा तेज, बेहद निजीकृत और सटीकता से मापने योग्य परिणामों के लिये एआई पर आधारित उपचार लॉन्च किये हैं। मुख्य अतिथि अशोक तिवारी, वाराणसी के महापौर और श्रीमती नीलू मिश्रा, इंटरनेशनल एथलीट (यूपी के सीएम से रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार प्राप्त) के साथ डॉ. बत्राज़ ग्रुप से सीनियर मैनेजर, मोनिका गोयल कार्यक्रम में मौजूद थी। डॉ. बत्राज़ एआइ हेयर उपचार के बारे में डॉ तेजल अजमेरा पटेल, हेड-फ्रैंचाइजी, एम. डी (होम्यो), फेलोशिप- होम्योपैथी डर्मैटोलॉजी, फेलोशिप मेडिकल कॉस्मेटोलॉजी, डॉ. बत्राज़ हेल्थकेयर ने कहा, 'डॉ. बत्राज़ में हम अपने मरीजों की सेहत को लेकर प्रतिबद्ध हैं और अपने मरीजों की अच्छे से देखभाल करना ही हमारा मुख्य मिशन है। सुरक्षित, बिना किसी चीरे के एवं प्रभावी उपचार प्रदान करने के लिए वचनबद्ध हमारे अनुभवी स्किन एवं हेयर विशेषज्ञों की टीम ने बेहतरीन होम्योपैथ के साथ एक संपूर्ण वैज्ञानिक मूल्यांकन किया। इससे हमारी महत्वपूर्ण आधुनिक ए आई टेक्नोलॉजी ए आई हेयर प्रो का जन्म हुआ। यह भारत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसे खासतौर से बालों से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए डिजाइन किया गया है। हमने 250 साल पुरानी मशहूर होम्योपैथी की परंपरा के साथ दुनिया की आधुनिक टेव?नोलॉजी का संयोजन किया है, हमें भरोसा है कि हम अपने मरीजों को बेहतर परिणाम देंगे। ये उपचार बेहद प्रभावी एवं सुरक्षित हैं और हमारे मरीजों की सेहत को प्राथमिकता देने के हमारे समर्पण पर जोर देते हैं। यह अभिनव प्रणाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करती है। यह न केवल हर मामले में अपेक्षित प्रगति का अनुमान लगाती है और उसकी सटीकता बढ़ाती है, बल्कि तेज और बेहतर परिणामों के लिए व्यक्तिगत उपचार भी तैयार करती है।

## भारतीय मूल के अमेरिकी 10 लाख डॉलर से अधिक की चोरी को लेकर गिरफ्तार

**न्यूयार्क।** न्यूयार्क में घायल श्रमिकों की चिकित्सकीय देखभाल करने वाले डॉक्टरों से 10 लाख डॉलर की चोरी करने के इरादे से चिकित्सा बिल देने वाले भारतीय मूल के 61 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यहां अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने यह जानकारी दी।न्यूयार्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स ने घोषणा की कि बुधवार को अमरीष पटेल और उनकी दो कंपनियों-- मेडलिंक सर्विसेज और मेडलिंक पार्टनर्स को जनवरी, 2012 से जनवरी, 2019 तक कथित रूप से चोरी करने का आरोपी ठहराया गया।पटेल और उसकी कंपनियों पर बीमा धोखाधड़ी, बड़ी चोरी, धोखाधड़ी, कारोबारी रिकार्ड में जालसाजी तथा श्रमिकों की क्षतिपूर्ति में ठगी के आरोप लगे हैं।न्यूयार्क के अटॉर्नी जनरल कार्यालय के मुताबिक 100,000 डॉलर का बांड भरने के बाद पटेल को इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के साथ रिहा किया गया।

# टिटास की घातक गेंदबाजी से भारत जीता

## पहला टी-20, आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया

भाषा। नवी मुंबई


साधू के 17 रन पर चार विकेट

**भारतीय महिला** टीम ने टिटास साधू (17 रन देकर चार विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (54 रन) और शेफाली वर्मा (नाबाद 64 रन) के अर्धशतकों से शुक्रवार को यहां तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर।-0 से बढ़त बनाई। मंधाना ने 52 गेंद में 54 रन और शेफाली ने 44 गेंद में नाबाद 64 रन की पारी खेली। जॉर्जिया वारेहैम ने भारतीय पारी का एकमात्र विकेट झटका। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने टिटास साधू (17 रन देकर चार विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत से शुक्रवार को यहां तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में आस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 141 रन पर समेट दिया। साधू के अलावा दीप्ति शर्मा ने 24 रन देकर दो श्रेयंका पाटिल ने 19 रन देकर दो विकेट झटके। साधू के शुरू में तीन विकेट झटकने के बाद फोबे लिचफील्ड (49 रन) और एलिसे पैरी (37 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी निभाकर आस्ट्रेलिया को इस स्कोर तक पहुंचाया। साधू ने पावरप्ले में अपने पहले स्पैल में तीन ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट झटके, जिसमें उन्होंने बेथ मूनी (17), तहलिया मैकग्रा (शून्य) और एशले गार्डनर (शून्य) के विकेट लिए। दाएं हाथ की इस तेज गेंदबाज ने अपने अंतिम ओवर (पारी का 18वां) में अनाबेल सदरलैंड (12) के रूप में अपना चौथा विकेट हासिल किया। वनडे श्रृंखला में बल्लेबाजी में शीर्ष पर रहीं लिचफील्ड ने टी20 में भी अपनी फॉर्म जारी रखी लेकिन अर्धशतक से चूक गईं। उनकी पारी में तीन छक्के और चार चौके जड़े थे जिससे उन्होंने 32 गेंद में 49 रन बनाए। पैरी ने दो चौके और इतने ही छक्के से 30 गेंद में 37 रन का योगदान दिया। भारत ने अपने क्षेत्ररक्षण में काफी सुधार किया और काफी रन रोके। लेकिन 12वें ओवर में लिचफील्ड जब 27 रन पर थी, तब उनका कैच छूटा। दीप्ति की गेंद पर वह रिवर्स स्वीप करने की कोशिश कर रही थीं लेकिन रेणुका सिंह और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच हुए भ्रम से कैच छूट गया। लिचफील्ड 15वें ओवर में अमनजोत कौर (23 रन देकर एक विकेट) का शिकार हुईं जिनका कैच भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लपका। हरमनप्रीत ने मैच में चार कैच लपके।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया** : हीली का हरमनप्रीत बो रेणुका 08,मूनी का हरमनप्रीत बो साधू 17, मैक्ग्रा का वस्त्राकर बो साधू 00,पैरी का अमनजोत बो दीप्ति 37, गार्डनर का एवं बो साधू 00,लिचफील्ड का हरमनप्रीत बो अमनजोत 49,हैरिस पगबाधा बो पाटिल 01,सदरलैंड का हरमनप्रीत बो साधू 12, वारेहैम का अमनजोत बो पाटिल 05, शट पगबाधा बो शर्मा 01,ब्राउन नाबाद 00, अतिरिक्त : 11, **कुल** : 19.2 ओवर में 141 रन पर सभी आउट , **विकेट पतन** :I-28, 2-32, 3-32, 4-33, 5-112, 6-119, 7-135, 8-135, 9-137, **गेंदबाजी**: रेणुका 4-0-24-I,वस्त्राकर 2-0-28-0, साधू 4-0-17-4, पाटिल 3.2-0-19-2, शर्मा 4-0-24-2, कौर 2-0-23-I

**भारत** : मंधाना का मैक्ग्रा बो वारेहैम 54,वर्मा नाबाद 64,रोड्रिग्स नाबाद 06,अतिरिक्त : 21, कुल : 17.4 ओवर में एकविकेट पर 145 रन,**गेंदबाजी** : डार्सी 2-0-10-0, शट 4-0-26-0,सदरलैंड 2-0-21-0,गार्डनर 4-0-24-0, मैक्ग्रा 2-0-31-0, वारेहैम 3.4-0-20-I

# आस्ट्रेलिया ने भारत को पीछे धकेला


## टेस्ट रैंकिंग में भारत को शीर्ष स्थान से हटाया

भाषा। दुबई



**केपटाउन में** सात विकेट की जीत से दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की श्रृंखला ड्रा कराने के बावजूद भारत को शुक्रवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया ने शीर्ष स्थान से हटा दिया। आस्ट्रेलिया ने अपनी सरजमीं पर चल रही तीन मैच की श्रृंखला में पाकिस्तान पर 2-0 की अजेय बढ़त बनाई हुई है जिसकी मदद से टीम रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचने में सफल रही। श्रृंखला का तीसरा मैच सिडनी में खेला जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार, आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर नंबर एक टेस्ट टीम बनने में मदद की। पिछली बार आस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत के बाद थोड़े समय के लिए शीर्ष पर रहा था। रैंकिंग में पिछले अपडेट में भारत के पास आस्ट्रेलिया के साथ 118 रेटिंग अंक बराबर होने के बावजूद ज्यादा अंक थे। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की श्रृंखला।-। से बराबर रहने के कारण भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से पिछड़ गई। आईसीसी ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला।-। से बराबर होने और आस्ट्रेलिया के पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच में जीत से पैट कमिंस की टीम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। विज्ञप्ति के अनुसार, यह आस्ट्रेलिया के लिए साल की ताजा उपलब्धि है, उसने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जीत हासिल की थी। भारत हालांकि न्यूलैंड्स में जीत के बाद चार टेस्ट में 54.16 प्रतिशत अंक के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है। इन चार टेस्ट में दो जीत, एक हार और एक ड्रा शामिल है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दक्षिण अफ्रीका दूसरे, न्यूजीलैंड तीसरे और आस्ट्रेलिया चौथे स्थान पर है। प्रत्एक टीम के 50 प्रतिशत अंक हैं। आईसीसी ने साथ ही कहा, आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच चल रहा तीसरा टेस्ट तथा भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला से टेस्ट टीम रैंकिंग में और बदलाव होगा जिसमें महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक और शीर्ष स्थान भी शामिल हैं।

## अखिल भारतीय स्नूकर ओपन में हिस्सा लेंगे आडवाणी



**मुंबई।** कई बार के विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी छह से 19 जनवरी तक यहां होने वाले अखिल भारतीय स्नूकर ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में शामिल होंगे। टूर्नामेंट बॉल्कलाइन 3.0 की कुल पुरस्कार राशि 18.5 लाख रुपए है और इसमें पिछले साल के विजेता लक्ष्मण रावत, उप विजेता आदित्य मेहता और राष्ट्रीय चैम्पियन सौरव कोठारी भी शिरकत करेंगे। कोठारी ने 2022 में शुरूआती चरण का खिताब जीता था। देश के कई अन्य स्नूकर खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट 32 खिलाड़ियों के क्वालीफाइंग ड्रा से शुरू होगा जो मुख्य ड्रा में सीधे प्रवेश करने वाले 32 खिलाड़ियों के साथ जुड़ जाएंगे। मुख्य ड्रा 13 जनवरी से शुरू होगा। विजेता को पांच लाख रुपए जबकि उप विजेता को ढाई लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी। सेमीफाइनल में हारने वाले खिलाड़ियों को एक एक लाख रुपए जबकि क्वार्टरफाइनल में हारने वाले चार खिलाड़ियों को 50 हजार रुपए मिलेंगे।

## टी20 विश्व कप 2024 : भारत नौ जून को पाक से भिड़ेगा

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता नौ जून को आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप ए मैच में देखने को मिलेगी जिसमे दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीम न्यूयॉर्क मे एक दूसरे के सामने होगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम शुक्रवार को जारी हुआ जिसमे भारत को ग्रुप ए मे पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को न्यूयॉर्क मे आयरलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। पाकिस्तान से खेलने के बाद भारत 12 जून को न्यूयॉर्क मे सह मेजबान अमेरिका से भिड़ेगा और फिर कनाडा के खिलाफ 15 जून को अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलने के लिए फ्लोरिडा रवाना होगा। वेस्टइंडीज और अमेरिका टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी कर रहे है। इसमे 20 टीम खेलेंगी जिन्हें पांच पांच के चार ग्रुप मे बांटा गया है। इससे यह अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप बन गया है। आस्ट्रेलिया मे 2022 मे हुए पिछले चरण 16 टीम ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट की शुरुआत एक जून को अमेरिका और कनाडा के बीच मैच से होगी। सेमीफाइनल 26 जून को गुयाना और 27 जून को त्रिनिदाद मे होगे जबकि फाइनल मैच बारबाडोस मे 29 जून को खेला जाएगा। इंग्लैंड मौजूदा चैम्पियन है जिसने नवंबर 2022 मे मेलबर्न मे पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। ग्रुप चरण के मैच एक से 18 जून तक जबकि सुपर 8 मैच 19 से 24 जून तक खेले जाएंगे। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सुपर 8 मे जगह बनाएंगी। फिर इन टीम को चार चार के दो ग्रुप मे बांटा जाएगा। सुपर 8 के प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल मे पहुंचेगी। वेस्टइंडीज मे छह और अमेरिका मे तीन स्टेडियम में कुल 55 खेले जाएंगे। ग्रुप एः भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, अमेरिका। ग्रुप बीः इंग्लैड, आस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान। ग्रुप सीः न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफ्गानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी। ग्रुप डीः दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड, नेपाल।

## यूडब्ल्यूडब्ल्यू चाहता है कि आईओए और डब्ल्यूएफआई सहयोग करें, चुनावों पर आईओए की पुष्टि का इंतजार

नई दिल्ली। यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाईटेड वर्ल्ड रेसलिंग) के प्रमुख नेनाद लालोविच चाहते है कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) सहित सभी हितधारक सहयोग करें ताकि भारतीय पहलवानों को खेल में चल रही अनिश्चितता से कोई असुविधा नहीं हो और वे महत्वपूर्ण ओलंपिक वर्ष मे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मे हिस्सा ले सकें। लालोविच ने आईओए तदर्थ पैनल के कुश्ती प्रभारी को लिखे अपने पत्र मे कहा कि अगर आईओए आधिकारिक पुष्टि देता है तो यूडब्ल्यूडब्ल्यू नए भारतीय कुश्ती महासंघ को मान्यता देने को तैयार है। इस साल कई ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होने है और महिला पहलवान अंतिम पंघाल ही एकमात्र भारतीय है जिन्होंने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई किया है। वही अन्य पहलवानों ने बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के विरोध प्रदर्शन के कारण एक साल से अधिक समय तक ट्रेनिंग शिविर और प्रतियोगिताएं नही होने के कारण निराश किया है। ए तीन शीर्ष पहलवान महिला पहलवानो के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप मे डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है।

## प्रज्ञानांनदा की सफलता भारत के अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : गौतम अडाणी

चेन्नई। भारतीय शतरंज प्रतिभा आर प्रज्ञानांनदा को दिग्गज व्यवसाई गौतम अडाणी के रूप मे नया प्रशंसक मिला जिन्होने गुरुवार को इस 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर का सहयोग करने के फैसले की घोषणा की। अडाणी ने एक्स पर प्रज्ञानांनदा के साथ मुलाकात की अपनी फोटो साझा की जिसमे उन्होने चेन्नई के इस स्टार खिलाड़ी को भारत के अनगिनत युवाओ के लिए प्रेरणास्रोत करार दिया। अडाणी ने लिखा, प्रज्ञानांनदा का समर्थन करना सौभाग्य की बात है, वह शतरंज की दुनिया मे लगातार परचम लहरा रहे है और भारत को गौरवान्वित कर रहे है। उन्होंने लिखा, उनकी सफलता अनगिनत युवा भारतीयो के लिए यह भरोसा दिलाने के लिए प्रेरणा है कि पोडियम पर खड़े होकर देश की महानता का जश्न मनाने से ज्यादा संतुष्टिदायक कुछ भी नही है।

## मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर हार्पर को सिर में चोट के कारण अस्पताल ले जाया गया

**मेलबर्न।** बिग बैश लीग की टीम मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर सैम हार्पर को शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर ट्रेनिंग सत्र के दौरान सिर मे चोट लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया।हार्पर सिर मे चोट लगने के बाद होश मे थे और उनकी हालत स्थिर है। उन्हे एंबुलेंस मे अस्पताल ले जाया गया जहां रात को उनके स्कैन किए जाएंगे।हार्पर के क्लब ने बयान मे कहा कि जानकारी मिलने पर वह खिलाड़ी के स्वास्थ्य को लेकर अपडेट देगे। मेलबर्न स्टार्स ने बयान मे कहा, आज शाम एमसीजी मे ट्रेनिंग के दौरान बल्लेबाजी करते समय सैम हार्पर के सिर मे चोट लग गई और उन्हे बाद मे अस्पताल ले जाया गया। क्लब ने कहा, हम चाहते है कि आप इस समय उनकी निजता का सम्मान करे। क्लब जानकारी मिलने पर आगे के अपडेट उपलब्ध कराएगा। इस बीच ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के अनुसर हार्पर क्रॉस-बैट शॉट खेलने का प्रयास कर रहे थे जब गेंद उनकी ठोढ़ी पर लगी जिससे बड़ा कट लग गया।

## सालेर्निटाना को 6-। से हराकर यूवेंटस इटैलियन कप के क्वार्टर फाइनल में

**तुरिन (इटली)।** यूवेंटस ने एक गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सिरी ए मे अंतिम स्थान पर चल रहे सालेर्निटाना को 6-। से हराकर इटैलियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। डिफेंडर फेडेरिको गेटी की गलती का फायदा उठाकर चुक्वुबुइकेम इक्वुमेसी ने 59वें सेकेंड मे ही सालेर्निटाना को बढ़त दिला दी थी। यूवेंटस ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए फाबियो मिरेती, आंद्रिया केम्बियासो, डेनियल रुगानी, केनान यिलडिज और टिमोथी वीह के गोल से आसान जीत दर्ज की। सालेर्निटाना के डिफेंडर डाइलन ब्रोन ने आत्मघाती गोल भी दागा।

## अरुणाचल का तवांग पांच फरवरी से करेगा क्याकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग मे अगले महीने तवांग चू नदी पर पूर्वोत्तर के सबसे बड़े क्याकिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। तिब्बत की दो नदियां इस तवांग चू नदी मे मिलती है जिसके बाद यह भूटान मे जाने के बाद अंत मे ब्रह्मपुत्र मे विलीन हो जाती है। टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार क्याकिंग टूर्नामेंट तवांगचू टाइड्स पांच फरवरी से शुरू होगा और छह दिन की रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद 10 फरवरी को समाप्त होगा। तवांग समुद्र तल से 10,000 से ज्यादा फीट की ऊंचाई पर और चीन की सीमा के करीब स्थित है और यहां होने वाले क्याकिंग टूर्नामेंट मे दुनिया भर के 130 खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। एक क्याकर (क्याकिंग खिलाड़ी) के कौशल और शैली की परीक्षा के लिए नौ स्पर्धा वर्ग होंगे।


## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की अगुआई करेंगी अवनि

मेलबर्न। प्रतिभावान गोल्फर अवनि प्रशांत इस महीने होने वाले प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर चैंपियनशिप मे भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी जिसमे दो पुरुष और दो महिला गोल्फर शामिल है। पेशेवर बनने की अपनी योजना को कुछ समय के लिए टालने वाली 17 साल की अवनि दोनों प्रतियोगिताओं मे हीना कांग के साथ खेलेंगी जबकि पुरुष वर्ग मे संदीप यादव और रोहित चुनौती पेश करेंगे।

## लखनऊ की जीत से शुरुआत, प्रयागराज को 13 रन से हराया

**लखनऊ।** अभिनव शुक्ला 45 व मयूर शुक्ला 39 की उम्दा पारी के बाद ऋषि सिंह सेंगर 3 विकेट की उपयोगी गेंदबाजी से पिछले संस्करण की विजेता मेजबान लखनऊ ने ऑल इंडिया मीडिया प्रीमियर लीग 2024 के मैच में जीत से शुरुआत की। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर खेले गए उद्घाटन मैच में लखनऊ ने प्रयागराज को 13 रन से मात दी। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 144 रन बनाए। टीम से मयूर शुक्ला ने 27 गेंदों पर 7 चौके से 39 रन व अभिनव शुक्ला ने 36 गेंदों पर 6 चौके से 45 रन की पारी खेलते हुए दूसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी की। प्रयागराज से अनुराग द्विवेदी व अमित श्रीवास्तव को दो.दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में प्रयागराज रोमांचक मुकाबले में निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 131 रन ही बना सका।

# दूसरे टेस्ट में रवैए में बदलाव से चीजें बदलीः राहुल




## पहले टेस्ट में अतिरिक्त आक्रामकता की कमी थी

**केप टाउन।** लोकेश राहुल ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में हार के दौरान भारतीय टीम में अतिरिक्त आक्रामकता नहीं थी लेकिन मानसिक बदलाव ने दूसरे टेस्ट में चीजें बदल दीं। भारत सेंचुरियन में पहला टेस्ट पारी और 32 रन से हार गया था लेकिन टीम ने गुरुवार को यहां दूसरे टेस्ट में दो दिन के भीतर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज कर श्रृंखला।-। से ड्रॉ करा दी। राहुल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि हम बल्लेबाजी या गेंदबाजी के मामले में अपने पिछले मैच के दौरान वास्तव में शत प्रतिशत नहीं थे। हम तैयार थे लेकिन अतिरिक्त धार या अतिरिक्त आक्रामकता गायब थी। इसका श्रेय दक्षिण अफ्रीका को भी जाता है कि उन्होंने आत्मविश्वास के उस स्तर तक नहीं पहुंचने दिया। राहुल ने झटके से जल्दी उबरने के लिए टीम की सराहना की। केवल योजना और रवैए में थोड़ा सा बदलाव हुआ था। मेरा मतलब है कि हम यह नहीं कह सकते कि हम पिछले टेस्ट मैच के दौरान तैयार नहीं थे। हम तैयार थे लेकिन ऐसी परिस्थितियां होती हैं जहां प्रतिद्वंद्वी वास्तव में आपको मुकाबले से बाहर कर देता है या हम इसके आदी नहीं थे। राहुल ने कहा, पिछले चार-पांच वर्षों से हम एक ऐसी टीम रहे हैं जो वास्तव में प्रतिस्पर्धी है और हमने भारत के बाहर श्रृंखला जीती है इसलिए हम इसके लिए तैयार नहीं थे। यह हमारे लिए झटका था। उन्होंने कहा, लेकिन यह बताता है कि हम टेस्ट क्रिकेट खेलने का कितना आनंद लेते हैं और हम अपने देश के लिए खेलने को कितना महत्व देते हैं और भारत के बाहर टेस्ट जीत हमारे लिए कितनी मायने रखती है। दो पारियों में 245 और 131 रन पर आउट होने के बाद भारत को खराब तैयारी के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपनी एकमात्र पारी में 408 रन बनाए थे।

### रोहित ने सकारात्मकता बनाए रखने में मदद कीः यशस्वी

**केपटाउन।** यशस्वी जायसवाल को यह स्वीकार करने मे कोई झिझक नही है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला चुनौतीपूर्ण थी और उन्होने कहा कि भारतीय कप्तान कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने मे मदद की।सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क और केपटाउन के न्यूलैंड्स की उछालभरी पिचो पर जायसवाल चार पारियो मे केवल 50 रन ही बना सके। दो टेस्ट मैच की श्रृंखला।-। से बराबर रही। दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी मे 79 रन के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान 23 गेंद मे 28 रन की तेज पारी खेलने वाले जायसवाल ने कहा, रोहित शर्मा मुझे सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने मे मदद करते है और हमे नई गेंद के खिलाफ तेजी से रन बनाने की जरूरत है। मै बस अच्छी शुरुआत देना चाहता था और मेरे दिमाग मे यही सब था क्योकि हमे मैच जीतना था। पिछली तीन पारियो मे और इस पारी मे भी मैने यही किया। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी जानता है कि उछाल और पिच से मिलने वाली मूवमेंट से निपटने के लिए सुधार करने की जरूरत है। जयसवाल ने कहा, हां, यह दौरा मेरे लिए सीखने वाला अनुभव रहा है। अलग माहौल और हर मायने मे यह एक सुखद अनुभव रहा है।

# कोहली और जडेजा सोबर्स ट्रॉफी की दौड़ में

## साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के लिए अश्विन की चुनौती

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और शीर्ष ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में हैं। कोहली और जडेजा को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और टीम के उनके साथी ट्रेविस हेड से चुनौती मिलेगी। आईसीसी ने शुक्रवार को कहा कि अश्विन को हेड और ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी उस्मान ख्वाजा के अलावा इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। कोहली ने 2023 में टेस्ट और वनडे में 35 मैच में 2048 रन बनाए जिसमें विश्व कप के दौरान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने वाला 50वां एकदिवसीय शतक भी शामिल है। जडेजा ने 35 मैच में 613 रन बनाने के अलावा 66 विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल की शुरुआत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 विकेट चटकाए थे।कमिंस ने 24 मैच में 422 रन बनाए और 59 विकेट लिए। उनकी अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने एशेज, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और एकदिवसीय विश्व कप में खिताब जीता। हेड 2023 में बल्ले से जोरदार फॉर्म में थे। उन्होंने 31 मैच में 1698 रन बनाए जिसमें भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल और एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में शतक भी शामिल हैं।

### शॉर्ट गेंद के खिलाफ अय्यर की परेशानी चिंता का विषय

**केपटाउन।** केपटाउन मे दूसरे टेस्ट की शुरुआत से पूर्व वैकल्पिक ट्रेनिंग सत्र के दौरान श्रेयस अय्यर सीधे न्यूलैंड्स स्टेडियम के बाहर थ्रोडाउन का सामना करने गए थे। दो थ्रोडाउन विशेषज्ञ बाएं हाथ के नुवान सेनाविरत्ने और राघवेंद्र बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ के साथ अय्यर को 18 गज की दूरी से अभ्यास करा रहे थे। इसके पीछे विचार मुंबई के इस बल्लेबाज को शॉर्ट गेंदो का सामना करने के लिए तैयार करना था जो पदार्पण के बाद से सभी प्रारूपो मे उनके लिए परेशानी का सबब रही है। अय्यर ने कुछ मिनट ही अभ्यास किया था कि एक थ्रोडाउन पर गेंद उछलती हुई उनके शरीर की तरफ आई। दूरी कम होने के कारण गेंद की गति 150 किमी प्रति घंटा से अधिक थी। अय्यर का बल्ला समय पर नीचे नही आ पाया और गेंद उनके पेट मे जाकर लगी। अय्यर ने अपना बल्ला फेंक दिया और वह काफी दर्द मे नजर आए।

## जमाल ने पाकिस्तान को दिलाई बढ़त पर ऑस्ट्रेलिया की जोरदार वापसी



**सिडनी।** तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान को शुक्रवार को यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में बढ़त दिलाई लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी करते हुए मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने तीसरे दिन स्टंप से पहले के सत्र में 68 रन तक पाकिस्तान के सात विकेट चटकाकर उसे एक और संभावित हार की ओर धकेल दिया। जोश हेजलवुड नौ रन देकर चार विकेट चटका चुके हैं जबकि मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और ट्रेविस हेड के खाते में एक-एक विकेट आया। पाकिस्तान की कुल बढ़त 82 रन की है। दिन का खेल खत्म होने पर मोहम्मद रिजवान छह रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जमाल ने अभी खाता नहीं खोला है। पाकिस्तान की दूसरी पारी में सैम अयूब (33) और बाबर आजम (23) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए हैं। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पिछला टेस्ट 1995 में यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ही जीता था। जमाल ने इससे पहले 69 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 299 रन पर समेटकर पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार विकेट 10 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर 2020 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट में पहली पारी में बढ़त गंवाई है।

# चिराग जानी के पांच विकेट से सौराष्ट्र मजबूत

## रणजी ट्रॉफी राउंडअप

भाषा। राजकोट

**तेज गेंदबाज** चिराग जानी के पांच विकेट और सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई के अर्धशतक से गत चैंपियन सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के पहले दौर के मुकाबले के पहले दिन झारखंड के खिलाफ अपना पलड़ा भारी रखा। जयदेव उनादकट की अगुआई में सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और चिराग (22 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी की मदद से झारखंड को सिर्फ 49 ओवर में 142 रन पर समेट दिया। चिराग ने प्रथम श्रेणी करियर में पहली बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। सौराष्ट्र ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 108 रन बनाए लिए हैं और वह झारखंड के पहली पारी के स्कोर से सिर्फ 34 रन पीछे है। झारखंड के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र (29) और नदीम (27) ही कुछ देर टिककर बल्लेबाजी कर पाए। सौराष्ट्र ने बल्लेबाजी में भी घरेलू हालात का पूरा फायदा उठाया और हार्विक (नाबाद 54) तथा शेल्डन (नाबाद 37) के बीच दूसरे विकेट की 81 रन की अटूट साझेदारी से अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली।

### कौशिक के सात विकेट और पडिक्कल के अर्धशतक से कर्नाटक ने पंजाब पर शिकंजा कसा

**हुबली (कर्नाटक)।** तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक के सात विकेट और देवदत्त पडिक्कल के नाबाद अर्धशतक की मदद से कर्नाटक ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन पंजाब पर शिकंजा कस दिया। कौशिक ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए 41 रन देकर सात विकेट चटकाए जिससे पंजाब की टीम पहली पारी मे 152 रन पर सिमट गई। पंजाब के लिए नेहल वढेरा ने 79 गेंद मे 44 रन की पारी खेली। मेजबान टीम इसके जवाब मे पडिक्कल की नाबाद 80 रन की पारी से स्टंप तक तीन विकेट पर 142 रन बनाकर बढ़त हासिल करने के करीब पहुंच गई है।

### मध्य प्रदेश ने बनाए सात विकेट पर 291 रन

**देहरादून।** वेंकटेश अय्यर की 89 रन की पारी की मदद से मध्य प्रदेश ने शुक्रवार को यहां उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के शुरूआती दिन सात विकेट पर 291 रन बनाए। सुबह के सत्र मे मध्य प्रदेश ने 72 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन अय्यर की 13 चौके जड़ित 110 गेंद की पारी से उबरने मे सफल रही। अय्यर को सारांश जैन के रूप मे अच्छा जोड़ीदार मिला। स्टंप तक सारांश 87 रन बनाकर खेल रहे है और दूसरे छोर पर अनुभव अग्रवाल ने 12 रन बना लिए है। उत्तराखंड के लिए राजन कुमार और मयंक मिश्रा ने दो दो विकेट झटके। ग्रुप डी के एक अन्य मैच मे जम्मू कश्मीर को पहली पारी मे हिमाचल प्रदेश ने 100 रन पर समेट दिया जिसमे वैभव अरोड़ा ने चार और ऋषि धवन ने तीन विकेट चटकाए।

### अनुस्तुप का शतक, बंगाल ने बनाए चार विकेट पर 289 रन

*विशाखापट्टनम।* अनुस्तुप मजूमदार ने पिछले सत्र की शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शतक जड़ा जिससे बंगाल ने शुक्रवार को यहां आंध्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के शुरूआती दिन स्टंप तक चार विकेट पर 289 रन बनाए।

### दिल्ली ने चार विकेट गंवाकर 40 रन बनाए

दिल्ली मे चल रहे मैच मे केवल 19 ओवर ही डाले जा सके जिसमे घरेलू टीम ने चार विकेट गंवाकर 40 रन बनाए। पुडुचेरी के लिए गौरव यादव और अबिन मैथ्यू ने दो दो विकेट चटकाए। दिल्ली के कप्तान यश धुल दो रन बनाकर आउट हुए जबकि उनके सलामी जोड़ीदार लक्ष्य थरेजा ने 19 रन बनाए। वड़ोदरा मे ओड़िशा के खिलाफ बड़ौदा ने ज्योत्सनिल सिंह (73 रन), मितेश पटेल (नाबाद 94 रन) और अतीत सेठ (नाबाद 56 रन) के अर्धशतको से स्टंप तक छह विकेट गंवाकर 322 रन बना लिए।

# नडाल चूककर क्वार्टरफाइनल में हारे

## ब्रिसबेन टूर्नामेंट



**ब्रिसबेन।** चोट के कारण एक साल बाद वापसी कर रहे राफेल नडाल शुक्रवार को यहां ब्रिसबेन इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में तीन मैच प्वाइंट चूककर जोर्डन थाम्पसन से हारकर बाहर हो गए। इस दौरान 22 बार के मेजर चैम्पियन को मेडिकल टाइम आउट भी लेना पड़ा। वह दूसरे सेट के 10वें गेम में एक मैच प्वाइंट और टाईब्रेकर में दो बार मैच प्वाइंट को अंक में बदलने से चूक गए। जिससे 55वें नंबर के थाम्पसन ने 5-7, 7-6 (6), 6-3 से जीत हासिल की। आस्ट्रेलियाई ओपन 14 जनवरी से शुरू हो रहा है। नडाल कूल्हे की चोट और सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन के कारण 2023 में ज्यादातर समय खेल से बाहर रहे। स्पेन के इस 37 साल के खिलाड़ी ने डोमिनिक थिएम और जेसन कुबलर पर सीधे सेटों में जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की। लेकिन तीसरे मैच में थाम्पसन ने उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया जो सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने जेम्स डकवर्थ पर 6-2, 7-6 (6) की जीत से सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रोमन सफीउलिन से होगा, जिन्होंने माटेओ अर्नाल्डी को 7-6 (4), 6-2 से हराया। महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत बेलारूस की हमवतन विक्टोरिया अजारेंका से होगी।

### युकी- हासे की जोड़ी सेमीफाइनल में

**ब्रिसबेन।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार रॉबिन हासे ने शुक्रवार को यहां नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटो मे हराकर ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत-नीदरलैंड की आठवी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 36 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 7-6 (5), 7-6 (6) से जीत हासिल की। सेमीफाइनल मे भांबरी-हासे की जोड़ी का सामना इंग्लैड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। पिछले साल 31 साल के भांबरी ने मार्लोका चैम्पियनशिप युगल प्रतियोगिता मे पहला एटीपी खिताब जीता था।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।